YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-05 | शनिवार, 01 फरवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



यमुना की सफाई पर करीब 8500 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी दिल्ली के लोगों को स्वच्छ पेयजल मयस्सर नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज यमुना का पानी नहाने लायक भी नहीं है।

हरीश रावत

कांग्रेस ने की सांसद मनोज राम के हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग 11

रक्सौल हवाई अड्डा निर्माण के लिए बाधा सीमा सतह सर्वेक्षण हुआ शुरू 12

प्रधानमंत्री ने आप पर दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने के लिये एटीएम पैसा निकालने की मशीन बनाने आरोप लगाया

# गरीबों के कल्याण के लिये भाजपा सरकार का बनाना जरूरी : मोदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी आप पर दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने के लिये एटीएम पैसा निकालने की मशीन बनाने आरोप लगाया और कहा कि गरीबों के कल्याण के लिये राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी भाजपा की सरकार बनाना जरूरी हो गया है।

श्री मोदी ने दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में अपराह्न भाजपा की एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एक दशक से अधिक समय से सत्तारूढ़ आप को आपदा की संज्ञा से संबोधित करते हुये आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर अपने आवास के निर्माण के लिये भारी धन खर्च करने को लेकर परोक्ष रूप से हमला किया। उन्होंने कहाए श्आप.दा सरकार ने केंद्र सरकार के बनाये हुये हजारों घर दिल्ली के गरीबों को नहीं सौंपे हैं। अपने लिए करोड़ों का शीश महल बनवाने वालों को गरीब का ये दर्द कभी समझ नहीं आयेगा। गरीबों के घर के लिए यहां भाजपा सरकार बननी जरूरी है।

उन्होंने कहा ये आप पार्टी के लोग टीवी पर अखबारों में सड़कों के किनारे अपने चेहरे चमकाने के लिये पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं लेकिन आपकी गली नाली सीवर सड़क पाइपलाइ इनको बनाने के लिये आपदा वाले पैसा नहीं देते। मेरा अपना तो कोई घर नहीं हैए लेकिन मेरा सपना है कि मैं हर गरीब को पक्का घर दूं।



**राजनीति**

- आप.दा सरकार पूरी ताकत से जुटी हुई है कि आपको पक्के घर न मिल पायें। बीते 11 साल में आप-दा ने सबके साथ लड़ाई.झगड़ा ही किया है।
- दस साल में पहला अवसर जब संसद सत्र से पूर्व विदेश से चिंगारी लगाने की कोई कोशिश नहीं हुई : प्रधानमंत्री
- आप ने दिल्ली को एटीएम बनायाए गरीबों के कल्याण के लिये भाजपा सरकार का बनाना जरूरी : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा यहां की आप.दा सरकार पूरी ताकत से जुटी हुई है कि आपको पक्के घर न मिल पायें। बीते 11 साल में आप-दा ने सबके साथ लड़ाई.झगड़ा ही किया है।

उन्होंने कहा कि ये केंद्र सरकार से लड़ते हैं ये हरियाणा वालों के साथ लड़ते हैं ये उत्तर प्रदेश वालों के साथ लड़ते हैं ये केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू नहीं होने देते हैं। उन्होंने कहा अगर दिल्ली में यही आप.दा वाले ही रहे तो दिल्ली विकास में पीछे रह जायेगी और बर्बाद होती जायेगी।

दिल्ली में तकरार वाली नहीं तालमेल वाली सरकार चाहिये ताकि मिल-जुल कर दिल्ली की हर बड़ी समस्या का समाधान हो।

श्री मोदी ने कहा हमें मिलकर दिल्ली को लूट और झूठ की आप.दा से मुक्त कराना है। आप.दा वालों ने दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने का एटीएम बना दिया है। आप.दा वालों ने दिल्ली का पैसा निचोड़ लिया है लूट लिया है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में घोटाले करके ये आप.दा वाले कालेधन से देश के दूसरे राज्यों में राजनीति चमकाते हैं। दिल्ली को केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन वाली सरकार चाहिये। प्रधानमंत्री ने कहा आपने पहले कितने ही साल कांग्रेस को देखा फिर दिल्ली पर आप.दा वालों ने कब्जा कर लिया और अब दिल्ली को आप.दा वालों से मुक्त कराना है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में तकरार वाली नहीं तालमेल वाली सरकार चाहिये ताकि मिलजुल कर दिल्ली की हर बड़ी समस्या का समाधान ● शेष पेज 11 पर

## राष्ट्रपति का अभिभाषण ऐसे भारत के विजन को दर्शाता है जहां युवाओं को फलने-फूलने के सर्वोत्तम अवसर मिलेंगे : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण की सराहना की तथा इसे विकसित भारत के निर्माण की दिशा में भारत की यात्रा का एक व्यापक दृष्टिकोण बताया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला तथा सर्वांगीण विकास के साथ-साथ भविष्योन्मुखी विकास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में ऐसे भारत का विजन समाहित है, जहां युवाओं को फलने-फूलने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के भाषण में पिछले दशक में हमारे राष्ट्र की सामूहिक उपलब्धियों का खूबसूरती से सारगर्भित वर्णन किया गया है और हमारी भविष्य की आकांक्षाओं को भी शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति जी द्वारा संसद के दोनों सदनों को आज दिया गया संबोधन, विकसित भारत के निर्माण की दिशा में हमारे राष्ट्र के मार्ग की एक स्पष्ट रूपरेखा थी। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में की गई पहलों पर प्रकाश डाला और सर्वांगीण तथा भविष्योन्मुखी विकास के महत्व को रेखांकित किया। उनके संबोधन में एक ऐसे भारत का विजन समाहित था, जहां युवाओं को फलने-फूलने के बेहतरीन अवसर ● शेष पेज 11 पर

# उप्र के गाजीपुर में सड़क हादसा, आठ लोगों की मौत

एजेंसी

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश में महाकुंभ स्नान के बाद प्रयागराज से तीर्थ यात्रियों को लेकर आ रहा वाहन गाजीपुर जिले के नन्दगंज थाना क्षेत्र के कुसुम्ही कला के पास हाई-वे पर शुक्रवार को हादसे का शिकार हो गया। इसमें आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 12 लोग घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गाजीपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गयी है। प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करके पिकअप से बांसगांव गोरखपुर निवासी करीब 20 श्रद्धालु वापस घर जा रहे थे, तभी नंदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुम्हीं के रेवसा ● शेष पेज 11 पर



**सड़क हादसा**

- मृतकों की पहचान का प्रयास किया जा रहा

# सीतारमण ने दिया आम बजट को अंतिम रूप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फरवरी 2025 को अपना आठवां आम बजट पेश कर एक नया इतिहास रचेंगी। वित्त मंत्री ने आज आम बजट 2025.26 को अंतिम रूप दिया। श्रीमती सीतारमण ने यहां नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में बजट की तैयारियों में लगे अधिकारियों और मंत्रालय के सचिवों से चर्चा की और बजट को अंतिम रूप दिया। इस दौरान वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद थे। यह मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट है और बजट आमतौर पर सुबह 11 बजे लोकसभा में पेश किया जाता है तथा उसके बाद उसे राज्यसभा के पटल पर भी रखा जाता है। वित्त मंत्री के रूप में श्रीमती सीतारमण का यह आठवां बजट होगा जिसमें अब तक उनके द्वारा पेश किए गए दो अंतरिम बजट भी शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार की पूरी कोशिश ● शेष पेज 11 पर



## राज्यसभा में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित पांच पूर्व सदस्यों को दी गई श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला और उच्च सदन के चार पूर्व दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गयी। संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संबोधित किए जाने के कुछ समय बाद उच्च सदन की बैठक शुरू हुई। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में भारत के आर्थिक विकास में डॉ सिंह योगदान की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया। सभापति ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह दो कार्यकाल के लिए भारत के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने छह बार राज्यसभा के सदस्य के रूप में कार्य किया। डॉ. सिंह को अर्थशास्त्र और सार्वजनिक ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### पुंछ की नियंत्रण पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो भारी हथियारों से लैस आतंकवादी ढ़ेर, हथियार और युद्ध जैसे सामान बरामद

पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पार से घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सेना ने दो भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना द्वारा इलाके में जारी तलाशी अभियान के दौरान कई हथियार और युद्ध जैसे सामान बरामद हुए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना गुरुवार को पुंछ जिले के खारी करमारा इलाके में हुई और आज सुबह अंतिम रिपोर्ट मिलने तक बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा था। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कल रात पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आतंकवादी गतिविधि का पता चला। सतर्क सैनिकों ने घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों पर तेजी से हमला किया जिसके बाद भीषण और भारी गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि रात भर अभियान जारी रहा जिसके परिणामस्वरूप दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि अब तक इलाके की तलाशी में कई हथियार और युद्ध जैसे सामान बरामद हुए हैं।

### उत्तरकाशी में लगातार भूकंप के झटके, दस दिन में नौवीं बार हिली धरती

देहरादून। उत्तरकाशी में भूकंप के झटकों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दस दिनों में यह नौवीं बार है जब जिले में धरती कांपी है। गुरुवार रात 7:32 बजे और फिर शुक्रवार सुबह 9:28 बजे हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### आर्थिक सर्वेक्षण दिखा रहा आईना, मनरेगा और एमएसएमई को मजबूत करे सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली,। कांग्रेस ने आर्थिक सर्वेक्षण को सरकारी नीतियों का आईना बताते हुए कहा है कि वर्तमान सर्वेक्षण में भी सरकार के लिए बहुत कुछ विचार करने योग्य है। पार्टी ने कहा है कि इसमें मनरेगा के महत्व को रेखांकित किया गया है और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में एमएसएमई को बढ़ावा देने का स्पष्ट संदेश है।

# मतदान की वीडियो क्लिप सुरक्षित रखे चुनाव आयोग : सुप्रीम कोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह मतदान की वीडियो क्लिप सुरक्षित रखें। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 से बढ़ाकर 1,500 करने के फैसले के खिलाफ याचिकाओं के लंबित रहने के दौरान मतदान की वीडियो क्लिप सुरक्षित रखने का आयोग को निर्देश दिय। पीठ ने कहाए श्हम प्रतिवादी संख्या 1 को सीसीटीवी रिकॉर्डिंग बनाए रखने का निर्देश देना उचित समझते हैंए जैसा कि वे पहले कर रहे थे। पीठ ने इंदु प्रकाश सिंह की ओर से दायर जनहित याचिका पर यह आदेश पारित किया। अदालत ने चुनाव आयोग के अधिवक्ता ने जनहित याचिका पर जवाब देने के लिए समय मांगने के बाद यह निर्देश दिया और आयोग को हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का और समय दिया। श्री सिंह ने भारत भर में प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए अगस्त 2024 में चुनाव आयोग के पत्राचार की वैधता को चुनौती दी है। शीर्ष अदालत ने 15 जनवरी को कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की याचिका पर केंद्र और चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। श्री रमेश ने हाल ही में 1961 के चुनाव नियमों में सीसीटीवी तक सार्वजनिक पहुंच न होने सहित अन्य संशोधनों के खिलाफ याचिका दायर की थी। अधिवक्ता सिंह ने कहा कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय मनमाना था और यह किसी भी आंकड़े पर आधारित नहीं था। न्यायालय ने 24 अक्टूबर को चुनाव आयोग को कोई नोटिस जारी करने से इनकार कर दियाए लेकिन याचिकाकर्ता को चुनाव आयोग के स्थायी वकील को प्रति देने की अनुमति दीए ताकि इस मुद्दे पर उसका रुख पता चल सके। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि चुनाव आयोग के निर्णय से महाराष्ट्र बिहार और दिल्ली में आगामी विधानसभा ● शेष पेज 11 पर




## छत्तीसगढ़ में एचएमपीवी वायरस की दस्तक, 3 साल के बच्चे की रिपोर्ट आई पॉजिटिव

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का एक मामला सामने आया है। करीब 3 साल के बच्चे में इस वायरस की पुष्टि हुई है। इस मामले में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रमोद तिवारी ने जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि बिलासपुर शहर के एक अस्पताल में भर्ती कारण साढ़े तीन साल के एक बच्चे में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का पता चला है, जो राज्य में इस तरह का पहला संक्रमण है। बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी ने आज बताया कि पड़ोसी कोरबा जिले के रहने वाले बच्चे को 27 जनवरी को सर्दी और खांसी के कारण यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

उन्होंने बताया कि इसमें एचएमपीवी का मामला होने का संदेह पर उसके स्वाब के नमूने जांच के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर भेजे गए थे, जिसकी रिपोर्ट में पुष्टि हुई है। एचएमपीवी संक्रमण की पुष्टि होने के बाद बच्चे को निजी अस्पताल में अन्य मरीजों से अलग ● शेष पेज 11 पर

# भारत की विकास यात्रा के अमृतकाल में सरकार तीन गुना तेज गति से कर रही काम : मुर्मु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। सरकार के तीसरे कार्यकाल में पिछली सरकारों की तुलना में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। राष्ट्रपति मुर्मु संसद में बजट सत्र के दौरान संयुक्त सदन को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने अभिभाषण में वक्फ बोर्ड और एक राष्ट्र-एक चुनाव जैसे कई मुद्दों पर लिए गए निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। यह प्रसन्नता की बात है। राष्ट्रपति ने अपना संबोधन शुरू करने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक चेतना का पर्व है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पांच लाख छत्तीस हज़ार करोड़ रुपये खर्च किए जाने की योजना है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने अर्थव्यवस्था को पॉलिसी पैरालिसिस जैसी परिस्थितियों से उबारने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि कोविड और उसके ● शेष पेज 11 पर



**उपलब्धि**

- अमृतकाल में पिछली सरकारों की तुलना में तीन गुना तेजी से काम कर रही केंद्र सरकार: राष्ट्रपति मुर्मु
- संसद में बजट सत्र के दौरान संयुक्त सदन में राष्ट्रपति ने दिया अभिभाषणमहाकुंभ भारत की सांस्कृतिक परंपरा व सामाजिक चेतना का पर्व: मुर्मु

महाकुम्भ : तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग की टीम प्रयागराज पहुंची, जांच ने पकड़ी रफ्तार

# सीसीटीवी फुटेज और टोपोग्राफी के आधार पर होगी मौनी अमावस्या हादसे की सघन जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ में मौनी अमावस्या स्नान पर हुए हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने अपनी कार्यवाही तेज कर दी है। आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने शुक्रवार को प्रयागराज में अधिकारियों के साथ पहली बैठक की। बैठक के बाद आयोग ने संगम नोज के निकट घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। जांच आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने कहा कि घटनास्थल की टोपोग्राफी और परिस्थितियों का अध्ययन किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों का गहराई से विश्लेषण किया जाएगा। बता दें कि प्रयागराज महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के मौके पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में भगदड़ की स्थिति बन गई, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। ● शेष पेज 11 पर



**जांच आयोग**

- आयोग के सदस्यों ने प्रयागराज में अधिकारियों के साथ की पहली बैठक, घटनास्थल का भी किया निरीक्षण
- जांच आयोग के अध्यक्ष बोले-घटनास्थल की टोपोग्राफी और परिस्थितियों का किया जा रहा अध्ययन

## अस्पताल में मिल रही सुविधाओं पर घायलों और उनके परिजनों ने सीएम का जताया आभार, दिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। मौनी अमावस्या के दिन हादसे को लेकर योगी सरकार गम्भीर है और स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटना की पल-पल मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रयागराज के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में घायलों को समुचित इलाज दिया जा रहा है। अच्छी चिकित्सा व्यवस्था के साथ ही दवाइयां, टेस्ट और खाना निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। घायलों के साथ-साथ उनके तीमारदारों के लिए भी बेहतर व्यवस्था की गई है। उनके भी निःशुल्क खाने पीने की व्यवस्था की गई है। यही नहीं, स्वास्थ्य लाभ के बाद रिलीव किए जा रहे मरीज को उनके घर तक पहुंचाने के लिए भी समुचित व्यवस्था की जा रही है। योगी सरकार और अस्पताल द्वारा दी जा रही इन सुविधाओं ● शेष पेज 11 पर

- एसआरएन अस्पताल में भर्ती घायलों को मिल रही सुविधा से तीमारदार दिख रहे प्रसन्न
- सीएम योगी के निर्देश पर घायलों को मिल रहा समुचित उपचार, तीमारदारों को निःशुल्क खाना
- 41 घायलों में से 10 को किया गया डिस्चार्ज, कोई भी मरीज अब क्रिटिकल नहीं

छत्तीसगढ़ के कांकेर में डीवीसीएम कैडर की

# महिला नक्सली सहित 32 लाख के 7 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

कांकेर । छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर के कांकेर जिले में शुक्रवार को नक्सली गतिविधि में सक्रिय 32 लाख रुपये के 7 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। सभी नक्सली उत्तर बस्तर के रावघाट, परतापुर एरिया कमेटी और गढ़िचरौली डिवीजन में सक्रिय थे। ये नक्सली अब तक कई वारदातों मुठभेड़, आगजनी और आईईडी विस्फोट में शामिल रह चुके हैं। कांकेर डीआईजी ने बताया कि आत्मसमर्पित सात इनामी नक्सलियों में सीनियर डीवीसीएम महिला नक्सली ममता भी शामिल है, जो कई बड़ी नक्सल घटनाओं में शामिल रह चुकी है। साल 2025 में जनवरी महीने में अभी तक कांकेर में 18 नक्सली ने आत्मसमर्पण कर चुके हैं। आत्म समर्पण करने वाले इन सातों नक्सलियों में ममता उर्फ शांता, दिनेश मट्टामी, आयतु राम पोटाई, इतवारीन पद्दा, संजय नरेटी, सगनु राम आंचला और जमुना नेताम उर्फ नीरा शामिल हैं। इन्होंने डीआईजी अमित तुकाराम काम्बले, डीआईजी विपुल मोहन बाला (बीएसएफ सेक्टर कन्हारगांव, भानुप्रतापपुर), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला, भानुप्रतापपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल, कांकेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा और अन्य पुलिस अधिकारी के समक्ष आज आत्म समर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित करने वाले नक्सलियों में डीवीसीएम कैडर के ममता सहित 3 नक्सलियों पर 8-8 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। एक नक्सली पर 5 लाख रुपये और 3 अन्य पर 1-1 लाख रुपये ● शेष पेज 11 पर



# कौन बताएगा कहाँ है पवारी की गौशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज विकास खंड कोरांव के अंतर्गत कुल 17 गौशाला संचालित है जिसमे एक गौशाला पवारी ग्राम पंचायत मे भी संचालित है जहाँ पर सैकड़ो की संख्या मे लगभग गौवंश रह रहे इस गौशाला मे गौशाला पवारी ग्राम पंचायत का बोर्ड तक नहीँ लगा है मुख्य गेट भी पूरी तरह सें लगता है कभी खुलता ही नहीँ गंदगी का चारो तरफ अम्बार लगा है गोबर महीनो सें कैम्पस के अंदर ही सड़ रहा है रहने खाने की कोई उत्तम व्यवस्था गौवंश के लिए नहीँ है जबकि प्रति गौवंश प्रति दिन 50 रूपये धन राशि खंड विकास विकास अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी के सयुक्त हस्ताक्षर सें ग्राम पंचायत के खाता मे डिबीटी के माध्यम सें ट्रांसफर किया जाता है गौशाला मे संपूर्ण देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान का होता है लेकीन बेजुबानो के लिए आये हुये धन मे भी बंदर बाट किए जा रहा है आसपास मौजूद कुछ लोगो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की जो ग्राम पंचायत अधिकारी है वह एक विशेष पार्टी का हमेसा गुणगान प्रचार करता है जानबूझकर गौशाला मे अनीमियता किया जा रहा है जिससे स्वछ भाजपा सरकार की छबि धूमिल हो इसके साथ स्थान यह भी लोगो ने बताया की समय सें गौवंश कों हरा चारा भूसा नहीँ दिया जाता जो बहुत सारे पशु काफी कमजोर है जिनका इलाज भी नहीँ मुहैया हो पा रहा है जो पशु मर जाते है उनको बाहर दूर ले जाकर रात्रि मे फ़ेकवा देते है बाहर सें पशु लाकर मरे का टैग निकाल कर लगा देते है यह हाल गौ प्रेमी सरकार मे है ग्राम पंचायत अधिकारी के पास अन्य भी ग्राम पंचायत का चार्ज है वहाँ भी गौशाला संचालित है लगभग हर गौशाला मे यही हालात है कुछ दिन पहले उपजिलाधिकारी कोरांव द्वारा नायब तहसीलदार डैया कों नोडल भी नियुक्त गौशाला चेक करने व रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया गया था लेकीन लगता है सारे आदेश कागज़ तक ही सिमिट कर रहा है हकीकत मे कुछ पालन नहीँ किया जा रहा बीडीओ के करीबी माने जाते है ग्राम पंचायत अधिकारी ब्लाक मे अक्सर चर्चा होता है की जिन जिन ग्राम पंचायत मे गौशाला संचालित है वहाँ अपने चहेते ग्राम पंचायत अधिकारी कों चार्ज सौपा गया है यदि कोई कही शिकायत भी होता है तो खंड विकास अधिकारी मामले कों रफा दफा करके ठंडे बस्ता मे डाल देते है ।



**बीडीओ की रहमो करम पर गौशालाओ मे मनमानी का आलम**

**गौवंश कों समय सें नहीँ दिया जाता भरपेट चारा भूसा, खर पतवार सें चलाया जा रहा काम**



## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के बयान पर आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण का करारा जवाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को लेकर चल रही बहस में अब संत समाज भी खुलकर सामने आ रहा है। हाल ही में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कुम्भ में अव्यवस्थाओं को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी से इस्तीफ़े की मांग की थी। उनके इस बयान पर अब आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने करारा जवाब दिया है। अयोध्या धाम के सिद्धपीठ श्रीहनुमत निवास के आचार्य मिथिलेश? नन्दिनी शरण जी महाराज ने शुक्रवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मर्यादित भाषा में जवाब देते हुए कहा कि संत समाज को ऐसी भाषा से बचना चाहिए, जो समाज में नकारात्मकता फैलाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खुद महीनों से कुम्भ की तैयारियों में लगे हैं, अखाड़ों में जाकर संतों की सुविधा का ध्यान रख रहे हैं और श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, मौनी अमावस्या के पहले बुधवार की देर रात महाकुम्भ की संगम नोज में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने संतों-श्रद्धालुओं प्रदेश एवं देशवासियों ने अपील की थी कि अफवाह पर ध्यान न दें, संयम से काम लें। प्रशासन आप सभी की सेवा के लिए तत्परता से कार्य कर रहा है।

आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने अविमुक्तेश्वरानंद के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जिस सरकार, जिस पुलिस और जिस व्यवस्था का हम उपभोग करते हैं, उसी पर सवाल उठाना उचित नहीं। अगर इस्तीफा मांगना था तो तब मांगते जब रामजन्मभूमि के भक्तों पर गोली चलाई गई थी, जब पालघर में निर्दोष साधुओं की हत्या हुई थी, जब काशी में निहत्थे संतों को लाठियों से पीटा गया था, लेकिन तब तो कोई आवाज नहीं उठी और अब जब मुख्यमंत्री खुद महाकुम्भ की व्यवस्थाओं में जुटे हैं, तब उन पर सवाल उठाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि क्या मुख्यमंत्री पूरी भीड़ को अपने हाथों से नहलाकर घर पहुंचाएंगे? जनता को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और सतर्क रहना होगा।

उल्लेखनीय है कि, अविमुक्तेश्वरानंद ने कुम्भ में अव्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा था कि जब सरकार की व्यवस्था लाखों लोगों की सुविधा के लिए पर्याप्त नहीं है। जब श्रद्धालु परेशान हो रहे हैं, तब मुख्यमंत्री को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। महाकुम्भ में भक्तों की तकलीफों को नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्हें जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफ़े दे देना चाहिए।

## ट्रायल में देरी, शीघ्र पूरा होने की सम्भावना नहीं तो अभियुक्त को जमानत पाने का हक : हाइकोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सात साल नौ माह से जेल में बंद हत्यारोपित की सशर्त जमानत मंजूर**

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि यदि अभियुक्त लम्बे समय से जेल में बंद है और ट्रायल शीघ्र पूरा होने की सम्भावना नहीं है तो उसे राहत पाने का अधिकार है।

कोर्ट ने कहा कि यह स्थापित कानून है कि जमानत अभियुक्त की ट्रायल के दौरान कोर्ट में हाजिरी सुनिश्चित करने की लिए दी जाती है। कोर्ट ने हत्या केस में सात साल नौ माह से जेल में बंद अभियुक्त की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है और उसे व्यक्तिगत मुचलके व दो प्रतिभूति लेकर रिहा करने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने गोरखपुर, झंगहा थाना क्षेत्र के सर्वजीत सिंह की द्वितीय जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा कोई तथ्य पेश नहीं किया गया जिससे पता चले कि अभियुक्त भाग जायेगा या गवाहों पर दबाव डालेगा। कोर्ट ने कहा, यह अफसोसजनक है कि एक व्यक्ति सात साल नौ महीने से जेल में बंद है। 16 गवाहों में से केवल तीन का ही परीक्षण किया जा सका है। तीन अभियुक्त फरार हैं। 25 अक्टूबर 19 से ट्रायल रुका हुआ है। कोर्ट ने कहा स्पीडी ट्रायल अभियुक्त का संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत मूल अधिकार है। निकट भविष्य में ट्रायल पूरा होने की सम्भावना नहीं है। ऐसे में उसे बिना देरी के राहत पाने का हक है।

मालूम हो कि याची को हत्या व जानलेवा हमले के आरोप में गिरफ्तार कर 23 मई 17 को जेल भेज दिया गया। 16 अगस्त 17 को पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है और अदालत ने 25 जनवरी 18 को आरोप निर्मित कर दिया है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के तमाम फैसलों के हवाले से कहा कि ट्रायल पूरा होने में देरी हो तो अभियुक्त को जमानत पाने का अधिकार है।

### कुंभ मेला की वजह से गाड़ियों की डिलीवरी सप्लाई बंद

करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता। महाकुंभ के दौरान शहर में बड़े वाहनों के आवागमन पर लगी रोक के कारण डिलीवरी करने वाली गाड़ियों के बंद होने से जमुना पार गंगा पार कौशांबी प्रयागराज के आसपास अंचलों में दूकानों एवं बाजारों से किसानों के लिए उर्वरक खाद की व्यापक पैमाने पर किल्लत हो गई है जिससे किसान बेहद परेशान है सप्लाई बंद होने के कारण मेले की वजह से गांव कस्बे में बाजारों में दुकानों से उर्वरक खाद की दुकान पर न मिलने से किसान गेहूं की फसल में खाद को लेकर बेहद परेशान हैं वहीं जनरल स्टोर किराना मर्चेंट खाद्यान्न की सामग्री वाली दुकानों पर माल सप्लाई न आने के कारण किराना अन्य मर्चेंट दुकानों पर सामानों की कमी हो गई है महाकुंभ के आयोजन के कारण सभी बड़े वाहनों को शहर में आवागमन पर 15 दिन से रोक लगा दी गई है जिसके कारण खाद्यान्न सामग्री उर्वरक अन्य आवश्यक चीज शहर से गांव देहात क़स्बों में सप्लाई पूरी तरह से बाधित हो गई है जिससे आम जनजीवन पर इसका पूरा असर पड़ रहा है किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि किसानों के फसलों को जिला प्रशासन उर्वरक से संबंधित भार वाहन गाड़ियों एवं खाद्यान्न सामग्री डिलीवरी करने वाली गाड़ियों के आवागमन के सुचारू रूप संचालित किए जाने की अपील की है जिससे लोगों के आम जीवन पर पढ़ रहे बुरा असर को और प्रभावित न हो सके करछना तहसील क्षेत्र में उर्वरक खाद बाजार में उपलब्ध नहीं है जिससे किसानों की फसल प्रभावित हो रही है,

### पिकल बॉल का बढ़ता क्रेज, द स्पोर्ट्स हब में शनिवार को होगा शुभारंभ

कानपुर। पिकल बॉल एक ऐसा खेल है जो हर उम्र के लोगों के लिए उपयुक्त है। यह न केवल मनोरंजक है, बल्कि फिटनेस बढ़ाने के लिहाज से भी फायदेमंद है। यह रोमांचक खेल मौजूदा समय में देश के 23 राज्यों में फैल चुका है और कई भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसमें अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। गौरव नाटेकर जैसे दिग्गज टेनिस खिलाड़ी भी इस खेल की ओर आकर्षित हुए हैं, जिससे इसकी विश्वसनीयता और लोकप्रियता और बढ़ गई है। इससे प्रेरणा लेकर द स्पोर्ट्स हब में शनिवार को विशेष आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को ऑल इंडिया पिकल बॉल एसोसिएशन के संस्थापक सुनील वालावालकर ने दी। भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रहे पिकल बॉल खेल का क्रेज अब कानपुर में भी देखने को मिल रहा है। शहर में इस खेल को बढ़ावा देने के लिए जिसमें पुलिस आयुक्त अखिल कुमार इसका औपचारिक शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर देश के जाने-माने पिकल बॉल विशेषज्ञ और ऑल इंडिया पिकल बॉल एसोसिएशन के संस्थापक सुनील वालावालकर खिलाड़ियों को इस खेल की बारीकियां सिखाएंगे। उनके साथ ऑल इंडिया पिकल बॉल एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट और उड़ीसा पिकल बॉल एसोसिएशन के सेक्रेटरी सुभ्रांशु चरन सारंगी भी मौजूद रहेंगे, जो खिलाड़ियों को तकनीकी टिप्स देंगे और इस खेल के भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। इस मौके पर द स्पोर्ट्स हब के डायरेक्टर प्रणव अग्रवाल, देवांशी अग्रवाल और स्पोर्ट्स डायरेक्टर आरपी सिंह भी मौजूद रहेंगे।

### मासूम बालिका से अधेड़ ने किया दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

हमीरपुर। शुक्रवार को कुरारा कस्बा के एक वार्ड में घर के बाहर खेल रही साढ़े चार वर्षीय मासूम बालिका को टाफी का लालच देकर अधेड़ युवक ने घर में ले जाकर दुष्कर्म किया और फरार हो गया। पीड़िता की मां ने पड़ोसी अधेड़ के खिलाफ पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं पुलिस ने चेकिंग के दौरान मनकी तिराहे से आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा और मासूम को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

कस्बा के एक वार्ड में मासूम बालिका अपने घर के बाहर बच्चों संग खेल रही थी। तभी पड़ोस का कमलेश 48 वर्ष पुत्र महावीर मासूम को टाफी का लालच देकर अपने घर ले गया और घटना को अंजाम दिया। वहीं मासूम के परिजन काफी देर तक बच्ची को खोजते रहे। तभी पड़ोसी ने बताया कि कमलेश आपकी बच्ची को साथ लेकर जा रहा था। मासूम की मां आरोपित के घर पहुंच कर दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, तो काफी देर बाद आरोपित ने दरवाजा खोला और अपनी बच्ची को लेकर पीड़िता की माँ अपने घर परिवार के लोगों को पूरी घटना बताई। मासूम की मा ने थाने में आरोपित के खिलाफ पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया। शुक्रवार को कस्बे के मनकी तिराहे में एसएचओ नंदलाल प्रजापति अपने टीम के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर ने सूचना दी की वांछित आरोपित मनकी तिराहे के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मासूम की मां की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था, वही चेकिंग के दौरान उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और मासूम को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## उपराष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री योगी एक फरवरी को आयेंगे प्रयागराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को पूर्वाह्न 11:45 बजे प्रयागराज पहुंचेंगे और महाकुम्भ से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे प्रयागराज पहुंचेंगे और उपराष्ट्रपति के स्वागत में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री उपराष्ट्रपति के साथ महाकुम्भ से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सेक्टर-21 स्थित सतुआ बाबा आश्रम और सेक्टर-5 स्थित भारत सेवा श्रम शिविर का दौरा करेंगे। तत्पश्चात वे मेला सर्किट हाउस में हेड्स ऑफ मिशन के प्रतिनिधियों से भेंट वार्ता करेंगे। उपराष्ट्रपति अपराह्न 04:05 बजे प्रयागराज से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे और मुख्यमंत्री शाम 6:55 बजे प्रयागराज से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। राजनयिक मिशनों के प्रमुखों का महाकुम्भ नगर भ्रमण

इसी क्रम में दिल्ली स्थित विभिन्न देशों के राजनयिक मिशनों के प्रमुख एक फरवरी को महाकुम्भ में सहभागिता के लिए महाकुम्भ नगर (प्रयागराज) का भ्रमण करेंगे। राजनयिक प्रतिनिधिमंडल भी पूर्वाह्न 11 बजे महाकुम्भ नगर पहुंचेगा। आगमन के पश्चात वे मेले के विभिन्न स्थलों का भ्रमण करेंगे, जिनमें संगम पर पवित्र स्नान, अक्षयवट दर्शन, हनुमान मंदिर, डिजिटल महाकुम्भ अनुभव केंद्र, यूपी स्टेट पवेलियन प्रदर्शनी और महाकुम्भ अखाड़ा सेक्टर का भ्रमण शामिल है। शाम को यमुना कॉम्प्लेक्स में हाई टी के उपरांत राजनयिक दल महाकुम्भ अखाड़ा सेक्टर पहुंचेगा। जहां वे अखाड़ों की परम्पराओं और आध्यात्मिक संस्कृति से अवगत होंगे। रात्रि में अशोक स्तम्भ के समक्ष समूह चित्र लेने के उपरांत, प्रतिनिधिमंडल 21 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगा।

## जिन श्रद्धालुओं के पास विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा का समय नहीं, वह मां पीतांबरा की भक्ति करें : देविका देवी

एजेंसी



मुरादाबाद। श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति ट्रस्ट द्वारा आयोजित पांच दिवसीय पीतांबरा देवी महायज्ञ एव श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के द्वारा हुआ। सांयकालीन सत्र में वृंदावन धाम से पधारी बाल व्यास देवी देविका देवी ने कहा कि आज के इस युग में लोगों पर समय नहीं है कि अलग-अलग देवी-देवताओं की पूजा कर सकें तो ऐसे भक्तों को सबसे सुगम सरल रास्ता है कि माता पीतांबरा जी की भक्ति करें। कलश यात्रा में 151 महिलाएं पीतांबर वस्त्रों में सिर पर कलश लेकर भजनों पर नाचते गाते चली। यात्रा में मां लक्ष्मी, मां सरस्वती और गंगा मैया की भव्य झांकियां सम्मिलित रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेविका डॉ मीनू मेहरोत्रा, अनुराधा अग्रवाल, नेहा मेहरोत्रा रहीं। सांयकालीन सत्र में वृंदावन धाम से पधारी बाल व्यास देवी देविका देवी ने कहा गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर माता पीतांबरा की महती कृपा से मुरादाबाद की पावन भूमि पर हिन्दू राष्ट्र कि कामना के साथ श्री परिवार के द्वारा पांच दिवसीय देवी महायज्ञ हो रहा है। कथा व्यास ने आगे कहा कि आज के भौतिक युग में भागदौड़ भरी जिंदगी में माता पीतांबरा की भक्ति जरूरी है। क्योंकि हमें धन की जरूरत हैं तो माता लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं, विद्या की जरूरत तो सरस्वती जी की पूजा करते, शक्ति (रक्षा) की जरूरत तो दुर्गाजी की उपासना करते है। आज के इस युग में लोगों पर समय नहीं है कि अलग-अलग देवी-देवताओं की पूजा करें। ऐसे में भक्तों के लिए सबसे सुगम, सरल तरीका है कि माता पीतांबरा की भक्ति करें। मुख्य यजमान पुनीत बंसल व श्वेता बंसल रहे। इस अवसर पर श्री परिवार पीठाधीश्वर पंडित कृष्णा स्वामी, महायज्ञ संचालक आचार्य कामेश्वर मिश्र, पंडित तेजनारायण, संरक्षक केके गुप्ता, अध्यक्ष अंरविद अग्रवाल, मीडिया प्रभारी विकास ममगाईं, सुधीर श्रीवास्तव, अवनीत सक्सेना, आशुतोष गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, वरुण नरेश सक्सेना, अतुल सोती एडवोकेट, मुकेश दत्त कौशिक, गोपाल कृष्ण गर्ग, विशाल अग्रवाल, केए सक्सेना, अखिलेश सक्सेना, अंकित सक्सेना, विनय जौहरी, सौभाग्य सक्सेना, पारस गुप्ता, अभिषेक शर्मा, सुमित खन्ना, मघु बंसल, उर्मिला पांडे आदि उपस्थित रहे।

## महाकुम्भ : मुख्य स्नान पर्वों को लेकर एनसीआर के स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर । महाकुम्भ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की बेहतर सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, प्रयागराज छिवकी, नैनी स्टेशनों पर आगामी मुख्य स्नान पर्व बसंत पंचमी (03 फरवरी), माघी पूर्णिमा (12 फरवरी) एवं महाशिवरात्रि (26 फरवरी) पर विशेष व्यवस्था की गई है।

जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह के अनुसार महाकुम्भ के दौरान स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा और सुगमता से प्रवेश-निकासी के लिए रेलवे स्टेशनों पर कुछ प्रतिबंध लगाए जाएंगे। प्रतिबंध मुख्य स्नान दिवस के एक दिन पहले से मुख्य स्नान दिवस के दो दिन बाद तक लागू रहेगा ।

-प्रयागराज जंक्शन

' प्रवेश केवल सिटी साइड (प्लेटफ़ॉर्म नं.-1 की ओर) से दिया जाएगा।' निकास केवल सिविल लाइंस साइड की ओर से दिया जाएगा।' अनारक्षित यात्रियों कों दिशावार यात्री आश्रय के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।' टिकट की व्यवस्था यात्री आश्रयों में अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग के रूप में रहेगी। ' आरक्षित श्रेणी के यात्रियों को सिटी साइड स्थित गेट नंबर 5 से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश केवल प्रयागराज-मिर्ज़ापुर राजमार्ग को जोड़ने वाले सीओडी मार्ग से दिया जाएगा।' निकास केवल जी.ई. सी नैनी रोड (प्रथम प्रवेश) की ओर से दिया जाएगा।' अनारक्षित यात्रियों कों दिशावार यात्री आश्रय के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।' आरक्षित यात्रियों को गेट नंबर 2 से प्रवेश दिया जाएगा।' टिकट की व्यवस्था यात्री आश्रयों में अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग के रूप में रहेगी। प्रवेश केवल स्टेशन रोड से दिया जाएगा।' निकास केवल मालगोदाम की ओर (द्वितीय प्रवेश द्वार) से दिया जाएगा।' अनारक्षित यात्रियों कों दिशावार यात्री आश्रय के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।' आरक्षित श्रेणी के यात्रियों को गेट नंबर 2 से प्रवेश दिया जाएगा।' टिकट की व्यवस्था यात्री आश्रयों में अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग के रूप में रहेगी। प्रवेश केवल झलवा (कौशाम्बी रोड) की ओर से दिया जाएगा।' निकास केवल जी.टी. रोड की ओर दिया जाएगा।' अनारक्षित यात्रियों के लिए यात्री आश्रय की व्यवस्था रहेगी।' आरक्षित श्रेणी के यात्रियों को गेट नंबर 3 से प्रवेश दिया जाएगा।' टिकट की व्यवस्था यात्री आश्रयों में अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग के रूप में रहेगी।

## संभल हिंसा के दो आरोपितों की जमानत याचिका पर सुनवाई 7 को और एक की 10 फरवरी को होगी

एजेंसी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद व हरिहरनाथ नाथ मंदिर के सर्वे के दौरान हिंसा बवाल के मामले में शुक्रवार को जनपद न्यायालय चंदौसी में सुनवाई हुई। जिसमें चार आरोपितों में से तीन को सुनवाई के लिए नई तारीख मिल गई है। दो आरोपितों की जमानत अर्जी पर सुनवाई 7 फरवरी को होगी, जबकि एक आरोपित की जमानत अर्जी पर सुनवाई 10 फरवरी होगी। वहीं चौथे आरोपित ने अपनी जमानत अर्जी वापस ले ली। संभल में विवादित जामा मस्जिद व हरिहरनाथ नाथ मंदिर में 24 नवम्बर 2024 को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हिंसा और बवाल हुआ था। पहला बवाल विवादित जामा मस्जिद के नजदीक हुआ था, जहां पांच लोगों की जान गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी। इसके बाद तीसरी हिंसा हिंदूपुरा खेड़ा में हुई था, जहां पुलिस के अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था। इस मामले में संभल कोतवाली और नखासा थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं। इस घटना के 73 आरोपित उपद्रवियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। वहीं 67 की तलाश अभी जारी है।

शुक्रवार को दिलनवाज, असद, रफी उजम्मा उर्फ रजी की जमानत अर्जी पर सुनवाई होनी थी। साथ ही जनपद न्यायाधीश से स्थानांतरित होकर एडीजे आई आरोपित आमिर की जमानत अर्जी पर भी सुनवाई शुक्रवार को होनी थी। आरोपी दिलनवाज व असद के अधिवक्ता द्वारा स्थगन प्रार्थना पत्र न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निर्भय नारायण राय की अदालत में दिया गया, जिसमें जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 7 फरवरी निश्चित की गई। रफी उजम्मा उर्फ रजी के जमानत प्रार्थना पत्र को उनके अधिवक्ता द्वारा बल न दिए जाने को कहा गया।

जिसके बाद जमानत प्रार्थना पत्र वापस ले लिया गया। इसके बाद आमिर के जमानत प्रार्थना पत्र पर सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी द्वारा स्थगन लगाया गया ।

# आज बिजली के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आवाहन पर आज देश के सभी प्रांतों में बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने बिजली के निजीकरण के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए। चंडीगढ़ की बिजली व्यवस्था निजी कंपनी को सौंपी गई तो 01 फरवरी को भी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के पदाधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बिजली वितरण का मनमाने ढंग से निजीकरण किया जा रहा है जिसके विरोध में देश भर में 27 लाख बिजली कर्मी आज सड़कों पर उतरे,उन्होंने कहा कि मुनाफ़े में चल रहे चंडीगढ़ विद्युत विभाग को एमिनेंट इलेक्ट्रिक डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को सौंपने के निर्णय से बिजली कर्मचारियों में गुस्सा फूट पड़ा है। उप्र में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के जरिए उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों की बिजली व्यवस्था निजी घरानों को सौंपने की तैयारी हो रही है। राजस्थान में विद्युत वितरण के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है और उत्पादन निगम को जॉइंट वेंचर के नाम पर एनटीपीसी और कोल इंडिया लिमिटेड को हैंडोवर किया जा रहा है।संघर्ष समिति ने कहा कि भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद यश नायक के नेतृत्व में एक मंत्री समूह का गठन किया है। इस मंत्री समूह में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री सम्मिलित है। इसके संयोजक उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा हैं।मंत्री समूह के टर्म्स ऑफ़ रेफरेंस में विद्युत वितरण व्यवस्था के वित्तीय सुधार, ऋणों और घाटे से उबारने हेतु विस्तृत अध्ययन कर सुझाव देने का कार्य है। ऐसे में उप्र, चंडीगढ़ और राजस्थान में विद्युत वितरण के निजीकरण के एकतरफा निर्णय को तत्काल रद्द किया जाय। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने सितम्बर 2020 में विद्युत वितरण के निजीकरण हेतु स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का एक ड्राफ्ट जारी किया था। ऊर्जा मंत्रालय ने अभी तक इस ड्राफ्ट को अंतिम रूप नहीं दिया है और अब विद्युत वितरण की व्यवस्था में सुधार हेतु उसे कर्ज और घाटे से उबारने हेतु एक मंत्री समूह का गठन कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस मंत्री समूह के सामने बिजली इंजीनियरों और कर्मचारियों के विभिन्न प्रांतों के और राष्ट्रीय संगठन अपनी बात रखेंगे। मंत्री समूह को कर्मचारी संगठनों से बात करना चाहिए और उनके प्रस्ताव पर भी विचार करना चाहिए। इस दृष्टि से मंत्री समूह की रिपोर्ट आने तक निजीकरण के तमाम फैसले तत्काल वापस लिया जाना बेहद जरूरी है। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण से पहले भय का वातावरण उत्पन्न करने हेतु बड़े पैमाने पर संविदा कर्मियों को निकाला जा रहा है जिससे बिजली कर्मियों में गुस्सा बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि आज लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्ज़ापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, अलीगढ़ , मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, जवाहरपुर, पनकी, हरदुआगंज, ओबरा, पिपरी, अनपरा में बिजली कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किए।

# ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर क्वाइल चोरी कर शातिर चोर फ़रार

❏ अवर अभियंता की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुक़द्दमा दर्ज,जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद में विधुत ट्रांसफार्मर से तेल और कीमती कॉपर तार चुराने वाले गिरोह ने विद्युत विभाग के साथ ग्रामीणों को भी परेशान कर रखा है। बीते दो माह में चोरों ने करीब 4 ट्रांसफार्मर से तेल और कीमती कॉपर तार चोरी कर बिजली विभाग को लाखों रुपये का चूना लगा दिया है। गुरुवार देर रात एक बार फिर चोरों ने केवलहार में लगे ट्रांसफर से तेल और कॉपर क्वाइल पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद अवर अभियंता त्रिभुवन सिंह ने मलिहाबाद कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुक़द्दमा दर्ज कराया है। जिसमें जेई ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे संविदा कर्मचारी को सूचना मिली कि मलिहाबाद के केवलहार में चोरों ने ट्रांसफार्मर से तेल और क्वाइल चोरी कर ली है। जिससे दर्जन भर से ज्यादा गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। सूचना मिलते ही लेसा टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान टीम को ट्रांसफार्मर खुला मिला और उसमें भरा तेल और कॉपर क्वाइल नही था। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि अवर अभियंता की तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुक़द्दमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी है।

# अचरामऊ प्रीमियर क्रिकेट लीग का हुआ भव्य शुभारंभ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ। बख्शी का तालाब तहसील अंतर्गत अचरामऊ गांव में आयोजित अचरामऊ प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का शुभारंभ मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे शेख फैजल ने फीता काटकर किया।टूर्नामेंट के आयोजक मो.गुरफान ने बताया कि पहला मैच पलका सुपरिंटेंडेंट व अनवरी इलेवन के मध्य खेला गया।जिसमें अनवरी इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 89 रन का स्कोर खड़ा किया।जिसके बाद पलका सुपरिंटेंडेंट टीम के विस्फोटक बल्लेबाज प्रमोद ने अर्ध शतक बनाते हुए अपनी टीम को आठ ओवर में ही जीत दर्ज करा दी।जिसके बाद मुख्यातिथि फैजल शेख ने खिलाड़ी प्रमोद को मैन ऑफ द मैच के तौर पर शील्ड और पांच सौ रुपये का नगद पुरुस्कार दिया।मैच के मुख्य आयोजक डॉ.अयान सिद्दीकी ने बताया कि टूर्नामेंट में क्षेत्र की 32 टीमें प्रतिभाग कर रही है।वहीं फाइनल मैच में प्रथम विजेता टीम को टूर्नामेंट के आयोजकों की तरफ से 25 हजार रुपए का पुरस्कार और ट्राफी तथा उपविजेता टीम को 11हजार रुपये का पुरुस्कार और ट्राफी दी जाएगी।

# ग्राम प्रधानों स्थानीय अधिकारियों एवं प्रधानाध्यापकों की संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

❏ बच्चे भारत का भविष्य उनकी शिक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता : डॉक्टर राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा,लखनऊ। क्षेत्र के ग्राम सभा भटगांव में ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधानो, स्थानीय अधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों की संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान तारा रावत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरोजनी नगर विधायक डॉध राजेश्वर सिंह पहुंचे। कार्यक्रम में सरोजनी नगर क्षेत्र के अलग अलग विद्यालयों के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की इस पर सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह ने सभी को 5 =5 हजार रुपए पुरस्कार वितरित किया। भटगांव प्रधान तारा रावत ने बताया कि हमारी ग्रामसभा में अब तक 51 सडकें लगभग लगात 2 करोड़, प्राथमिक विद्यालय का जीर्णोद्धार 62 लाख, जनसेवा केंद्र 7 लाख, कूड़ा घर 7 लाख, पार्क 6.5 लाख रुपए , मिनी खेल का मैदान 25 लाख, कैमरा 1.5 लाख रुपए का कार्य कराया जा चुका है और तैयारी 4 सड़कों, दो नाला 5 किलोमीटर, बाजार सौंदर्य करण , नाली निर्माण लगभग 30 लाख और रोड लाइट के लिए 10 लाख रुपए और गांव के दोनो तरफ सड़क पर द्वार बनाया जाएगा जिसकी 5 लाख की तैयारी है।राजेश्वर सिंह ने बताया कि बच्चे भारत का भविष्य है उनकी शिक्षा के लिए हमारी सरकार लगातार तत्पर है जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा वह सरकारी स्कूलों के लिए विकास निधि लगातार देते रहें हैं। सरोजनी नगर में अब स्कूलों की व्यवस्था पहले से काफी बेहतर की जा चुकी है शेष बचे हुए कार्य के लिए सभी ग्राम प्रधान व प्रधानाचार्य से पप्रस्ताव मंगवाया जा रहा है वह भी जल्द पूर्ण कर लिए जाएंगे और बताया कि ग्राम सभा भटगांव की भूमि सरकार में जाने वाली धनराशि को गांव के विकास कार्यों में लगाया जाएगा। रुद्र प्रताप सिंह खण्ड बेसिक शिक्षा अधिकारी, श्रीमती तारा रावत ग्राम प्रधान भटगांव , नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिध रंजीत रावत, राजेश सिंह चौहान बी जे पी नेता, सुभाष पासी, पवन सिंह, ब्लाक प्रमुख सरोजनी अध्यक्ष सुनील रावत, राजकुमार अध्यापक, प्रधानाध्यापक पुष्पा यादव,अध्यापिका रीना त्रिपाठी सहित सैकड़ों की संख्या बच्चे, और अध्यापक, अभिभावक मौजूद रहे।

## फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या

**बंथरा,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात एक 20 वर्षीय युवती ने अचानक फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती के फांसी लगाने का क्या कारण रहा अभी इसका कोई पता नहीं लगा है ना ही शव के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ। जानकारी के मुताबिक लखीमपुर खीरी जिले के गोला थाना अंतर्गत रसुलपना गांव निवासी रमाकांत की बेटी राधा वर्मा रसूलपुर गांव में अपने मौसा रंजीत के यहां रहकर प्राइवेट नौकरी करती थी। गुरुवार रात घर के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए सुबह सभी लोग उठे तो देखा राधा अपने कमरे में नहीं है जब वह कुछ देर नहीं दिखाई पड़ी तो लोगों ने छत पर बने कमरे में जाकर देखा तो कमरे के अंदर पंखे से राधा का शव लटक रहा था और कमरा अंदर से बंद था। घटना से परिजनों के होश उड़ गए और घर में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अपनी कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी राम सिंह ने बताया कि आत्महत्या के कारण का पता नहीं चला है। जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी गायब

**बंथरा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। किशोरी के परिजनों द्वारा जब काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चला तो शक के आधार पर अपने पड़ोसी युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से बिहार के पूर्णिया के रहने वाले दीपक शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा ने बताया है कि वह सपरिवार प्रसाद हॉस्पिटल शहजादी सरांय में पिछले 2 वर्षों से अस्पताल प्रांगण में ही टीन शेड डालकर रहते हुए काम कर रहे हैं। बीते बुधवार को जब वह पत्नी संग 8 बजे काम करने चले गए तब उनकी पुत्री शेड में थी तथा बगल के टीन शेड में सीतापुर जिले का रहने वाला सोनू राज भी था। दीपक शर्मा के अनुसार जब वह शाम 5:30 बजे काम करके वापस घर पर पहुंचा तो देखा कि पुत्री गायब है और बगल का सोनू राज भी नहीं है दीपक शर्मा के मुताबिक जानकारी करने पर उन्हें ज्ञात हुआ कि सोनू राज ही उसकी पुत्री को कर भगा ले गया है। पीड़ित के मुताबिक किशोरी के पास मोबाइल भी नहीं है। पीड़ित के द्वारा काफी खोजबीन के बाद परेशान होकर थाने पर किशोरी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई जिसके बाद बंथरा पुलिस ने गुरुवार को किशोरी की गुमशुदगी दर्ज करते हुए खोजबीन शुरू की है।

## उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है ज़ी स्कूल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज़ी लर्न लिमिटेड भारत की प्रमुख शिक्षा कंपनियों में से एक है, जो सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। एस्सेल ग्रुप का हिस्सा होने के नाते, ज़ी लर्न का लक्ष्य शिक्षा जगत में नवाचार, रचनात्मकता और समग्र विकास को बढ़ावा देना है। कंपनी कई प्रसिद्ध शैक्षिक ब्रांडों का संचालन करती है, जिनमें माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल और किडज़ी शामिल हैं। शिक्षार्थी केंद्रित पद्धतियों, अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, ज़ी लर्न छात्रों को अकादमिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से उत्कृष्ट बनने के लिए सशक्त करता है। अपनी विविध शैक्षणिक पहल और रणनीतिक दृष्टिकोण से, ज़ी लर्न लिमिटेड नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। शिक्षाविद प्रतिमा त्रिपाठी स्कूल का निर्देशन करती है। प्रतिमा त्रिपाठी ने 2003 में किडजी इंदिरा नगर लखनऊ की स्थापना की और माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल की नींव रखी। 21 वर्षों के अनुभव के साथ वे न केवल शिक्षा जगत में नवाचार ला रही हैं, बल्कि सामाजिक और परोपकारी कार्यों में भी सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। वहीं पायल मेदिरत्ता 19 वर्षों के अनुभव के साथ एक सॉफ्ट स्किल ट्रेनर और दूरदर्शी शिक्षाविद हैं। उनका लक्ष्य माउंट लीटरंस को 21वीं सदी के लिए तैयार करना है। वह मानती है कि भविष्य के नागरिकों को आजीवन सीखने की आदत डालनी चाहिए और एक समावेशी समाज में घुलने मिलने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# फरवरी में आने वाले बजट में व्यापारियों को बड़ी उम्मीद : राजकुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । एक फरवरी 2025 को भारत सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट से व्यापारियों को बहुत उम्मीदें है, व्यापारियों को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इस बार पेश किए जाने वाले बजट से व्यापारियों के चेहरे खिल उठेंगे कुछ निम्नलिखित उम्मीदें व्यापारियों ने इस बजट से बांध रखी है 1-नए व्यवसाय शुरू करने वाले व्यापारियों के लिए पहले 3-5 वर्षों तक टैक्स में छूट या कम दरें की जाए, ताकि वे अपनी वित्तीय स्थिति स्थिर कर सकें। इससे नौकरी देने वाले छोटे व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा। 2- रिटेल सेक्टर के व्यापार को बचाने के लिए रिटेल ट्रेड पॉलिसी लाए सरकार। 3-ई-कॉमर्स पर सख्त नियम बने, ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा डिस्काउंटिंग और प्राइस वार को नियंत्रित करने के लिए रेगुलेशन लागू हो। विदेशी कंपनियों को भारतीय बाजार में एक सीमित हिस्सेदारी दी जाए, जिससे भारतीय रिटेल सेक्टर को नुकसान न हो। ई-कॉमर्स पॉलिसी की मांग बहुत पुरानी है व्यापारियों को उम्मीद है कि शायद सरकार इस बार व्यापारियों की मांग को पूरा करेगी।4-एल एल पी और पार्टनरशिप फर्म पर वर्तमान में टैक्स 30% की दर है। पहले, ख्रख्रह्य में पास-थ्रू एंटिटी (घ्थपप-ह्वद्धन्धथफ्द्धद्ध क्द्धप्द्धप्भ) की सुविधा होती थी, यानी उन्हें कॉर्पोरेट टैक्स नहीं देना पड़ता था। पार्टनर्स को अपनी व्यक्तिगत इनकम टैक्स स्लैब के अनुसार कर देना होता था। लेकिन अब, अगर ख्रख्रह्य को कॉरपोरेट टैक्स स्ट्रक्चर में डाला गया है, तो 30% की दर से टैक्स लगाया जा रहा है, इसे कॉरपोरेट टैक्स के बराबर 22% किया जाना चाहिए।5- धारा 44इक भारत के आयकर अधिनियम, 1961 के तहत एक विशेष प्रावधान है, जो छोटे व्यवसायों के लिए संभावित आय योजना (Presumptive Taxation Scheme) प्रदान करता है। इसका उद्देश्य छोटे व्यापारियों और पेशेवरों को कर अनुपालन में आसानी देना है। जिनका वार्षिक टर्नओवर या सकल प्राप्ति ?2 करोड़ तक हो, वे इस योजना के तहत आते है, यदि टर्नओवर ?2 करोड़ से अधिक हो जाता है, तो नियमित कराधान प्रणाली लागू होती है। इसे 2 करोड़ से बढाकर 5 करोड़ किया जाना चाहिए । 6- कॉमर्शियल लोन की दरें घटाई जाने की उम्मीद म कमर्शियल लोन की ब्याज दरों में कमी होने से व्यापारियों को कई फायदे मिल सकते हैं, जिससे उनका व्यवसाय अधिक तेजी से बढ़ सकता है। ब्याज दर कम होने से व्यापारियों को सस्ती दरों पर लोन मिलेगा, जिससे उनकी कुल लागत घटेगी। वे बिना अधिक वित्तीय दबाव के अपने व्यापार में अधिक निवेश कर सकते हैं। ब्याज दर कम होने से मासिक क्ख्रक्र कम होगी, जिससे व्यापार का नकदी प्रवाह (cash flow) सुधरेगा। जब व्यापारियों को कम दरों पर लोन मिलेगा, तो वे अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उत्पाद और सेवाएं दे सकते हैं। इससे बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, और उपभोक्ताओं को भी लाभ होगा। कमर्शियल लोन की ब्याज दरें घटने से व्यापारियों की वित्तीय सेहत मजबूत होगी, वे नए अवसरों में निवेश कर सकेंगे, और इससे अर्थव्यवस्था में समग्र रूप से सुधार आएगा। यह विशेष रूप से छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए फायदेमंद होगा, जो महंगे लोन के कारण विस्तार नहीं कर पाते हैं।7-5 करोड़ तक के टर्नओवर वाले व्यापारियों को एक निश्चित स्टैंडर्ड डिडक्शन दिया जाए, तो यह टैक्स कंप्लायंस को सरल बनाएगा, छोटे व्यापारियों को राहत देगा, और व्यापार जगत को मजबूत करेगा। यह ख्रह्रख्रक्ष सेक्टर को भी बढ़ावा देगा, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा।8-व्यापार से जुड़े खर्चों जैसे ऑफिस रेंट, यात्रा, मार्केटिंग, सैलरी आदि पर टैक्स डिडक्शन मिले 9- विदेशों की तरह Annual Investment Allowance (AIA) लागू हो जिसके तहत व्यापार में नई मशीन, उपकरण या अन्य निवेश करने पर 100% टैक्स छूट मिलती है।यह व्यापारियों को नए संसाधनों में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करता है। 10-सरकार एक ''डिजिटल इंडिया रिटेल प्लेटफॉर्म'' लॉन्च करे, जहां छोटे व्यापारी ऑनलाइन स्टोर बना सकें। छोटे दुकानदारों को सरकारी पोर्टल्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर व्यापार करने के लिए प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता दी जाए।

## चार फरवरी से गड़ई प्रणाली की नहरों का होगा संचालन

**मीरजापुर।** अहरौरा डोंगिया मेन कैनाल समिति और भारतीय किसान यूनियन की संयुक्त बैठक शुक्रवार को अहरौरा बांध पर आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि गड़ई प्रणाली की नहरों का संचालन 4 फरवरी से किया जाएगा, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके।भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अहरौरा गड़ई मेन कैनाल समिति के अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अहरौरा बांध से निकली नहरों का संचालन 30 जनवरी तक किया गया था। जरूरत पड़ने पर डोंगिया बांध से पानी मेन कैनाल को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डोंगिया बांध का जलस्तर 543 फीट और अहरौरा बांध का जलस्तर 335 फीट है। किसानों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 4 फरवरी से गड़ई प्रणाली का संचालन पुनः शुरू किया जाएगा। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नहरों की देखरेख सुनिश्चित करेंगे। महाकुंभ हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि बैठक के अंत में प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ से घायल और मृतकों के परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस दौरान प्रह्लाद सिंह, अनिल सिंह, कंचन सिंह फौजी, स्वामी दयाल सिंह, चौधरी रमेश सिंह, विश्वनाथ सिंह,आदि।


☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☛

**कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ी**

महाकुम्भ – 2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा पूर्व घोषित विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगाः–

**04307/04308 हरिद्वार – फाफामऊ ज. – हरिद्वार कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 04307 आगमन | गाड़ी सं. 04307 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04308 आगमन | गाड़ी सं. 04308 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 06:15 | हरिद्वार | 23:50 | ---- |
| 07:45 | 07:50 | नजीबाबाद जं. | 22:00 | 22:05 |
| 10:25 | 10:35 | मुरादाबाद जं. | 20:20 | 20:30 |
| 11:35 | 11:40 | चन्दौसी जं. | 17:45 | 17:50 |
| 15:00 | 15:05 | शाहजहाँपुर | 13:50 | 13:55 |
| 17:40 | 17:50 | लखनऊ जं. | 10:40 | 10:50 |
| 19:10 | 19:12 | रायबरेली जं. | 08:30 | 08:32 |
| 21:10 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 06:30 |

चलने के दिन: **04307 हरिद्वार** से दिनांक 06.02.2025 एवं 20.02.2025 को तथा **04308 फाफामऊ जं.** से दिनांक 07.02.2025 एवं 21.02.2025 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

362/2025 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# देश के दूसरे प्रदेशों में आम का व्यापार किसानों के लिए बेहतर विकल्प हो सकता है:अंजनी कुमार श्रीवास्तव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ लखनऊ एवं केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में एपीडा के सहयोग से आम उत्पादकों के लिए एक दिवसीय आम की तुड़ाई पूर्व एवं तुड़ाई उपरांत प्रबंधन विषय पर नवीनतम तकनीकी की जानकारी के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाफ़ेड के प्रबंध निदेशक अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि किसान गुणवत्ता युक्त आम उत्पादन कर अच्छी पैकिंग करके निर्यात के अलावा देश की बाजारों में भी बेचकर अच्छा मुनाफाखोरी कमा सकते हैं। उन्होंने हाफ़ेड द्वारा किसानों के लिए किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा के निदेशक टी दामोदरन ने कहा कि किसानों को समय पर अच्छी दावों का प्रयोग करके गुणवत्ता युक्त आम उत्पादन करना चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान विजय सिंह ने कहा कि आम में बैगिंग से किसानों की आमदनी में लगातार वृद्धि होने लगी है। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में आम के बैग जंगल में तब्दील हो गए हैं इसलिए उनमें कटाई छटाई की अति आवश्यकता है। अवध आम उत्पादक समिति के महासचिव उपेंद्र सिंह ने कहा कि किसानों को दूसरे प्रदेशों में आम ले जाने के लिए रेलवे की सुविधा मिलनी चाहिए तथा आम की फसल के समय नहरों में पानी और 24 घंटे बिजली दी जानी चाहिए तभी किसान अच्छी गुणवत्ता का आम उत्पादन कर सकेगा। श्री सिंह ने एक बार प्रयोग करने वाले प्लास्टिक क्रेट्स उपलब्ध कराने की सरकार से मांग की। कार्यक्रम को कृषि विपणन निदेशालय के सहायक निदेशक संजय कुमार विपणन अधिकारी श्रीमती ईरा बृजेश, निर्यातक अकरम बेग, उपनिदेशक उद्यान डी के वर्मा, वैज्ञानिक डॉक्टर आशीष यादव डॉक्टर पीके शुक्ला तथा डॉक्टर हरिशंकर सिंह एवं हाफ़ेड के विपणन प्रभारी शैलेंद्र सुमन ने भी संबोधित किया।

# जंगल में मटरगश्ती कर रहा है बाघ वन विभाग केवल ढूंढ पा रहा पगचिह्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। वन विभाग बाघ के पग चिन्ह ही ढूंढ पा रहा है, और बाघ रहमान खेड़ा जंगल एवं चारों तरफ इलाके में रात के समय मटरगश्ती कर रहा है।सी0आई0एस0एच0 कैम्पस में बाध, वन्य जीव के पगमार्क पाय गये। आम के बाग के पीछे झाडियो में जहाँ बाघ, वन्य जीव के पगमार्क पाये गये वहाँ पर झाडिया में अथिनिया क्रमश सुलोचना एवं डॉयना द्वारा काम्बिग एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी। आज जान-2 (मीठेनगर) की तरफ से 01 ट्रैपिंग केज को स्थानान्तरित करते हुए सी0आई0एस0एच0 रहमानखेडा कैम्पस में स्थित झाडियों के पास लगाया गया है। बाघ, वन्य जीव को रेस्क्यू करने के लिए डॉक्टर्स एवं टीम द्वारा एन0टी0सी0ए0 की गाइडलाइन्स के अनुसार बाघ, वन्य जीव को रेस्क्यू की तैयारी पूर्ण की जा रही है। आज टीम-2 द्वारा बाघ, मित्र विभिन्न गाँवों में बनाये गये एवं बाघ, वन्य जीव का बैज देकर उन्हे बाघ संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया तथा यह भी अनुरोध किया गया कि वन्य जीव की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को सूचित करें। टीम द्वारा प्रभावित गॉवो जैसे महमूदनगर, कसमण्डीकला, हबीबपुर तथा उलरापुर मेंहदीनगर, कुशमौरा आदि गाँवों में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया व मुनादी की कार्यवाही करार्यी गयी।

## Notice

I Shrikant Tiwari son of Sri Ambika Prasad Tiwari resident of 2 / 3 Bhatiya building, Balrampur hospital campus, Golaganj Lucknow publicly declared that my daughter Vidhi Tiwari name have change to Shrinika Tiwari for all future purposes.

## सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र विपिन कुमार गौतम को उसके गलत आचरण व व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल मकान आदि जो भी मेरे नाम है,उस सम्पत्ति से बेदखल करता हूं।भविष्य में मेरे पुत्र विपिन कुमार गौतम के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। लल्ला पुत्र भ्भूती निवासी -रैथा,तहसील बख्शी का तालाब,जनपद-लखनऊ,उत्तर प्रदेश

# कल आयोजित किया जाएगा राष्ट्रीय कवि संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । राष्ट्रीय कवि संगम अवधप्रांत के तत्वावधान में आगामी 2 फरवरी रविवार को महाराजा छीता पासी किले में आयोजित किया जाएगा महाराजा सुहेलदेव स्मृति कवि सम्मेलन। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु के मार्गदर्शन में महाराजा छीता पासी के जन्मोत्सव समारोह के उपलक्ष्य में यह कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। महाराजा छीता पासी सामाजिक सांस्कृतिक धर्मार्थ ट्रस्ट एवं उत्तर प्रदेशीय पासी जागृति मंडल सीतापुर के संयोजन में आयोजित इस कवि सम्मेलन में बाराबंकी से ओज कवि शिवकुमार व्यास व हास्य-व्यंग्य कवि अजय प्रधान, रायबरेली से ओजकवि नीरज पांडेय तथा रालामऊ सीतापुर से केदारनाथ शुक्ल को आमंत्रित किया गया है इसके अतिरिक्त स्थानीय कवि भी रहेंगे। इस समारोह के मुख्य अतिथि कारागार मंत्री उत्तर प्रदेश सुरेश राही एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरिशचंद्र मिश्र दर्ज़ा प्राप्त राज्य मंत्री रहेंगे।आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल भार्गव व महामंत्री एम सी भार्गव ने उक्त जानकारी देते हुए इस समारोह एवम् कवि सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

# लव जिहाद: नाबालिग हत्या मामले के मुख्य आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। लव जिहाद और नाबालिग हत्या मामले के मुख्य आरोपी आसिफ उर्फ छोटू को पढुआ थाना प्रभारी निराला तिवारी ने पुलिस टीम के साथ गुरुवार की रात लगभग 9 बजे बैरिया पुल के पास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है, मुठभेड़ के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायर झोंक दिया, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही के दौरान फायरिंग कर दी, जो आरोपी के पैर में लगी, जिससे आरोपी वहीं गिर गया, जिसे पुलिस हिरासत में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आरोपी का इलाज किया जा रहा है। वहीं गांव में सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे चप्पे पर पुलिस बल मुस्तैद रहा। फास्ट ट्रैक कोर्ट में



सुनवाई के आश्वासन के बाद परिजनों ने किया अंतिम संस्कार शुक्रवार की सुबह मृतका का शव उत्तराखंड से गौरिया पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया, मृतका का शव के साथ की गई निर्ममता को देखते ही गांव के लोग आक्रोशित हो गए, और शव के अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया और आरोपियों के विरुद्ध बुलडोजर की कार्यवाही की मांग कर प्रदर्शन करने लगे, वहीं गांव पहुंचे विश्व हिन्दू युवा वाहिनी एवं राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपियों के घरों पर बुलडोजर की कार्यवाही कर फांसी की सजा की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे, स्थिति को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नैपाल सिंह सीओ महक शर्मा मौके पर पहुंच गए और परिजनों से बातचीत कर दोषियों के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और कड़ी से कड़ी कार्यवाही का आश्वाशन दिया जिसके बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए। और हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार कर दिया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का युवा समाजसेवियों ने फीता काटकर किया शुभारंभ

- सामाजिक सरोकारों में अपने सुकृत्यों के जरिए समाज में अलग छाप छोड़ रहे युवा समाजसेवी आयुष मिश्रा व फैसल अंसारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन सीतापुर। ग्रामीण अंचल के युवाओं को खेलों के जरिए समरसता के धागे में पिरो एकजुट रहते हुए समाजसेवा के जरिए राष्ट्रसेवा में सहभागिता बढ़ाने की कड़ी के अग्रदूत बने सकरन क्षेत्र युवा समाजसेवी आयुष मिश्रा व फैसल अंसारी। अभी हाल क्षेत्र के उल्लहा में खेलों को बढ़ावा देने की मार्फत पूर्व प्रधान फुरकान व युवा समाजसेवी फैसल अंसारी में



आयोजन किया इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कीर्तापुर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ आयुष मिश्रा व फैसल अंसारी ने फीता काट कर किया,टूर्नामेंट में क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायतों के सैकड़ों युवाओं ने मैत्री क्रिकेट खेल सामरिक सहभागिता की मिसाल पेश की।

# अवैध मादक पदार्थों के कुल 77 अभियोगों से सम्बन्धित माल का निस्तारण/विनिष्टिकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद के विभिन्न थानों पर अवैध मादक पदार्थो से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोगों से संबन्धित माल के निस्तारण हेतु मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेंटी (क्क्र) द्वारा मादक पदार्थों, स्वापक औषधियों, मनुप्रभावी पदार्थों और नियंत्रित पदार्थों के निस्तारण की कार्यवाही के क्रम में दिनांक-31.01.2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद सीतापुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) डॉ0 प्रवीन रंजन सिंह के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर/कार्यालय श्री दिनेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी एवं जनपदीय डीसीआरबी शाखा द्वारा *जनपद के 18 थानों पर अवैध मादक पदार्थो से सम्बन्धित पंजीकृत कुल 77 अभियोगों



से सम्बन्धित कुल-89.899 कि0ग्रा (अवैध चरस, डोडा चूर्ण, हीरोइन/स्मैक, नशीला पाउडर, डायजापाम) का विनिष्टीकरण/ डिस्पोजल मानक के अनुसार जनपद सीतापुर थाना महोली क्षेत्रांतर्गत स्थित STAR PLOTECH ग्राम चढरा जनपद सीतापुर के इन्सिनेटर के माध्यम से निस्तारण/ विनिष्टीकरण कराया गया । विनिष्टीकरण किये गये मादक पदार्थो की कुल अनुमानित कीमत करीब 1.20 करोड़ रुपये आंकी गयी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक महोली, प्रभारी निरीक्षक मानपुर एवम अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित अभियुक्त गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सर्वसंबंधित को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री अमन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान चोरी के अभियोग में प्रकाश में आये अभियुक्त अतुल कुमार पुत्र रामकिशोर निवासी गंगापुर थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर को 11 बी बटालियन ओवर ब्रिज लखनऊ शाहजहांपुर हाईवे के पास 11 बटालियन लालकुर्ती को जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया है। जिससे चोरी की एक अदद मोटर साइकिल जि0न0 क्ब्र 3ट्टक्क6767 हीरो स्पैलण्डर प्लस (काला रंग) 100 सीसी0 बरामद हुई है। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उपरोक्त मोटरसाईकिल को अभियुक्त द्वारा रोज लाईन 11 वाहिनी पीएसी सीतापुर से चोरी की गया था। मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मु.अ.सं. 24/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

## जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान विद्युत की मांग को दृष्टिगत रखते हुए मानकों के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर लगाए जाने की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनशक्ति बढ़ाते हुए लक्ष्य के अनुसार पूरे जनपद में स्मार्ट मीटर लगाया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश भी दिए। स्टोर से आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की उपलब्धता की स्थित की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्टोर में मानकों के अनुसार उपकरणों, ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल, तार आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। ट्यूबवेल कनेक्शन के लंबित प्रकरणों में जिलाधिकारी ने सामग्री की आपूर्ति समय से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर निर्धारित समयावधि में बदलवाए जाए। विद्युत व्यवस्था सम्बंधी शिकायतों का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किया जाये। विद्युत चोरी करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना के लाभों के विषय में बताकर लक्ष्य के अनुसार ओटीएस योजना में पंजीकरण कराएं। अवशेष विद्युत बिलों का समय से भुगतान सुनिश्चित कराए जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत सहित सभी अधिशासी अभियंता, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कठेरिया समाज के जिला अध्यक्ष ने मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर सैनिकों को किया सम्मानित

**महोली सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कठेरिया समाज के जिला अध्यक्ष सर्वेश अंजनी बंसल ने क्षेत्र के कई कार्यक्रम में शामिल हुए वही अध्यक्ष के द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला चढ़ाकर के किया गया जिसमें देश के सम्मानित सैनिकों व बुजुर्ग लोगों को सम्मान सहित गर्म अंग वस्त्र देकर के सम्मानित किया गया और समाज सेवा का आशीर्वाद लिया और साथ ही जूनियर स्कूल में बच्चों को कॉपी कटर वितरित कर सभी को शिक्षा के लिए प्रेरित किया और कहा हमारे देश का भविष्य इन बच्चों पर ही टिका है जितनी अच्छी शिक्षा होगी उतना ही ज्यादा देश विकसित होगा। अध्यक्ष सर्वेश अंजनी बंसल ने क्षेत्र के कुछ सैनिकों को सम्मानित किया जो इस प्रकार है विमल कश्यप फौजी,गुरु प्रसाद पूर्व फौजी, अमर सिंह पूर्व फौजी, बृजेश मिश्रा फौजी विशाल गुप्ता फौजी, शोभित दीक्षित फौजी,इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई लोग उपस्थित रहे।

## छोटी काशी पतंग महोत्सव को दिया गया अंतिम स्वरूप



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका अध्यक्ष गोला गोकर्णनाथ एवं गोला टूरिज्म द्वारा संयुक्त तत्वावधान में 01 व 02 फरवरी को आयोजित होने वाले एवं चाइनीज मांझे के विरुद्ध जागरूकतापरक आयोजन छोटी काशी पतंग महोत्सव की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। जिसमें पंजीकरण को आधिकारिक रूप से बंद किया गया, महोत्सव में पचास प्रतिभागियों के पंजीकरण को क्रमबद्ध किया गया साथ ही कई बच्चे कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक थे परन्तु आयु सीमा से कम होने के कारण उन्हें मुख्य आयोजन में शामिल नहीं किया जा सकता था इसलिए आयोजन समिति द्वारा उन्हें ओपन प्रतिभाग करने की अनुमति दी गई व सभी को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देने पर सहमति बनी। कार्यक्रम से जुड़ी हुई सभी बातों पर मंथन कर उनको अंतिम स्वरूप दिया गया। आयोजन से जुड़ी हुई सभी व्यवस्थाओं का पुनर्निरीक्षण किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. योगेश कनौजिया, डॉ. सौरभ दीक्षित, राजेंद्र सोनी, एड. सुमित शाह, डॉ. आदर्श दीक्षित एवं कुलदीप तिवारी शामिल हैं, उन्होंने निर्णय संबंधी विचार समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जिनको अनुमति प्रदान की गई। आयोजन समिति में नगर पालिका परिषद गोला अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, गोला टूरिज्म संगठन के अध्यक्ष विनायक श्रीवास्तव, प्रबंधक प्रेम गुप्ता, सचिव मिलिंद शुक्ल, मंत्री अनुज त्रिवेदी, रविन्द्र कटियार एवं लवकुश अवस्थी उपस्थित रहे।

## क्या कार्यवाहक सीएमओ के सहारे चलेगा सीएमओ कार्यालय या होगी स्थायी नियुक्ति

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एख्र्ग) कार्यालय का संचालन बीते कुछ समय से कार्यवाहक व्यवस्था के तहत किया जा रहा है। लेकिन आज (31 जनवरी 2025) को कार्यवाहक सीएमओ डॉ. कमलेश चंद्रा सेवा निवृत्त हो रहे हैं, जिससे यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि क्या शासन नए स्थायी सीएमओ की नियुक्ति करेगा या फिर कार्यालय कार्यवाहक प्रणाली के सहारे ही चलता रहेगा सीएमओ पद पर स्थायी नियुक्ति की जरूरत स्वास्थ्य विभाग के सुचारू संचालन और प्रशासनिक स्थिरता के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर स्थायी नियुक्ति आवश्यक मानी जा रही है। जिले के स्वास्थ्य केंद्रों की निगरानी, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस पद पर स्थायी नियुक्ति जरूरी है। क्या होगा आगे डॉ. कमलेश चंद्रा की सेवानिवृत्ति के बाद अब सभी की निगाहें शासन पर टिकी हैं। क्या शासन जल्द ही नए सीएमओ की स्थायी नियुक्ति करेगा, या फिर किसी अन्य अधिकारी को कार्यवाहक सीएमओ के रूप में तैनात किया जाएगा? इस पर जल्द ही फैसला लिया जा सकता है। सरकार द्वारा अगर स्थायी नियुक्ति नहीं की जाती, तो सीतापुर के स्वास्थ्य महकमे में प्रशासनिक चुनौतियां बढ़ सकती हैं। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस स्थिति से कैसे निपटता है।

## श्रद्धालुओं के लिए बने 23 मोबाइल शौचालय, 700 अतिरिक्त सफाईकर्मी तैनात

**वाराणसी।** प्रयागराज महाकुंभ से काशी आ रहे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर निगम प्रशासन संकल्पित है। नगर के विभिन्न स्थानों पर पेयजल टैंकरों एवं मोबाइल टायलेट की व्यवस्था की गयी है। त्वरित व्यवस्था के तहत कुल 44 स्थानों पर पेयजल टैंकर,23 मोबाइल शौचालय, कुम्भ आश्रय स्थलों (रैन बसेरों), रेलवे/बस स्टेशन के पास स्थापित किया गया है। इन मोबाइल टायलेटों की निरन्तर सफाई कराई जा रही है, आम श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत नगर में कुल 800 विभिन्न स्थानों पर शौचालय/मूत्रालय से सम्बन्धित दिशा सूचक भी लगाये गये है। नगर निगम के अफसरों के अनुसार नगर निगम से संचालित नगर में कुल 186 सार्वजनिक शौचालयों की दिन में कई बार सफाई कराई जा रही है।

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



- बंदियों से बात कर लिया सुविधाओं का फीडबैक, परखी खाने की गुणवत्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान बंदियों को भोजन का वितरण किया जा रहा था। दोनों अधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता चेक की और बंदियों से बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर सुनील वर्मा, भोजराज सिंह, चिकित्सक डॉ शिवपूजन, डॉ दीपांकर रावत मौजूद रहे।

# आखिर बेहटा ब्लॉक में नहीं रुक रहा मनरेगा में फर्जी लेवर बढ़ने का सिलसिला जिम्मेदार बने मूकदर्शक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा सीतापुर। वैसे तो जनपद का बेहटा ब्लॉक कच्चे कामों में कागजी दस्तावेजों में सुर्खियां बटोर रहा हैं कागजों पर तो खूब फावड़े चलते नजर आ रहे हैं लेकिन हकीकत में तो एक छोटे मोटे रास्ते पर कई हफ्तों तक कम चलने के बावजूद भी रास्तों के गड्ढे भी भरते नजर नहीं आ रहे हैं और तो और तीन बजने के बाद सूरज ढलने के साथ लेवरो की संख्या भी बढ़ने लगती हैं शायद सरकार का कोई नया नियम आया हो कि अब 5 बजे लेवर काम पर जाएगा और उतने ही समय अटेंडेंस लगेगी कुछ ऐसा ही प्रकरण 31 जनवरी को ग्राम पंचायत पिपरिया में देखने को मिला जहां दिन के 8,40 बजे लखपति के खेत से भगौती के खेत तक मास्टर रोल संख्या 91923 पर 36 श्रमिक,10 बजकर 7 मिनट पर मस्टर रोल संख्या 22088 पर 55 श्रमिक,10 बजकर 11 मिनट पर मस्टर रोल संख्या 22098 पर 29 श्रमिक,एवं मस्टर रोल संख्या 22109 पर 16 श्रमिकों की उपस्थिति के साथ 16 बजकर 24 मिनट पर मस्टर रोल संख्या 23319 पर 56 श्रमिक दिखाए गए जहां पर दिन के 3 बजकर 38 मिनट पर मात्र 136 श्रमिक की जगह पर 4 बजकर 24 मिनट पर 56 श्रमिकों की बढ़ोत्तरी के साथ कुल संख्या 192 हो गई इस पंचायत के लिए ऐसा होना कोई ताज्जुब की बात नहीं है क्योंकि यहां पर आए दिन ऐसे कारनामे होते ही रहते हैं आखिर मॉनिटरिंग करने वाले जिम्मेदार मूक दर्शक क्यों बने बैठे हैं क्या इसी प्रकार सरकारी धन का दुरुपयोग होता रहेगा ।

## नाबालिग से रेप के मामले में दो दोषियों को उम्रकैद

**जालौन।** स्पेशल पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश मोहम्मद कमर ने शुक्रवार को नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में सजा का ऐलान करते हुए दो दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। सजा के साथ 80-80 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया है। घटना 28 सितम्बर 2021 की रात करीब एक बजे की है, जहां कोंच कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीय नाबालिग को भगत सिंह नगर के रहने वाले दिनेश रायकवार और टिक्कू उर्फ कमलेश उसके घर से सोते समय उठा ले गए। आरोपी टिक्कू के घर ले जाकर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। अगली सुबह पीड़िता ने घर पहुंचकर अपने पिता को पूरी घटना बताई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़िता का मेडिकल कराया गया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह के अनुसार, कोर्ट ने साक्ष्य और गवाहों के आधार पर दिनेश रायकवार और टिक्कू उर्फ कमलेश को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।। दोनों दोषी गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद हैं।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा हेतु आयोजित की गयी क्विज, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद। हेलमेट का नियमित प्रयोग करने से ही केवल सड़क हादसों में मृतको की संख्या को कम किया जा सकता है। यह बात खैराबाद स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सभाकक्ष में आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा0 अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग श्री राजेश वर्मा ने कही। उन्होने कहा कि प्रदेश की सरकार सड़क हादसों को कम करने के लिये जागरूकता के कार्यक्रम चला रही है। उन्होने कहा कि बच्चे जब भी वाहन पर बैठे तो अपने अभिभावकों को यातायात नियमों को मानने की बात कहें। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा हेतु आयोजित की गयी क्विज, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता में विजेता छात्र / छात्राओं को क्रमशः क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्पित



गुप्ता, राजकीय इण्टर कॉलेज सीतापुर, द्वितीय स्थान चॉदनी, रघुराज सिंह उ0मा0वि0 लोनियनपुरवा सीतापुर एवं तृतीय स्थान दीपक मौर्य, राजारघुबर दयाल इण्टर कालेज सीतापुर एवं भाषण प्रतियोगता में प्रथम स्थान आकांक्षा यादव, अग्रवाल पब्लिक इण्टर कालेज सीतापुर, द्वितीय स्थान दीक्षा, डी0पी0एस0 सीतापुर व तृतीय स्थान राघवेन्द्र कुमार, प0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इण्टर कालेज जुडौरा पचदेवरा, सीतापुर एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्यांश शर्मा, अग्रवाल पब्लिक इण्टर कालेज सीतापुर, द्वितीय स्थान तनिष्का दीक्षित, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज तरीनपुर, सीतापुर व तृतीय स्थान मो0 अयान सैफी, राजारघुबर दयाल इण्टर कालेज सीतापुर द्वारा स्थान प्राप्त किया गया एवं उच्च शिक्षा हेतु आयोजित की गयी भाषण प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्रखर शुक्ला, नरेन्द्रदेव टीचर्स ट्रेनिंग कालेज सीतापुर, द्वितीय स्थान शमशेर, फखरूद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महमूदाबाद सीतापुर, तृतीय स्थान शशांक मिश्रा, नरेन्द्रदेव टीचर्स ट्रेनिंग कालेज सीतापुर, व पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम संचिता शर्मा, आरएमपी पीजी कालेज सीतापुर, द्वितीय स्थान प्रिंसी सेठ, एएनडी नरेन्द्रदेव टीचर्स ट्रेनिंग कालेज सीतापुर, तृतीय स्थान हफसा हुसैन, फखरूद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महमूदाबाद सीतापुर, एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशुतोष प्रताप सिंह, फखरूद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महमूदाबाद सीतापुर, द्वितीय स्थान नेहा अरोमा, फखरूद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महमूदाबाद सीतापुर, तृतीय स्थान अनुष्का मौर्या, फखरूद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महमूदाबाद सीतापुर को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सीतापुर के प्रधानाचार्य श्री अतुल सिंह द्वारा बताया गया कि शारीरिक सुरक्षा का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। रोड सेफ्टी भी इसी का हिस्सा है हमें यातायात नियमों को मानकर सड़क हादसों को कम करने में अपनी भूमिका को बढ़ाना होगा। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी द्वारा रोड सेफ्टी के बेसिक रूल्स की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा के मुख्य 05 नियम मान लेने मात्र से ही सड़क हादसों को न्यूनतम स्तर तक ले जाया जा सकता है। जिनमें हेलमेट सीटबेल्ट का नियमित प्रयोग, नशा, नींद, तेज रफ्तार से बचाव शामिल है। उन्होने गुड सेमेरिटन की जानकारी देते हुए बताया कि घायलो को अस्पताल पहुँचाना पुनीत कार्य है इसके लिये सभी को आगे आना चाहिए। शासन द्वारा गुड सेमेरिटन (नेक आदमी) को नियमानुसार 5 हजार रूपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। यात्री / मालकर अधिकारी एम0ए0 अहमद ने कहा कि हादसे के वक्त 108 डायल कर एम्बुलेंश की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुचाया जा सकता है। हमें हादसा हो जाने की स्थिति में घायलों की मदद करनी चाहिए।

NATIONAL AGRICULTURAL COOPERATIVE MARKETING FEDERATION OF INDIA LIMITED (NAFED)

nafed A Farmers' Cooperative



BHARAT ATTA Rs. 30/Kg ( Net Wt. 10Kg. Pack) | BHARAT RICE Rs. 34/Kg (Net Wt. 10Kg. Pack) | BHARAT DAL Rs. 70/Kg (1Kg. Pack)

NAFED is undertaking sale of Bharat Brand Products as per directives of Department of Consumer Affairs, Govt. of India.
Interested buyers may visit near by Reliance Stores, CityMall (Online) & Dealshare (Online) for purchase of Bharat Brand Products at following locations :- All sectors of Maha Kumbh and Prayagraj city.

State Head : NAFED Uttar Pradesh
Address : Nafed Warehousing Complex, Beside Fire Station Chatha Meel (6th Mile Chauraha, Sitapur Road, Lucknow-226021 (U.P.)

# टॉफी कांड में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास

❒ चार मासूमों की जान लेने वाले आरोपियों पर दोष सिद्ध

❒ जिला एंव सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला, दोषियों को कारावास के साथ 25-25 हजार का अर्थ दंड



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जहरीली टाफी से चार मासूम बच्चो की जान लेने वाले तीन आरोपियों को जिला एंव सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार शशि की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड से दण्डित किया है। तीनों अपराधी कुड़वा दिलीपनगर के निवासी है। घटना वर्ष 2022 के मार्च माह की है। फ्लैशबैक गौरतलब है कि कसया थाना क्षेत्र के कुडवा दिलीपनगर के लठऊर टोला मे अनुसूचित जनजाति (लठऊर समाज) से ताल्लुक रखने वाले रसगुल्ला और प्रेम प्रसाद के बीच आपसी विवाद चल रहा था। 23 मार्च - 2022 को सिसई गुरम्हिया टोला निवासी प्रेम प्रसाद, बाला प्रसाद पुत्र गण जोगिन्दर उर्फ योगेन्द्र, चाबस पुत्र राजबली ने रसगुल्ला के दरवाजे पर सुबह टॉफी मे जहर मिलाकर पालीथीन मे रखकर फेंक दी थी। रसगुल्ला के घर की महिला मुखिया देवी 23 मार्च - 2022 सुबह अपने घर के सामने झाड़ू लगा रही मुखिया देवी को एक पालीथिन मे पांच टॉफी और नौ रुपये मिले। महिला ने उस पालीथिन से तीन टाफी अपने नातियो व एक टाफी वहा मौजूद अपने पडोसी के बच्चे को दे दिया। बच्चे टाफी खाकर जैसे ही बाहर खेलने के लिए कुछ दूर आगे बढे लडखडाकर जमीन पर गिर पडे और तडफडाने लगे। उस समय गांव वाले एंबुलेंस को लगातार फोन करते रहे लेकिन मौके पर एंबुलेंस नही पहुचा। परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से चारो बच्चो संजना, स्वीटी, समर, आरुष को बाइक से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने इन चारो बच्चो को मृत घोषित कर दिया।

## इन बच्चों की हुई मौत

मृत बच्चों में रसगुल्ला की छह वर्षीय पुत्री संजना, तीन वर्षीय पुत्री स्वीटी, दो वर्षीय पुत्र समर और मायके आई रसगुल्ला की बहन खुशबू के एकलौते पांच वर्षीय पुत्र आरुष की मृत्यु हुई थी। मृत बच्चे अनुसूचित जनजाति लठ परिवार के हैं।

## सीएम ने ली घटना की जानकारी, दिए जांच के आदेश

जनपद में चार बच्चों की मौत के मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ ने जांच का आदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से पीड़ित परिवार की तत्काल सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया था।

# दबंगों ने बुजुर्ग का उजाड़ा झोपडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना,कुशीनगर। थाना क्षेत्र से कुछ दबंगों द्वारा एक बुजुर्ग की झोपडी उजाड़ने का मामला सामने आया हैं, बुजुर्ग ने दबंगों पर झोपडी उजाड़ने के साथ साथ झोपडी में रखा हुआ समान को भी तोड़ने और भद्दी भद्दी गालियां देने का आरोप लगाया हैं,बुजुर्ग व्यक्ति का दबंगों द्वारा झोपड़ी उजाड़ने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वॉयरल हो रहा हैं, वही दूसरी तरफ सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने तहरीर के आधार पर 8 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर आगे की जॉच में जुटी हुई हैं। पूरा मामला कुशीनगर जनपद के रामकोला थाना क्षेत्र के खोठही धर्मपुर गांव का हैं, जहां के रहने वाले लालबचन पुत्र मुनेशर ने पुलिस को तहरीर दे कर बताया हैं कि प्रार्थी अपनी पुस्तैनी जमीन पर झोपड़ी डाल कर रहता हैं और अपना जीवन यापन करता हैं, प्रार्थी ने अपने तहरीर में अपने ही गांव के कुछ पर गंभीर आरोप लगाते हुवे बताया हैं कि बीते 29 - 01-2025 को लगभग 7 बजे के आस पास गांव के ही रहने वाले दबंग किस्म के श्रीकिशुन व भगवंत पुत्रगण रामलाल, जनार्दन पुत्र बृजलाल, प्रदुम्न पुत्र राधेश्याम, तथा उनके घर की महिलाओं द्वारा हाथ में लाठी डंडा लेकर उनको भद्दी भद्दी गालीयां दिया गया उनके झोपड़ी को उजड़ा गया तथा झोपड़ी में रखा हुआ सामान को तोड़ दिया गया हैं,पीड़ित ने बताया हैं कि मना करने पर दबंगों ने उनको तथा उनके बेटे सुबोध को जॉन से मारने की धमकी भी दिया हैं, दबंगों द्वारा बुजुर्ग व्यक्ति की झोपडी उजाड़ने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, वही दूसरी तरफ रामकोला थाने की पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस के तहत गंभीर धाराओं में 8 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर आगे की जॉच में जुटी हुई हैं।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय सोहसा पट्टी गौसी में नयी दिशा ने किया पौधा वितरण

❒ हरित कुशीनगर हेतु बच्चों सहित लोगों ने पौधे को लगाने और बचाने का लिया संकल्प




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा शुक्रवार को हरित कुशीनगर हेतु हाटा विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय सोहसा पट्टी गौसी में पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय के सभी बच्चों, शिक्षकों, अतिथियों को विभिन्न प्रकार के फूलदार पौधे भेंट कर इसे घर पर लगाने और बचाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम समाजसेवी दीपनारायण अग्रवाल व लता अग्रवाल के सहयोग से उनके वैवाहिक वर्षगाँठ पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते साहित्यकार व शिक्षक मजीबुल्लाह राही ने बच्चों को पौधों के महत्व से अवगत कराया और कहा कि यदि जीना है तो पौधा बचाना है। अपने जीवन के लिए बचाना है, आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाना है। क्योंकि पौधों से ही प्राणवायु ऑक्सीजन मिलता है और इसके बिना जीवन सम्भव नही। संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने कहा कि वैश्विक स्तर पर पर्यावरणीय संकट को देखते हुए हमें सचेत होने और हरित कुशीनगर हेतु प्रयास करने की जरूरत है। इसके लिए हर घर पौधा लगाना होगा। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पौधा वितरण हेतु विद्यालय परिवार का चयन किया गया। आगे भी जन सहयोग से पौधा वितरण का कार्यक्रम चलता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अमिताभ त्रिपाठी, अतिथियों का स्वागत प्रधान प्रतिनिधि विपिन तिवारी व आभार प्रधानाध्यापिका प्रज्ञा त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, मृत्युंजय तिवारी, देवानंद धर दुबे, सुधेन्दु शुक्ल, पारस गुप्ता, पूजा गौड़, सरोज कुमारी, रमावती देवी, शांति देवी, ज्ञान्ती देवी, कृष्णावती देवी आदि उपस्थित रहे।

# दो ठेकेदारो के बीच जमकर हुई मारपीट, फायरिंग के बाद कार फूकी

## जेल निर्माण मे मिट्टी भरवाने को लेकर हुआ विवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । बुआ नौरंगिया। जिला जेल का निर्माण करा रहे दो ठेकेदार और उसके कर्मचारियों के बीच बुधवार की रात जमकर मारपीट हुई और हवाई फायरिंग भी हुई। दोनो पक्षों से तकरीबन चार लोग चोटिल बताये जा रहे है। इस दौरान कानपुर के ठेकेदार और उनके लोगो ने संतकबीरनगर के ठेकेदार की कार फूंक दी। पुलिस ने ठेकेदार प्रदीफ पाठक की तहरीर पर दुसरे पक्ष के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी ठेकेदार की स्कॉर्पियों अपने कब्जे में ले लिया है। देर शाम तक मामले को मैनेज करने का खेल चला, लेकिन बात नहीं बनी। बतादे कि जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव के करमहा कुटी के समीप जिला जेल का निर्माण चल रहा है। इसमें काम करने वाले कानपुर के ठेकेदार राजेंद्र यादव और संतकबीरनगर के ठेकेदार प्रदीप पाठक किराए के मकान में रहते हैं। इनके कर्मचारी भी यहीं पर रहते हैं। दोनों के बीच ठेकेदारी को लेकर काफी दिनों से ठनी थी। बताया जाता है कि कई बार कहासुनी भी हो चुकी थी। बुधवार की रात को दोनों ठेकेदारों के बीच लाठी-डंडे और रॉड से मारपीट हुई। इसमें एक पक्ष के लोगों पर चार राउंड हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने का आरोप है। घटना को लेकर अफरा-तफरी मच गई। देर रात को संतकबीरनगर के ठेकेदार प्रदीप पाठक की स्कार्पियो गाड़ी में कानपुर के ठेकेदार के लोगों ने आग लगा दी। सूचना के बाद भी नेबुआ नौरंगिया पुलिस मामले को मैनेज करने में पूरे दिन जुटी रही। इसमें राजनीतिक दबाव भी दोनों तरफ से था। राजेंद्र यादव की स्कॉर्पियों समेत दो वाहन थाने में खड़ी है। पांच लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दोनों ठेकेदार जेल में मिट्टी भराई का काम कर रहे हैं।

### दोनो के बीच वर्चस्व की लड़ाई

हम किसी से कम नही के तर्ज पर कानपुर व संतकबीरनगर के ठेकेदार राजेंद्र यादव और प्रदीप पाठक के बीच वर्चस्व को लेकर विवाद बताया जा रहा है। हवाई फायरिंग के चलते घटना के दुसरे दिन पुलिस दिन भर मौके पर जमी रही। इंस्पेक्टर राम सहायक चौहान ने बताया कि दोनों ठेकेदारों के बीच वर्चस्व को लेकर विवाद हुआ है। इसमें प्रदीप पाठक की गाड़ी जली हैं। प्रदीप पाठक के तहरीर पर कानपुर के रहने वाले राजेंद्र यादव और इसके भाई समेत अज्ञात लोगो पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि हवाई फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है।

## पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगायेंगे दलित बालिका रिमझिम के परिजन



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सआदतगंज थाने में सुनवाई न होने के प्रकरण पर सोलह वर्षीया अनाथ दलित बालिका रिमझिम के परिजन अब लखनऊ पुलिस कमिश्नर कार्यालय का दरवाजे पर पहुंचेंगे। रिमझिम की मामी राजकुमारी ने पत्रकारों को बताया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज होते ही सआदतगंज थाने की पुलिस हरकत में आ गयी थी और रिमझिम के मकान पर कब्जा करने में जुटे असामाजिक तत्वों को हटवा दिया था लेकिन उसके बाद किसी दबाव में कारण पुलिस बोलने के लिये तैयार नहीं है और एलडीए द्वारा आबंटित रिमझिम के मकान को फर्जी रजिस्ट्री दिखाकर कब्जा किया जा रहा है। रिमझिम ने बताया कि उसके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह अपने छोटे भाई के साथ केवल मामा मामी के भरोसे पर अपने पुश्तैनी मकान को बचाने की कोशिश कर पा रही है।

## सीबीआई अदालत का सम्मन लेकर पहुंचे कॉन्स्टेबल पर हमला करने के आरोपित पिता-पुत्र गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सीबीआई अदालत का सम्मन तामील कराने के लिए घर पर पहुंचे सीबीआई कांस्टेबल वीरी सिंह पर हमला करने के आरोपी पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी अजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार की शाम को सीबीआई गाजियाबाद का कांस्टेबल वीरी सिंह सीबीआई न्यायालय द्वारा जारी सम्मन को तामील कराने के लिए थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के जवाहर नगर इलाके में गया था। यह सम्मन लक्ष्मण प्रसाद पुत्र स्वर्गीय छिद्दा लाल के नाम से था।
वीरी सिंह सम्मन तामीला के लिए जब यह लक्ष्मण प्रसाद के घर पर पहुंचा तो लक्ष्मण प्रसाद तथा उसके पुत्र दीपक कुमार सिपाही के ऊपर हमलावर हो गए, सिपाही ने अपना परिचय पत्र दिखाया गया, सम्मन दिखाया गया इसके बावजूद वो उसके ऊपर हमलावर रहे। सिपाही ने जब अपने मोबाइल से 112 नंबर डायल करने लगा तो उसका मोबाइल छीन लिया तथा उसका कॉलर पकड़कर घसीटते हुए पुलिस चौकी तक ले गये । इस संबंध में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके दोनों आरोपियों लक्ष्मण प्रसाद व दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है । इनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है ।

## आध्यात्मिक ऊर्जा का केन्द्र है महाकुम्भ : प्रो0 रत्नेश द्विवेदी

**अयोध्या।** वैश्विक आध्यात्मिक संस्कृति का महापर्व कुम्भ' विषय पर संगोष्ठी का डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता इण्टरनेशल एसोसिएशन ऑफ जर्नलिज्म पेरिस के निदेशक प्रो0 रत्नेश द्विवेदी ने पत्रकारिता के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयागराज के महाकुम्भ को तार्किक एवं वैज्ञानिक ढंग से समझना होगा। यह कुम्भ सृष्टि का द्योतक है। पूरी दुनिया की दृष्टि हमारे आध्यात्मिक नगरी प्रयागराज कुम्भ क्षेत्र पर है इसके महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। वैश्विक स्तर पर लोग उस ऊर्जा के रहस्य को जानने की उत्सुकता में वही पहुंचना चाहते है। वैदिक काल से चली आ रही परम्परा कितनी वैज्ञानिक है। उन्होंने कहा कि धर्म को शिक्षा से जोड़ा जाना चाहिए। वर्तमान में पूरी दुनिया में 265 धर्म है। सभी को अपने धर्मो के बारे में जानने की उत्कंठा होती है। सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है। इसलिए हमें भी अपने धर्म के बारे जानना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो0 द्विवेदी ने कहा कि यह महाकुम्भ करोड़ों श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। यह उत्सव सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और आध्यात्मिकता का समावेश है। गंगा में पवित्र डुबकी लगाना आध्यात्मिक रूप से आत्मा में ऊर्जा का संचार करता है।

## केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग के प्रशिक्षु अधिकारियों नेफॉरेंसिक की बारीकियों को समझा



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आज केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर भारत सरकार मुम्बई जोन के नवनियुक्त प्रशिक्षु अधिकारियों को साइबर फॉरेंसिक संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षु अधिकारी वर्तमान में उत्तर प्रदेश में इंडक्शन कोर्स संबंधित प्रशिक्षण में आए हुए हैं। संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ के गोस्वामी ने प्रशिक्षु अधिकारियों के इंडक्शन कोर्स का शुभारंभ कर अपने व्याख्यान से प्रशिक्षुओं को लाभान्वित किया उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण हमारे जीवन का अभिन्न अंग है मुझे उम्मीद है कि आज सभी प्रशिक्षु यहां से अपने दायित्व की अधीन विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स सीख कर जाएंगे। इस अवसर पर संस्थान के अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने यूपीएसआईएफएस के उद्देश्य एवं संस्थान के बारे में प्रशिक्षु अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी तथा कस्टम विभाग लखनऊ के अपर निदेशक सुश्री नेहा लाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी अतुल यादव जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी प्रतिसार निरीक्षक बृजेश सिह, रोहित श्रीवास्तव सहित फैकल्टी उपस्थित रहे।

# टीबी रोगियों को पोषण देना पुनीत कार्य :डीटीओ

❒ प्रवासी मदद फाउंडेशन द्वारा 6 टीबी रोगियों को दिया गया पोटली

❒ उमंग खेतान ने 3 रोगियों को दूसरे माह की सौपी पोटली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पड़रौना,कुशीनगर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में टीबी रोगियों को गोद लेने के लगातार कार्यक्रम चलाये जा रहे है। जिसके क्रम में शुक्रवार को जिला क्षयरोग केंद्र पर निक्षय मित्र नोडल आशुतोष मिश्र के प्रयास से कुल 9 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। जिसमें 6 नये टीबी रोगियों को प्रवासी मदद फाउंडेशन द्वारा गोद लेकर प्रथम माह का तथा 3 टीबी रोगियों को ऐसप्रा ज्वेलर्स के मालिक उमंग खेतान द्वारा दूसरे माह की पोषण पोटली दी गयी।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस. एन.त्रिपाठी ने कहा कि टीबी रोगियों को पोषण देना पुनीत कार्य है। क्योंकि टीबी का मरीज शारिरीक रूप से कमजोर होता है। ऐसे में आप द्वारा दिये गये प्रोटीनयुक्त आहार को दवा के साथ टीबी रोगी शीघ्र स्वस्थ हो जाता है। डीटीओ ने गोद वाले व्यक्तियों को साधुवाद देते हुई समाज के समक्ष व्यक्तियों से आगे आकर गोद लेने की अपील भी किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्रवासी मदद फाउंडेशन के सदस्य सन्दीप मिश्र ने कहा की मैं ईश्वर को धन्यबाद ज्ञापित करता हूँ कि मुझे टीबी रोगियों को सेवा करने का अवसर प्रदान किया। उमंग खेतान ने कहा कि जनपद को टीबी मुक्त बनाने हेतु टीबी कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ काम कर रहे है। हम लोग टीबी रोगियों को गोद लेकर उनका सहयोग कर देंगे तो शायद अपना जनपद शीघ्र टीबी मुक्त हो जाये। मैं समाज के सभी संभ्रांत व्यक्तियों से अपील करता हूँ कि इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। आगन्तुकों का स्वागत डीपीसी अनुपम मिश्र ने किया तथा आभार ज्ञापन पीपीएम नितेश राय ने किया।गोद लेने वालों में प्रवासी मदद फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार पिंटू बाबू,प्रदीप पांडे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,विजय मद्धेशिया राष्ट्रीय महासचिव आशुतोष कुमार राष्ट्रीय सचिव,बृजेश कुमार डब्लू राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष,वरुण शर्मा राष्ट्रीय सलाहकार आदि प्रमुख रहे। इस दौरान एसटीएलएस विशाल कुमार,एसटीएस विवेक यादव ,अरमान अहमद,अनिल सिंह,अविनाश गुप्ता,दीपक दुबे,राजा,बिरेन्द्र,विद्या आदि उपस्थित रहे।

# पीड़िता को स्थाई लोक अदालत से मिला न्याय, सोलह लाख रुपये की चेक पाकर अदालत का जताया आभार

एजेंसी

फतेहपुर। जिले में शुक्रवार को एक पीड़िता को स्थायी लोक अदालत द्वारा 16 लाख 50 हजार 460 रुपये बीमा की धनराशि दिलाई गई। पीड़िता के पति की एक मार्ग दुर्घटना में मौत गई थी। पति ने 15 लाख रुपये का यूनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी में बीमा पॉलिसी ले रखी थी। बीमा कंपनी भुगतान करने में तरह-तरह की अड़चनें खड़ी कर रही थी। परेशान होकर पीड़िता ने अपने अधिवक्ता के जरिए स्थाई लोक अदालत में न्याय की मांग के लिए मुकदमा दायर किया था। न्यायालय के आदेश पर चेक मिलने पर पीड़िता ने न्यायालय का आभार जताया है। महेंद्र कुमार उर्फ़ छेदीलाल निवासी ग्राम कोर्राकनक फतेहपुर की एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी जिसको लेकर पीड़ित की पत्नी बीमा कम्पनी के चक्कर लगा रही थी, पीड़ित की पत्नी ने बताया कि हमारे पति ने मोटरसाइकिल का बीमा दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से करवाया था। विगत 23 दिसंबर 2019 को मेरे पति स्व0 महेंद्र कुमार उर्फ़ छेदीलाल की मोटर साईकिल से बिन्दकी कस्बा जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। बीमा की जोखिम धनराशि पंद्रह लाख रुपये थी। इंश्योरेंस में स्व0 छेदीलाल ने अपनी पत्नी पूनम देवी को नामिनी घोषित कर रखा था, जिसकी सारी औपचारिकताएं पूरी कर दी। फिर भी बीमा कम्पनी इन्श्योरेंस की धनराशि अदायगी नहीं कर रही थी। बाद में पूनम देवी परेशान होकर वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चन्द्र उत्तम के माध्यम से स्थाई लोक अदालत फतेहपुर में एक याचिका दायर कर न्याय का दरवाजा खटकाया। याचिका की सुनवाई करते हुए स्थाई लोक अदालत फतेहपुर द्वारा 04/10/2024को याचिका अर्धनिहित करते हुए पन्द्रह लाख रूपये का छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज की साथ अदायगी करने का आदेश पारित किया। जिसके अनुपालन में दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा सोलह लाख पचास हजार चार सौ साठ रूपये का चेक स्थाई लोक अदालत फतेहपुर को उपलब्ध कराया गया। जिसको आज अध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, सदस्य आदित्य प्रकाश मिश्र, डाक्टर सोमारू सिंह कुशवाहा द्वारा दिवंगत की पत्नी को दिया गया। अधिवक्ता सुरेश चन्द्र उत्तम ने बताया कि एक लम्बे संघर्ष के बाद पीड़ित को ब्याज सहित इंश्योरेंन्स कम्पनी ने अदायगी की है।

# आरडीएसओ अस्पताल में विश्व कुष्ठ रोग दिवस का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आरडीएसओ अस्पताल में दिनांक 30.01.2025 को विश्व कुष्ठ रोग दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. मृदुल शुक्ला ने कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार एवं बचाव के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग को सामाजिक कलंक के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जबकि यह अन्य संक्रामक रोगों की तरह ही एक सामान्य बीमारी है, जिसका समय पर इलाज संभव है। प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमल किशोर ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुष्ठ रोग से बचाव, उसके प्रभावी उपचार एवं समाज में रोगियों को सहयोग प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यदि कुष्ठ रोग का समय पर निदान कर उपचार किया जाए, तो मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकते हैं। कार्यक्रम में अस्पताल के अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी साझा की एवं समाज में इसके प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने पर बल दिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता में कुष्ठ रोग को लेकर जागरूकता बढ़ाना एवं समाज को यह संदेश देना था कि कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव न करते हुए, उन्हें उचित उपचार एवं सहयोग प्रदान करने की जरुरत है।

# शादी से 20 दिन पहले दूल्हा गायब,13 दिन बाद भी नहीं लगा कोई सुराग

❒ त्परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान, पुलिस कई एंगल से कर रही जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। रामकोला थाना क्षेत्र के पकड़ी बांगर गांव में शादी की खुशियों की जगह अब गहरी चिंता और आंसुओं ने ले ली है। 7 फरवरी को विवाह बंधन में बंधने जा रहे अनुराग श्रीवास्तव 19 जनवरी की शाम से लापता हैं। उनकी तलाश में दो थानों की पुलिस और स्वाट टीम लगी हुई है, लेकिन 12 दिनों बाद भी कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। परिजन इसे अपहरण की आशंका से जोड़ रहे हैं, जबकि पुलिस इसे प्रेम-प्रसंग या खुद से चले जाने की संभावना मान रही है। कैसे अचानक लापता हुए प्राइवेट स्कूल के प्रिंसिपल नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक निजी विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत अनुराग 19 जनवरी को शाम 5 बजे घर से निकले थे। वह शादी के कार्ड का सैंपल लेकर आए थे और उसे छपवाने जाने की बात कहकर घर से निकले। उसी दिन शाम 7 बजे उन्होंने अपने छोटे भाई को फोन किया और बताया कि उनका फोन चार्ज नहीं है और बाइक खराब हो गई है, इसलिए उसे लेने आ जाए। जब छोटा भाई रौनक अपने दोस्त सुजीत के साथ वहां पहुंचा तो उसे अनुराग नहीं मिले, केवल उनकी बाइक खड़ी मिली। उसके बाद से अनुराग का कोई पता नहीं चला।

अब तक अनसुलझे सवाल

1.अनुराग आखिरी बार कहां देखे गए?

2.क्या अनुराग किसी परेशानी में थे

3.अगर उन्होंने खुद से जाने की योजना बनाई, तो बिना बताए क्यों गए 4.परिजनों की अपहरण की आशंका कितनी सही है?

5.क्या पुलिस सही दिशा में जांच कर रही है परिजनों की गुहार, प्रशासन पर उठ रहे सवाल अनुराग की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरा परिवार पुलिस प्रशासन से अनुराग को जल्द से जल्द खोजने की गुहार लगा रहा है। लेकिन सवाल यह है कि पुलिस अब तक किसी ठोस नतीजे पर क्यों नहीं पहुंची? क्या अनुराग की तलाश में कोई चूक हो रही है, या यह मामला वास्तव में उतना ही उलझा हुआ है।

### परिजनों की चिंता और अनहोनी की आशंका

अनुराग के पिता राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि 8 जनवरी को उनकी तनख्वाह आई थी, जिसे उन्होंने 10 जनवरी को घर की रंगाई-पुताई के लिए दिया था। 20 जनवरी को वह शादी के कपड़े खरीदने दिल्ली जाने वाले थे। परिजनों का कहना है कि अनुराग घर की हर जिम्मेदारी निभाते थे। उनके अचानक गायब हो जाने से परिवार में हड़कंप मच गया है। बड़े भाई अभिलाष श्रीवास्तव ने कहा, ''पुलिस केवल यह मान रही है कि अनुराग शादी से बचने के लिए गए हैं, लेकिन क्या यह भी संभव नहीं कि उनके साथ कोई अनहोनी हो गई हो परिवार के अन्य सदस्य इसे सुनियोजित अपहरण मान रहे हैं। अनुराग के चाचा संतोष श्रीवास्तव का कहना है, ''बाइक जिस स्थान पर मिली, वहां अनुराग का कोई काम नहीं था। उन्होंने स्कूल से छुट्टी ली हुई थी, फिर वह वहां क्यों गए पुलिस की जांच और अब तक की प्रगति नेबुआ नौरंगिया थानाध्यक्ष आनंद गुप्ता के अनुसार, अनुराग शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। जांच में पता चला कि उन्होंने हाल ही में कई लोगों से दूरी बना ली थी। उनके मोबाइल फोन और सोशल मीडिया अकाउंट बंद हैं।

# हर वर्ष की भांति तीर्थराज प्रयागराज में सुशील मिश्रा के नेतृत्व में हुआ भण्डारे का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। ऐतिहासिक तीर्थराज प्रयागराज संगम नगरी में प्रयागराज के महाकुंभ मेले में आए श्रद्धालुओं के लिए अमेरिकी बिजनेसमैन व समाजसेवी सुशील मि श्रा के नेतृत्व में स्थान काली सड़क संगम लोवर चौरा हा से क्टर न.बीस झूसी प्रयागराज में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।सात समंदर पार जिले के चर्चित समाजसेवी सुशील मिश्रा व अमेरिकी बिजनेस मैन (रंगुलाल कैरियर इंक) के एमडी सुशील मिश्रा ने तीर्थराज प्रयागराज महा कुंभ मेले के संगम नगरी में श्रद्धालुओं के लिए एक विशा ल भंडारे का आयोजन किया है,व्यवस्थापक डॉक्टर अरुण मिश्रा ने तीर्थराज प्रयागराज के



संगम के तट पर महाकुंभ मेले में आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।भंडारे में महंत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर जनार्दन दास जी महारा ज(तुलसीदास छावनी अयोध्या) राजन दास जी महारा ज अयोध्या के सानिध्य में संगम के तट तीर्थराज प्रयागराज के महाकुंभ मेले में एक विशाल भंडारे का आ योजन किया गया।जिसमें महाकुम्भ मेले में स्नान कर ने आए लाखो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया जिसमें प्रयागराज से महाकुम्भ स्नान करने आए श्रद्धालुओं के लिए चाय-पोहा, छोला- चावल, पूड़ी,सब्जी आदि की व्यवस्था की गयी थी।प्रयागराज के महाकुंभ मेले में स्नान करने आ रहे यात्रियों की बसो को रोक कर नगर के सैकड़ों युवकों द्वारा हर स्नानार्थी को प्रसाद के रूप में छोला-चावल,खिचड़ी व चाय- पूड़ी सब्जी बिस्किट, पानी आदि का वितरण किया गया।इसी बीच राजन दास जी महाराज अयोध्या भी आ पहुँचे और उन्होंने भी प्रसाद ग्रहण किया और भंडारा स्थल पर काफी देर तक उपस्थित रहे।जिसकी लोगो ने खूब सराहना की।वही प्रवासी अमेरिकी बिजनेसमैन सुशील मिश्रा भारत व अमेरिका मे रह कर भी भारतीय संस्कार की परम्प राओ को निभाने मे पीछे नही हटते हैं।समाज सेवी सुशील मिश्रा ने लोगों की भलाई के लिए निरंतर समा ज मे कार्य करते हैं,सुशील मिश्रा समय-समय पर गरी ब कन्याओं के हाथ पीले करवाना,मंदिरों का जीर्णो द्धार करवाना,ठंड में कंबल वितरण करना गरीबों को वस्त्र वितरण भोजन की व्यवस्था आदि कार्य समय पर करते रहते हैं।इस मौके पर व्यवस्थापक समाज सेवी डॉ.अरुण मिश्रा,शारदाकांत पाण्डेय,सरवन उपा ध्याय,नीरज मिश्रा, संजय पाण्डेय,सुनील मिश्रा,विजय दुबे,संदीप दुबे, पंकज मिश्रा,आदि समाजसेवी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त निरीक्षक व उपनिरीक्षकों को सम्मान के साथ दी गई विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त हुए एक निरक्षक व पांच उपनिरीक्षकों को ससम्मान समारोह पूर्वक विदाई दी गई।इस अवसर पर उनके द्वारा विभाग के लिए किए गए कार्यों पर चर्चा के लिए और कहा गया कि समाज और पुलिस विभाग के लिए इन एक निरक्षक समेत चार उप निरीक्षकों ने जो योगदान दिया है उसे भुलाया नहीं जा स कता। गोण्डा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से एक निरक्षक व चार उप निरीक्षक सेवानिवृत्त हुए हैं।इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार विदाई समारोह के दौरान अपर पुलिस





अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत द्वारा सेवानिवृत्त हुए निरीक्षक राकेश सिंह, उप निरीक्षक संतोष कुमार पाण्डेय,उपनिरीक्षक राममिलन मिश्र,उपनिरीक्षक हरि कृष्ण प्रसाद, उप निरीक्षक रामकि शोर प्रसाद, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश को अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में उन्हें फूलमाला पहनाकर,अंग वस्त्र व धार्मिक पुस्त कें भेट कर विदाई दी तथा भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा व अन्य पुलिस के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# जिले की रैंकिंग प्रभावित होने पर दण्डित होंगे जिम्मेदार अधिकारी: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । सीएम डेश बोर्ड एवं जनसुनवाई पोर्टल की समीक्षा हेतु गुरूवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान शिकायत निस्तारण की आख्या गुणवत्तापूर्ण न होने तथा छात्रवृत्ति की धनराशि के प्रेषण में विलम्ब व पेंशन लाभार्थियों की केवाईसी पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया। इसी प्रकार बैठक से अनुपस्थित होने पर सहायक श्रमायुक्त का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने तथा आख्या गुणवत्तापूर्ण न होने पर एडीओ पंचायत बलहा को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि से दण्डित किये जाने का निर्देश दिया। जबकि जल निगम से प्राप्त होने वाली आख्या संतोषजनक न होने तथा मौके की फोटो प्रेषित न किये जाने पर डीएम ने विभागीय अधिकारियों एवं लिपकीय संवर्ग को वेतन रोके जाने के निर्देश दिये। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों का निस्तारण नवीन शासनादेश के अनुसार करें। स्पेशल क्लोज़ से सम्बन्धित प्रकरणों में पूरी जांच पड़ताल कर शिकायतकर्ता से वार्ता के पश्चात



संतोषजनक/संतुष्ट फीड प्राप्त करने के बाद ही स्पेशल क्लोज़ करें। डीएम ने पंचायत राज, आपूर्ति, विद्युत एवं आईसीडीएस विभागों को निर्देश दिया कि आख्या पर विशेष ध्यान दें जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित न हाने पाये। समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया गया कि पेंशन से सम्बन्धित शिकायतों में अधिकारी कर्मचारी मौके पर जाकर जियो टैग फोटो व गवाह का साक्ष्य ज़रूर लगायें। बैठक के दौरान डीएम ने बताया कि नवीन व्यवस्था के अनुसार एल-1 स्तर के अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता से टेलीफोन पर बात करने पर रैंकिंग तय होगी। डीएम ने एल-1 स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनिवार्य रूप से शत-प्रतिशत शिकायतकर्ता से दूरभाष पर ज़रूर वार्ता करें। इसके लिए 10 नम्बर आवंटित किये जायेगें। एल-3 स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कम से कम 10 शिकायतकर्ता से अवश्य वार्ता करें। डीएम ने कहा कि बार-बार असंतुष्ट फीड बैक देने वाले शिकायतकर्ता को कार्यालय में बुलाकर उनकी समस्या का समाधान करने के पश्चात ही फीड बैक लगायें। बैठक के दौरान डीएम मोनिका रानी ने फैमिली आईडी, विद्युत, विकास, पर्यटन, आपरेशन कायाकल्प, मध्यान्ह भोजन, पशुपालन, पिछड़ा वर्ग, मत्स्य पालन, आईसीडीएस, सभी प्रकार की पेंशन, आधार सीडिंग, कन्या सुमंगला, श्रम विभाग, ओडीओपी, सहकारिता, आबकारी, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना, गन्ना मूल्य भुगतान, पीएम आवास, खनन इत्यादि विभागों की समीक्षा करते हुए आपूर्ति विभाग को निर्देश दिया कि उज्ज्वला योजना में लाभार्थियों के अतिरिक्त अन्य किसी को गैस सिलेण्डर देने सम्बन्धी प्रकरणों का समयबद्धता के साथ निस्तारण करें।

# तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुआ 50 जोड़ों का सामूहिक विवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत जिलाधिकारी मोनिका रानी के कुशल निर्देशन में तहसील परिसर पयागपुर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ज़रूरतमन्द, निराश्रित /निर्धन परिवारों की 50 विवाह योग्य कन्या/ विधवा/ परित्यक्ता/ तलाकशुदा महिलाओं का विवाह उनकी सामाजिक/ धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विकास खण्ड पयागपुर से 11, हुज़ूरपुर से 25, विशेश्वरगंज से 09, मिहींपुरवा से 01 व कैसरगंज व चित्तौरा से 02-02 कुल 50 जोड़ों में से 46 हिन्दू जोड़ों का विवाह विद्धान ब्राहमणों द्वारा हिन्दू रीति-रिवाजों से विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया गया जबकि 04 मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया। उल्लेखनीय है कि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने स्वयं भी वैदिक पूजन में प्रतिभाग किया, इस अवसर पर माननीय विधायक पयागपुर जी ने नवविवाहित जोड़ो पर पुष्पवर्षा करते हुए आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि आज सम्पन्न हुए विवाह कार्यक्रम को विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोचार एवं हिन्दू विवाह सप्तपदी के द्वारा सम्पन्न कराते हुए, वर-वधू को अग्नि के चारों ओर सात बार परिक्रमा कराकर विवाह के सात वचनो के साथ विवाह समपन्न कराये जाने हेतु विशेष महत्वपूर्ण अवसर बताया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने विशिष्ट अतिथि सांसद कैसरगंज करणभूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधान सभा संयोजक पयागपुर निशंक त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता, बीडीओ पयागपुर, विशेश्वरगंज, हुजूरपुर ने अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा परिजनों के साथ नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की दूरदर्शिता का परिणाम है कि सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत प्रदेश की गरीब बेटियों की शादी धूमधाम के साथ सम्पन्न हो रही है। आज किसी गरीब पिता को बेटी की शादी के लिए फिक्रमन्अ होने की ज़रूरत नहीं है।

# प्रयागराज के महाकुंभ मेले में भगदड़ से घायल श्रद्धालु की मौत

❐ इलाज के बाद परिजन लेकर जा रहे थे घर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ मेले में मौनी अमा वस्या के स्नान के दौरान हुई भगदड़ में घायल राम जी ओ झा की घर वापसी के दौरान रास्ते में मौत हो गई।मृत क के छोटे भाई आनंद ओझा ने बताया कि भगदड़ में घा यल होने के बाद प्रयागराज में प्राथमिक इलाज कराया गया था।चोट गंभीर न लगने के कारण परिजन बोलेरो से उन्हें गोंडा लेकर आ रहे थे।लेकिन अयोध्या के पास पहुंच ते ही उनकी मृत्यु हो गई।कटरा बाजार थाना क्षेत्र की मैजा पुर ग्राम पंचायत के भार्गवपूर्व के रहने वाले राम जी ओझा का शव गोंडा के पोस्टमॉर्टम हाउस लाया गया हैं।जहां डॉ. क्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक के छोटे-छोटे ब च्चों के रो-रो कर बुरा हाल है।मृतक के भाई ने बताया कि रास्ते में भारी जाम की वजह से भी उनकी स्थिति बिगड़ी। परिजनों ने सरकार से छोटे-छोटे बच्चों के लिए मुआवजे की मांग की है।राम जी ओझा की अकाल मृत्यु से पूरे परि वार में कोहराम मचा हुआ है।हालांकि भगदड़ में घायल हो ने की पुष्टि हिंदी दैनिक कैंनविज टाइम्स नहीं करता है। ब ल्कि खुद मृतक के परिजनों ने इसकी पुष्टि की है।परिजन अब उत्तर प्रदेश की योगी सरकार से मुआवजे की मांग क र रहे हैं।उम्मीद लगा रहे हैं कि उत्तर प्रदेश की योगी सरका र से मुवाजे की मांग की गई है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह फरवरी के प्रथम शनिवार 01 फरवरी 2025 को तहसील नानपारा में जिलाधिकारी तथा तहसील सदर बहराइच में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## डीसीडीसी की बैठक 10 फरवरी को

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** ए.आर. को-आपरेटिव संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष-2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष को 'को-आपरेटिव बिल्ड ए बेटर वर्ल्ड' की थीम पर मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। श्री तिवारी ने बताया कि जनपद में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष को मनाये जाने के उद्देश्य से 10 फरवरी 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिले स्तर पर गठित डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलमेंन्ट कमेटी (डी.सी.डी.सी) की बैठक आहूत की गई है। श्री तिवारी ने सभी समब्न्धित से अपेक्षित सूचनाओं के साथ बैठक में ससमय प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गई है।

## शादी के लिए लड़का देखने जा रहे चाचा-भतीजे को वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**मीरजापुर।** बेटी की शादी के लिए लड़का देखने जा रहे बाइक सवार चाचा-भतीजे को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे राजगढ़ थाना क्षेत्र के ददरा पहाड़ी गांव के पास हुई। मड़िहान थाना क्षेत्र के बेलाही रैकरा गांव निवासी शिवलाल (60) और मुन्ना (52) (चाचा-भतीजा) एक ही बाइक से कोदवारी शक्तेशगढ़ जा रहे थे। वहां से उन्हें शिवलाल के समधी को साथ लेकर मुन्ना की बेटी के लिए लड़का देखने पड़ोसी गांव जाना था। जैसे ही वे मीरजापुर-सोनभद्र मार्ग पर ददरा पहाड़ी गांव के पास नहर के पास पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ भेजा। वहां चिकित्सकों ने शिवलाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि मुन्ना का बायां पैर टूट गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर मीरजापुर रेफर कर दिया। राजगढ़ थानाध्यक्ष महेंद्र पटेल ने बताया कि कार को जब्त कर मामले की जांच की जा रही है। मृतक शिवलाल के परिजन को सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जबकि घायल का इलाज जारी है। इस घटना से मृतक शिवलाल के परिवार में मातम छा गया।

# बच्ची से महीनों दुष्कर्म करने वाले क्रिकेट कोच पर पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

एजेंसी

कानपुर। पनकी थाना क्षेत्र में क्रिकेट कोच पर बच्ची से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। आरोप के मुताबिक क्रिकेट कोच नशीला पदार्थ पिलाकर बच्ची को हैवानियत का शिकार बनाता रहा। कोच की इस हैवानियत से तंग आकर बच्ची ने परिजनों को घटना की सारी सच्चाई बताई। जिसके बाद परिजनों की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ पॉक्सो और एससी एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कानपुर देहात की रहने वाली पीड़ित महिला ने बताया कि अपनी बेटी को पढ़ाने और क्रिकेट के प्रति उसकी रुचि को देखते हुए वह परिवार समेत पनकी के रतनपुर इलाके में किराए के मकान में रहती हैं। उनकी 12 साल की बेटी अरमापुर स्थित स्टेडियम में क्रिकेट सीखने जाती है। वहीं पनकी गंगागंज भाग-चार का रहने वाला न्यू स्टार एकेडमी का कोच नीरज शर्मा उसे क्रिकेट कोचिंग देता है। महिला का आरोप है कि बीते कई महीनों से आरोपित कोच उनकी बेटी को एनर्जी ड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म कर रहा था। जब बेटी ने




इसका विरोध किया तो उसने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। कोच द्वारा की जाने वाली इस हरकत से परेशान होकर पीड़िता ने अपनी मां को सारी सच्चाई बताई। इसके बाद परिजनों ने पनकी थाना में आरोपित के खिलाफ शिकायत करते हुए तहरीर दी। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि आरोपित कोच नीरज शर्मा के खिलाफ गुरुवार की देर रात एससी एसटी और पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम उसके सभी ठिकानों के बारे में जानकारी जुटा रही है। साथ ही पीड़िता का मेडिकल कराकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रक्षेत्र दिवस के रूप में केवीके द्वारा पीएम 33 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वारा ग्राम मिर्ज़ापुर चहलवा में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी गई सरसों की प्रमुख प्रजाति पीएम 33 का प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. एस के यादव द्वारा किया गया इस दौरान उन्होंने बताया कि सरसों प्रमुख तिलहन फसल है। सरसों की खेती किसानों के लिए अन्य फसलों की अपेक्षा ज्यादा कमाई देने वाली फसल मानी जा सकती है। इसकी कुछ ऐसी किस्में हैं, जिसमें न कीट लगते हैं और न ही कोई बड़ा रोग होता है। इन किस्मों की खेती से किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। सरसों की खेती में पानी की कम आवश्यकता होती है, इसलिए इसकी खेती नेचर के लिहाज से भी अच्छी है, अक्टूबर से इसकी बुवाई शुरू कर सकते हैं। अगेती बुवाई ज्यादा उत्पादन के लिए अच्छी मानी जाती है। सरसों के तेल का लगभग सभी घरों में उपयोग किया जाता है। इस वजह से इसका रेट अच्छा मिलता है। बाजार में इसकी हमेशा मांग बनी रहती



है। ऐसे में किसान इसकी खेती कर अच्छी कमाई कर सकते हैं। इसकी खेती राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, गुजरात, आसाम, झारखंड, बिहार और पंजाब में की जाती है। सरसों की खेती के लिए दोमट, बलुई, और उपजाऊ दोमट मिट्टी अच्छी मानी जाती हैम् केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान (आई ए आर आई) द्वारा विकसित की गई सरसों की एक किस्म है। इसका पूरा नाम पूसा डबल जीरो मस्टर्ड-33 (पी सी जेड 11) है। यह किस्म स्वास्थ्य के लिए अच्छी मानी जाती हैम् इसमें इरुसिक एसिड की मात्रा कम होती है और यह स़फ़ेद रतुआ रोग से प्रतिरोधी होती है। इसमें इरुसिक एसिड की मात्रा 2 प्रतिशत से कम होती है। इसमें ग्लूकोसिनोलेट की मात्रा 30 माइक्रोमोल से कम होती है। यह स़फ़ेद रतुआ रोग से प्रतिरोधी होती है। इसकी बीज उपज 26.4 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होती है। इसमें तेल की मात्रा 38 प्रतिशत होती है। यह 141 दिनों में पक जाती है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.पीके सिंह ने बताया कि सरसों की अच्छी उपज के लिए उर्वरकों का संतुलित उपयोग आवश्यक है। नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश, और गंधक का सही अनुपात में उपयोग करना चाहिए। मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरक की सही मात्रा निर्धारित की जा सकती है, जिससे पौधों को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त हो सकें। मिट्टी में उर्वरकों का उचित वितरण फसल की उपज और गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद करता है। पूसा डबल जीरो सरसों 33 किस्म स़फ़ेद रतुआ रोग के प्रति प्रतिरोधी है, लेकिन अन्य रोगों जैसे भूरी गेरुई और चूर्णी फफूंदी से बचाव के लिए किसानों को सतर्क रहना चाहिएम् कीट और रोग प्रबंधन के लिए जैविक और रासायनिक दोनों तरीकों का उपयोग किया जा सकता है।

# कॉलेज के प्रधानाचार्य और शिक्षकों के विरोध के बाजूद जीआईसी के सामने नगर पालिका बनवा रही दुकाने

❐ शहर में नगर पालिका बनवा रही नालियों और सड़क की पटेरिओ पर दुकान बरसात के समय विकराल हो सकती है जल की निकासी की समस्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में सड़कों के किनारे स्थित नालों पर अतिक्रमण कर दुकानों का निर्माण कराए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।इस मामले में अब फखरूद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र लिखकर विद्यालय परिसर के बिल्कुल नजदीक कराए जा रहे निर्माण कार्य को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग की है।शहर में स्थित फखरूद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने डीएम व डीआईओएस को पत्र लिखा है जिसमें कहा गया है कि विद्यालय के बाउंड्रीवॉल के




आगे फुटपाथ पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है,जिसके संबंध में 12 दिसंबर 2024 को ही अवगत कराया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।प्रधानाचार्य ने 16 जन वरी 2025 को दिए गए पत्र में कहा गया है कि उक्त विद्या लय मुख्यालय स्थित राजकीय इंटर कॉलेज है जो नियमा नुसार शासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में संकलन एवं मूल्यां कन केंद्र के रूप में स्थापित किया जाता है।ऐसे में यदि विद्यालय के बाउंड्री वॉल के बिल्कुल नजदीक कोई भवन निर्मित,अवस्थित होता है तो विद्यालय में संकलित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई उत्तर पुस्तिकाओं की गोपनीय ता के साथ-साथ संरक्षा एवं सुरक्षा शासन द्वारा निर्धारित मानकों पर हो पाना संभव प्रतीत नहीं होता है।बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व जनपद में स्थापित समस्त परीक्षा केंद्रों के सभी प्रश्न पत्र तथा उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षा पूर्व विशेष सुरक्षा में संकलित रहती हैं जिनकी सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।प्रधानाचार्य द्वारा कहा गया है कि इस विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही यूपीपी एससी यूपीएसएससी आदि अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित होती रहती हैं।इन सभी परीक्षाओं की गोपनीयता बनाए रखने के लिए विद्यालय के निकट स्टेश नरी फोटो कॉपी व अन्य दुकान खोले जाने से गोपनीयता में बाधा उत्पन्न हो सकती है तथा भविष्य में विद्यालय स्तर से बाउंड्रीवॉल के आसपास निर्माण कार्य कराए जाने के लिए किसी योजनान्तर्गत कार्य की स्वीकृति शासन स्तर से होती है तो कराए जा रहे निर्माण को ध्वस्त कराया जाना संभव नहीं हो पाएगा।फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक से कराए जा रहे निर्माण कार्य को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है।

## कॉलेज के प्रबंध समिति ने उठाए सवाल

कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेश पटेल की ओर से सभी अधिकारियों को वेंडिंग जोन से होने वाली समस्याओं की जानकारी दी गई है।कॉलेज में कक्षा छह से 12 तक बच्चों की पढ़ाई के साथ ही बोर्ड के संकलन व प्रतियोगिता परी क्षा कराने में कॉलेज अहम भूमिका निभाता है। वहीं,पास में रोजवेज बस अड्डा होने के चलते आसपास रोजाना जाम की स्थिति रहती है।आरोप है कि बावजूद इसके मनमाना रुख अख्तियार किया जा रहा है।शासनादेश के मुताबिक,किसी भी शैक्षणिक संस्थान के सौ मीटर दायरे में शराब की दुकानों से लेकर नशे की सामग्री की ब्रिकी पर प्रतिबंध है।इसके बाद भी कॉलेज के सामने शराब की दुकान है। हालांकि जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया का कहना है कि दुकान नियम के अनुरूप है। इसमें कोई गड़बड़ी नहीं है। दुकान पहले से संचालित हो रही हैं।

## गैंगस्टर एक्ट के दो दोषियों को 18 साल पुराने मामले में पांच-पांच साल की सजा



**मुरादाबाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सियाराम चौरसिया की अदालत ने शुक्रवार को 18 साल पुराने मामले में गैंगस्टर एक्ट के दो दोषियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। मुरादाबाद के थाना भोजपुर में 29 फरवरी 2008 को तत्कालीन थाना प्रभारी पीडी शर्मा ने मैदनीपुर निवासी रामपाल और दलीप सिंह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज कराया था। इस मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सियाराम चौरसिया की अदालत में की गई। न्यायालय ने दोनों आरोपितों को गैंगस्टर एक्ट का दोषी पाते हुए पांच-पांच साल के कारावास की सजा के साथ प्रत्येक पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।


## उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| --- | --- |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14207-SLR-F2-MBDP-DLI-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.02.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.02.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.02.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22104-SLR-F2-AYC-LTT-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.02.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.02.2025 at 13:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 352/25

# दो दिवसीय जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।नेहरू युवा केंद्र माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार पीलीभीत के तत्वाधान में जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया है।कार्यक्रम में सभी ब्लॉकों से 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया इस अवसर प र वॉलीबॉल,कबड्डी,बैडमिंटन,कुश्ती,स्लो साइकिल,400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा ने प्रतिभागियों को संदेश एवं आशीर्वचन देते हुए कहा कि खेलकूद स्वस्थ भारत का आधार है हमारी केंद्र सरकार और राज्य सरकार खेलकूद को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर नई योजनाएं ला रही है हम उन योजनाओं को जाने व प्रतिभाग कर स्वस्थ एवं विकसित भारत में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने अपने संबोधन में परिचय देते हुए कहा कि जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एक वार्षिक आयोजन है। ब्लॉकों से शुरू होकर जनपद स्तर तक आता है।कबड्डी प्रतियोगिता में मरोली ब्लॉक प्रथम, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बिलसंडा ब्लॉक प्रथम,स्लो साइकलिंग में ललौरीखेड़ा ब्लॉक की अंशिका,बैडमिंटन में मरौरी ब्लॉक की निशा मौर्य,कुश्ती प्रतियोगिता में ललौरीखेड़ा ब्लॉक से विशेष सिंह,400 मीटर दौड़ में करौली सर ब्लॉक से कपिल देव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संपन्न कराने में गुरमेजसिंह,भवानी शंकर, चित्र वर्मा,शांति स्वरूप,सेवा निवृत खेलकूद शिक्षक रमेश चंद्र,प्रियंका मौर्य का योगदान रहा कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि चारु दमन के प्रतिनिधि धर्मपाल,पूर्व उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन ओके पांडे,उपाध्यक्ष गन्ना समिति जगदीश प्रसाद मौर्य, आकाश कुमार लेखाकार, सोनू, अभिषेक,वीरपाल, रवि आदरणीय कार्यक्रम में युवाओं को प्रोत्साहित किया हैं।कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा किया गया है।

# कृषि विज्ञान केंद्र ने परिषदीय विद्यालय में चलाया जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय सरौरी में अध्ययन करने वाले छात्र और छात्राओं को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर एस एस ढाका ने विद्यार्थियों को बताया की फसल काटने के बाद जो अवशेष खेत में बच जाते हैं। उन्हें जलाना नहीं चाहिए उनको जलाने से वातावरण का प्रदूषण होता है। साथ ही भूमि की ऊपरी सतह में उपस्थित लाभकारी जीवाणु भी चलकर नष्ट हो जाते हैं।फसल अवशेषों को खेत में ही मिला देने से भूमि की जीवांश कार्बन की मात्रा में वृद्धि होती है। जिससे की भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। एवं उत्पादन अधिक लिया जा सकता है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर एस एस ढाका ने इस बात पर भी बल दिया कि फसल अवशेष खेतों में मिला देने से कृषक के खादों पर होने वाले




खर्च में ?2000 प्रति हेक्टर तक की बचत होती है। इस मौके पर फसल अवशेष प्रबंधन चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है।जिसमें प्रथम स्थान सागर,द्वितीय स्थान अर्चना, तृतीय स्थान गुलशन ने प्राप्त किया बच्चों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया है।कार्यक्रम आयोजन में मुख्य मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा हैं।

# नगर पालिका का पुनरिचित बजट ध्वनि मत से पास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। नगर पालिका की बोर्ड की बैठक में पुनरिक्षित बजट समेत लाये गए आठो एजेंडे सर्वसम्मत से पास हो गए। ठेका कर्मचारियों के मानदेय व अन्य भुगतान पुराने कार्यकाल में नामांतरण की रिपोर्ट पालिका क्षेत्र में दिए जाने वाले ठेको व ई रिक्शा पर शुल्क लगाए जाने संबंधी मुद्दों पर विचार किया गया सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह व एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में सदस्यों द्वारा लगभग सभी प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किए गए।

पालिका की अनुपूरक बजट बैठक शुक्रवार को 2:00 बजे से प्रारंभ हुई बैठक में सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में प्रस्तावित सभी ऐजेंडो पर विचार किया गया जिसमें बोर्ड के सदस्यों ने अपनी राय रखी। पालिका अध्यक्ष द्वारा सभी ऐजेंडो के पास होने पर सभासदों का आभार व्यक्त किया गया। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के मुताबिक गोमती कॉरिडोर को लेकर विधायक विनोद सिंह के माध्यम से बड़ी योजना बनाकर शासन को भेजी गई है जो सुल्तानपुर के नगर के चौमुखी विकास में मील का पत्थर साबित होगी वहीं शहर में चल रहे हजारों ई रिक्शा पर शुल्क लगाए जाने को भी बोर्ड की ओर से हरी झंडी मिल गई है टैक्सी स्टैंड के ठेकों को लेकर पालिका के सभासद संजय कप्तान ने स्टैंड पर सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने का अनुरोध किया वहीं बीते कार्यकाल में नामांतरण में घाल मेल को लेकर आई जांच रिपोर्ट को अगली बैठक में विचार के लिए रखे जाने पर सहमति जताई। बारात घर में हुए लाखों रुपए के घोटाले की जांच रिपोर्ट के बाद ही उसे चालू होने का बोर्ड को आश्वासन दिया गया ठेका कर्मियों के मानदेय को लेकर चर्चा का बाजार गर्म रहा वही सभी देयको के समय से भुगतान होने का आश्वासन पालिका अध्यक्ष द्वारा दिया गया। बोर्ड की बैठक में पूर्णिमा कुमारी दिनेश चौरसिया अरविंद यादव शशि तिवारी हिना आरिफ अंसारी रमेश सिंह टिन्नू कंचन गुप्ता भैया दीप सिंह मंजू सिंह अर्शद हबीब विजय जयसवाल अखिलेश मिश्र गिरीश मिश्र समेत दो दर्जन सदस्य मौजूद रहे।

# जमीन पर उतरकर ही गांव का विकास संभव : डॉ. हीरा लाल

## गौरीगंज में कृषि विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ की बैठक

## तालाब निर्माण की गुणवत्ता को परखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जमीन पर उतरकर ही सही मायने में गांव का समुचित विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।अधिकारी और कर्मचारी ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझें और उनका समाधान निकालने की हरसम्भव कोशिश करें। यह बातें स्टेट नोडल एजेंसी वाटरशेड डेवलपमेंट कमेटी (डब्ल्यूडीसी) ऽप्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हीरा लाल ने शुक्रवार को गौरीगंज के नेवादा में कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुये और गुड्डनपुर (संभावा) में स्थलीय निरीक्षण करते हुये कही। विभाग की जिम्मेदारी संभालने के एक महीने के भीतर तीसरे जिले के दौरे पर पहुंचे डॉ. हीरा लाल ने सख्त चेतावनी दी कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी। डॉ. हीरा लाल ने गौरीगंज के गुड्डनपुर (संभावा) में करीब छब्बीस लाख की लागत से बनाये गये तालाब का निरीक्षण करते हुये जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को मानक का सही सही पालन न करने पर फटकार लगायी।उन्होंने निर्देश दिया कि हर कार्य की एक चेक लिस्ट होनी चाहिये ताकि मानक का सही सही पालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने तालाब निर्माण की गुणवत्ता को भी परखा और जरूरी निर्देश भी दिया। उन्होंने तालाब निर्माण की पूरी फ़ाइल के साथ अधिकारियों को तीन फरवरी को लखनऊ में होने वाली बैठक में तलब किया है। उन्होंने तालाब के किनारे बाउंड्री पर वृक्षारोपण करने और तालाब में पानी के आवागमन की व्यवस्था सुचारू बनाने के बारे में निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि वह विभाग की गाइडलाइन व विभागीय परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का भलीभांति अध्ययन करें और अपने दायित्वों को समझें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को पहुंचाकर उनमें खुशहाली लाएं। इसके साथ ही व्यावहारिक ज्ञान पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि किसानों और ग्रामीणों को इतना व्यावहारिक ज्ञान होता है कि वह हवा का रुख देखकर मौसम का मिजाज बता सकते हैं। इसलिए ग्रामीणों की इज्जत करना सीखें और उनसे मिलकर परियोजना के बारे में चर्चा करें और उनकी सलाह व सुझाव को भी अहमियत दें। संभावा की ग्राम प्रधान ज्ञानमती देवी ने डॉ. हीरा लाल से मिलकर गांव की समस्याओं से अवगत कराया।इस पर उन्होंने ग्राम प्रधान को समस्याओं के समाधान के लिये विभागीय अधिकारियों से मिलने और कृषि विभाग के अधिकारियों को उनकी मदद करने का निर्देश दिया।इस मौके पर उप निदेशक कृषि सतेन्द्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी (कृषि) संदीप कुमार और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके उपरान्त नेवादा में विभागीय समीक्षा बैठक करते हुये डॉ. हीरा लाल ने अभी तक के कार्यों और आय-व्यय की समीक्षा की। बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं ने अपनी दिक्कतों व अनुभवों को साझा किया। डॉ. हीरा लाल ने अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सरकारी पैसे का सही इस्तेमाल कर अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाएं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की मार्केटिंग टीम बनाने और उनके उत्पादों को बाजार मुहैया कराने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा महिलाओं का क्षमतावर्धन करने का भी निर्देश दिया। किसान उत्पादन संगठन (एफपीओ) के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।

# अमरिया बीआरसी पर मीना मंच सुगमकर्ताओ को दिया गया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। ब्लाक संसाधन केन्द्र अमरिया पर ल्मीना मंच सुगमकर्ताङ्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में ब्लाक क्षेत्र के प्रत्येक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक व कस्तूरबा गांधी विद्यालय से एक-एक शिक्षक व शिक्षिकाओ को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को स्वास्थ्य,पोषण एवं स्वच्छता से सम्बन्धित जानकारी दी गयी। इसके अलावा वाल विवाह, दहेज प्रथा,भ्रूण हत्या,बाल मजदूरी,लिंग भेद एवं कुपोषण के बारे विस्तार से बताया गया। प्रत्येक विद्यालय में मीना मंच का गठन हैं। खंड शिक्षा अधिकारी अमरिया उमेंद्र दत्त त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान समय में बीआरसी पर सुगमकर्ताओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से संगीता वर्मा,निधि मिश्रा सहित दर्जनों शिक्षक और शिक्षकाए मौजूद रही है।

# मीडियाकर्मियों के ज्ञापन देने और आंदोलन की धमकी के बाद हाइटेंशन लाइन हटने का कार्य शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर के मोहल्ला नूरीनगर रजागंज देहांत और अहमदनगर में 11 केवी की विधुत हाइटेंशन लाइन घनी आबादी के बीचों बीच सैकड़ों घरों के ऊपर से गुजर रही थी। इस लाइन से कई इंसानों व जानवरों की मृत्यु भी हो गई थी। जनहित समस्या को लेकर मीडिया कर्मी नाजिम खान ने लाइन हटाने की मांग को लेकर 2021 में विधुत डिवीजन कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया था। जिसमें नाजिम खान के सहयोग में संयुक्त मीडियाकर्मियों व अन्य समाजिक लोगों ने जनहित के कार्य को लेकर धरना प्रदर्शन में समर्थन दिया था। इस पर बरेली विधुत विभाग के चीफ एवं पीलीभीत अधीक्षण अभियंता, तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरें और स्थानीय विधायक बाबूराम पासवान धरना प्रदर्शन में पहुचकर नराजगी व्यक्त कर विधुत लाइन को विभागीय खर्च पर हटवाने के लिए निर्देशित किया था और विधायक बाबूराम पासवन ने इस विधुत लाइन की समस्या को लेकर ऊर्जा मंत्री को आवगत कराया था।

जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने एचटी लाइन को लेकर भारत सरकार की रिवेम्प योजना में शामिल किया गया था। लगभग 6 माह पूर्व विधुत विभाग ने दुसरी लाइन बनाकर सप्लाई चालू कर दी थी और आबादी से गुजर एचटी लाइन को बंद कर दिया था। जबकि आंदोलन के दौरान उच्च अधिकारियों नई लाइन बनाने और इस लाइन को हटाने का अश्वासन दिया था। पर विभाग अपने बादे को ठंडे बस्ते में डालकर लाइन उतारना भूल गया था। इसी को लेकर 24 जनवरी 2025 को संयुक्त मीडियाकर्मियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा था। जिसमें लाइन न हटाने पर एक फरवरी 2025 को आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा था और स्थानीय विधायक बाबूराम पासवन से भी शिकायत की थी। जिलाधिकारी एवं विधायक से शिकायत व आंदोलन की चेतावनी को लेकर विधुत विभाग ने 30 जनवरी से कंडम पड़ी एचटी लाइन को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है।

## गौहनिया तालाब की बाउंड्री को लेकर हिन्दू महासभा ने दिया ज्ञापन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने शुक्रवार को महिला टीम के नेतृत्व में प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एसडीएम को गौहनिया तालाब के चारों ओर बाउंड्री कराने के संबंध में एक ज्ञापन दिया।ज्ञापन में कहा गया है कि शहर के बीचों बीच टनकपुर हाइवे पर ड्रमंड कॉलेज के गेट के सामने एक बहुत बड़ा तालाब स्थित है जिसकी गहराई बहुत अधिक है तथा इसकी कोई बाउंड्री भी नहीं बनी हुई है कभी कभी बच्चों का अपने घर पर अभिभावकों से झगड़ा होने एवं अन्य बातों को लेकर भी आज के युवा बहुत जल्द आत्मघाती कदम उठा लेते हैं ऐसे युवा एवं मंदबुद्धि लोग इस तालाब में कूदकर अपना जीवन समाप्त कर लेते हैं। ऐसे कई केस पूर्व में भी इस तालाब पर हुए और सामने आ चुके हैं। संगठन ने जनमानस के हितों को देखते हुए इस तालाब की बाउंड्री कराने की मांग की है। संगठन ने कहा है कि वर्तमान माहौल के हिसाब से तालाब की बाउंड्री बहुत अधिक आवश्यक है।ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह, महिला जिला महामंत्री कविता वंशवाल, नगर अध्यक्ष महिला सुमन कश्यप, नगर महामंत्री वैशाली कश्यप, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, युवा नगर अध्यक्ष राहुल राठौर उपस्थित रहे।

## भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने ने कोतवाल को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भीम आर्मी के पदाधिकारीयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी एव सांसद लोकसभा क्षेत्र नगीना पर अभद्र टिप्पणी पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की और पूरनपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश त्यागी नें कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है इस मौके पर तहसील अध्यक्ष विजय कुमार गौतम, नगर अध्यक्ष अब्दुल कादिर,तफसीर अहमद, नदीम, सलमान, नरेश पाल सिंह, प्रकाश गौतम, तहसील उपाध्यक्ष डॉ रियाजुद्दीन, आजाद समाज पार्टी विधानसभा अध्यक्ष राजाराम गौतम,प्रेमसागर चक्रवर्ती मंडल प्रचारक बरेली आदि लोग उपस्थित रहे हैं।

## गन्ने की फसल को वापस करने पर उग्र हुए किसान किया प्रदर्शन मौके पर पहुंचे किसान नेता

पुरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। द किसान चीनी मिल मे अन्य गन्ना प्रजाति का बहाना बनाकर कर किसानो का गन्ना वापस किया जा रहा है। इस बात की जानकारी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह को हुई। तो उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर चीनी मिल के प्रधान प्रबन्धक से वार्ता की व समस्याओ का समाधान कराया। किसानो ने प्रधान प्रबन्धक का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया। किसानो का आरोप था। कि चीनी मिल लगातार खराबी मे बन्द रहती है।एक ट्राली की तौल मे 30 से 40 घन्टे का समय लग रहा है। चीनी मिल प्रशासन किसानों की अनदेखी कर अपना मनमाना रवैया अख्तियार कर रहा है। जिसको किसान किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं करेंगे मिल प्रशासन चीनी मिल को सुचारू रूप से संचालित करने का कार्य करें।

## सुभासपा नेताओ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पीलीभीत द्वारा कैफ रजा प्रदेश उपाध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी पीलीभीत को दिया जिसमें लिखा है माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पीलीभीत वालों को लखनऊ जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर लखनऊ जाना पड़े तो दो दिन आने जाने में लगते हैं पीलीभीत से सुबह 5: बजे लखनऊ के लिए ट्रेन चलवा दी जाए तो जिला पीलीभीत वालों को काफी राहत मिलेगी इससे डेली अप डाउन करने वालों को कॉलेज के छात्रों को और अगर किसी बीमार को लखनऊ दिखाना हो और किसी को लखनऊ हाई कोर्ट में काम हो तो काफी आसानी हो जाएगी आता माननीय जी से निवेदन है पीलीभीत से लखनऊ के लिए सुबह 5: बजे ट्रेन और लखनऊ से पीलीभीत के लिए शाम को 6: बजे ट्रेन चालवाने की कृपा करें ज्ञापन देने में मौजूद रहे ।

# बच्चों के भविष्य की नींव मजबूत करते हैं आंगनबाड़ी केंद्र : हरिओम तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को किया पुरस्कृत

अमेठी । ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर के प्रांगण में खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा ''हमारा आंगन हमारे बच्चे'' कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को लेखन सामग्री भेंटकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि विकास खण्ड सिंहपुर की समस्त को लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्री व समस्त को लोकेटेड आंगनबाड़ी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक आपस में समन्वय स्थापित करते हुये अपने दायित्वों कि निर्वहन करते रहे। एआरपी सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने निपुण भारत मिशन,राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला तो एआरपी ओंकार पाण्डेय ने आदर्श बाल वाटिका कक्षा कक्ष व माता उन्मुखीकरण पर एआरपी अनुज शुक्ला के द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार तिवारी ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ के साथ ही प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अनुज शुक्ला ने किया। इस मौके पर शिक्षक नेता उबैद अहमद,दिलीप शुक्ला, विकल्प श्रीवास्तव, संतोष कुमार शुक्ला,फातिमा हनीफ, अंजली वर्मा,वैभव त्रिपाठी, मोहम्मद राशिद खान,शेखर दुबे, आलोक शुक्ला, दीपिका पटेल, दीप शिखा, अशरफ नवाज,आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्पलता, छेदाना, विमला, सुशीला कुमारी,कृष्ण कुमारी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रही।

# एसपी ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी गयी।जनपद अमेठी में नियुक्त उप निरीक्षक इंग्लेश तिवारी,हवलदार सिंह, सत्य प्रकाश अवस्थी, मु0आ0 गिरजाशंकर, आरक्षी सुशील कुमार पाण्डेय एवं ओ पी दयानंद दूबे को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरांत पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई तथा आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई साथ ही साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन काल अथवा आनलाइन साइबर ठगी जैसे फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने बात कहकर पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन काल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया जिससे किसी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## बालिग तस्करों से सौदेबाजी, किशोर को बनाया मुलजिम

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर से पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन तस्करी के द्वारा भेजे जा रहे 178 कछुओं की तस्करी करने में बालिक तस्करों की सौदेबाजी हो गई। वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक आला अधिकारियों ने डीएफओ अमित सिंह के साथ लाखों रुपए के लेनदेन के साथ सौदेबाजी की है। 24 घंटे बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया कछुआ समेत नाबालिक तस्कर को। सूत्रों की मानें तो कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पकड़ी से पकड़े गए बड़े तस्कर को वन विभाग के अफसरों ने सौदेबाजी कर दी और उन्हें पूरे मामले से बाहर कर दिया। इसी के चलते लंबे समय तक न्यायालय ने पूरे मामले को रोक कर रखा।

# महाकुंभ की त्रासदी

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर तड़के हुए हादसे में कुछ श्रद्धालुओं की मौत की घटना निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। यूं तो अतीत में भी प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक व उज्जैन के कुंभों के दौरान भी कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं, लेकिन सवाल है कि क्या हम अतीत के हादसों से कोई सबक ले पाए हैं? यूं तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मेला प्रबंधन व सुरक्षा के चाकचौबंद बंदोबस्त के दावे किए गए थे, लेकिन मौनी अमावस्या की घटना ने यह दुखद स्थिति पैदा कर दी है। करोड़ों तीर्थयात्रियों का अचानक किसी धार्मिक आयोजन में पहुंचना निश्चित रूप से शासन व प्रशासन के लिये बड़ी चुनौती बन जाती है। लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन की प्राथमिकता दुर्घटना मुक्त आयोजन ही होना चाहिए। दरअसल, ऐसे आयोजनों में तीर्थयात्रियों की जल्दीबाजी और पहले स्नान करने की होड़ अकसर ऐसी भगदड़ पैदा कर देती है। जो बताती है कि हम सार्वजनिक जीवन में ऐसे बड़े आयोजनों में अनुशासित व्यवहार करने से चूक जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम इस बात का भी संकेत है कि कुंभ के आयोजनों में पिछले बड़े हादसों के सबक हम पूरी तरह सीख नहीं पाए हैं। हालांकि, शासन-प्रशासन को इस बात का अंदाज था कि इस बार करोड़ों की भीड़ जुटेगी, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं सावधानी में चूक तो हुई है। निस्संदेह, महाकुंभ का आयोजन भारतीय सनातन परंपरा का अटूट हिस्सा रहा है। बिना चिट्ठी व तार देश के कोने-कोने से तीर्थयात्री महाकुंभ में जुटते हैं। कल्पवास में संयमित जीवन से आध्यात्मिक लाभ अर्जित करते हैं। लेकिन बदलते वक्त के साथ यातायात के साधनों की उपलब्धता से ऐसे आयोजनों पर भीड़ का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया की सक्रियता ऐसे आयोजन के प्रति अतिरेक आकर्षण पैदा कर देती है, जिससे श्रद्धालुओं का अप्रत्याशित सैलाब कुंभ नगरी की तरफ मुड़ जाता है। निश्चित रूप से समय के साथ आये सामाजिक बदलावों के मद्देनजर शासन-प्रशासन को महाकुंभ के आयोजन में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। निश्चित रूप से महाकुंभ के आयोजन से जुड़े तंत्र को उन कारकों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जिसके चलते इस त्रासदी की छाया प्रयागराज महाकुंभ पर पड़ी। उन तमाम संभावनाओं पर विचार करने की जरूरत है जो कुंभ जैसे बड़े आयोजनों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने में सहायक हो सकती हैं। हालांकि, प्रयागराज महाकुंभ में एआई, ड्रोन व कंप्यूटरों के जरिये व्यापक सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी की जा रही है, लेकिन अभी भी अफवाहों व भगदड़ की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिये और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। तीर्थयात्रियों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि वे धैर्य के साथ अपनी स्नान की बारी का इंतजार करें। साथ ही अफवाहों व जल्दीबाजी से बचें। बताया जाता है कि प्रयागराज हादसे में भी कुछ तीर्थयात्रियों द्वारा स्नान में जल्दीबाजी करने तथा अखाड़ा मार्ग पर लगे बैरिकेड्स पर चढ़ने पर मची अफरातफरी को कारण बताया गया। लेकिन इसके बावजूद पुलिस व अधिकारियों की चूक को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निश्चित रूप से वे भीड़ के मिजाज को समय रहते भांप लिया जाता तो शायद हादसे को टाला जा सकता। हालांकि, मृतकों के परिजनों व घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की गई है। साथ ही न्यायिक जांच के भी आदेश दिए गए हैं। इसके बावजूद इस बात की गहन जांच जरूरी है कि स्थिति कैसे नियंत्रण से बाहर हो गई। यह एक निर्विवाद सत्य है कि गोपनीयता का पर्दा डालने से केवल अफवाहों व गलत सूचनाओं को ही बढ़ावा मिलता है। बहरहाल, आने वाले समय में श्रद्धालुओं को मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार करने की भी जरूरत होगी कि वे अपने आसपास के घाट पर ही स्नान करके समान पुण्य अर्जित कर सकते हैं। यह भी कि संगम के सभी घाट समान रूप से पवित्र हैं। इससे चुनिंदा घाटों पर तीर्थयात्रियों का दबाव नहीं बनेगा। साथ ही श्रद्धालुओं को अनुशासित व्यवहार के लिये प्रेरित किया जाना भी बेहद जरूरी है। ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

# क्या बजट आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरेगा?

**आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। बजट, शिक्षा, रक्षा, उद्योग, महिलाओं और गरीब वर्गों के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों का खाका तैयार करेगा। वित्त मंत्री से उम्मीद की जा रही है कि वे आयकर स्लैब में बदलाव करेंगी, जिससे वेतनभोगियों एवं करदाताओं को राहत मिलेगी। इस समय वेतनभोगी एवं करदाता की 15 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। सरकार 10 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह टैक्स-फ्री करने और 15 से 20 लाख रुपये की आमदनी पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार कर रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा। केंद्र सरकार बजट सत्र 2025 में नया आयकर कानून पेश करने की योजना बना रही है, जो करदाताओं को लाभान्वित करेगा और कर प्रणाली को सरल बनाएगा। इसके अलावा, सरकार इस बार के बजट में शेयर से होने वाली कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान कर सकती है। इसमें शेयरों से मिलने वाले लाभांश, ब्याज से होने वाली कमाई और पूंजीगत लाभ पर भी टैक्स लगाया जा सकता है।**

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। यह केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण वित्तीय बजट होगा। इस बार के बजट से हर सेक्टर की बड़ी उम्मीदें टिकी हुई हैं, इस बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। टैक्सपेयर्स भी इस बार वित्तमंत्री से इनकम टैक्स में राहत देने की उम्मीद कर रहा है। मिडिल-क्लास और वेतनभोगियों को भी राहत की उम्मीद है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। बजट, शिक्षा, रक्षा, उद्योग, महिलाओं और गरीब वर्गों के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों का खाका तैयार करेगा। वित्त मंत्री से उम्मीद की जा रही है कि वे आयकर स्लैब में बदलाव करेंगी, जिससे वेतनभोगियों एवं करदाताओं को राहत मिलेगी। इस समय वेतनभोगी एवं करदाता की 15 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। सरकार 10 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह टैक्स-फ्री करने और 15 से 20 लाख रुपये की आमदनी पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार कर रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा। केंद्र सरकार बजट सत्र 2025 में नया आयकर कानून पेश करने की योजना बना रही है, जो करदाताओं को लाभान्वित करेगा और कर प्रणाली को सरल बनाएगा। इसके अलावा, सरकार इस बार के बजट में शेयर से होने वाली कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान कर सकती है। इसमें शेयरों से मिलने वाले लाभांश, ब्याज से होने वाली कमाई और पूंजीगत लाभ पर भी टैक्स लगाया जा सकता है। यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और तकनीकी विकास की दिशा में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की भी संभावनाएं हैं। इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की जा सकती हैं। आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फ़ैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है, लेकिन सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो इन शुल्कों को और तर्कसंगत बनाकर आम लोगों को कुछ राहत दे। अर्थव्यवस्था की रफ़्तार धीमी पड़ने के कारण निवेशकों में घबराहट है और इसने रोज़गार के अवसरों को भी कम किया है जबकि महंगाई के हिसाब से मज़दूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से ख़ासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी इन हालात को मुश्किल बनाया है। जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोज़गार नहीं मिल पा रहा है। इन सारे कारकों के कारण मध्य वर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है जिससे पिछले कुछ महीनों में उपभोग में गिरावट आई है। इन परेशानियों एवं चिन्ताओं को कम करने में इस बार का बजट राहतभरा होने की उम्मीदे हैं। बजट में विभिन्न उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई जा सकती है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं, जिससे मानव संसाधन का विकास हो सके। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए अतिरिक्त अनुदान दिया जा सकता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और चिकित्सा के क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। मेक इन इंडिया पहल के तहत स्वदेशी हथियार निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। साइबर खतरों से निपटने के लिए रक्षा बजट का एक हिस्सा डिजिटल सुरक्षा पर केंद्रित हो सकता है। बुलेट ट्रेन परियोजनाओं और रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण को गति दी जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सब्सिडी और बैटरी निर्माण में निवेश बढ़ाने की योजनाएं पेश की जा सकती हैं। गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार कर मुफ्त राशन वितरण को जारी रखा जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घर उपलब्ध कराने के लिए बजट बढ़ाया जाएगा। यह बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय होगा क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी के विजन में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जों देने की जरूरत है। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम। देखना यह है कि आम आदमी को कितना लाभ पहुंचता है। उम्मीद है कि निर्मला सीतारमण के बजट से क्या-क्या निकलता है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के आकार का मानक उस देश की जीडीपी होती है और बीते 12 वर्षों में भारत की जीडीपी ने तेज उछाल दर्ज की है। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए अर्थव्यवस्था 7 फीसदी से अधिक विकास दर से दौड़ने की अपेक्षा है। तमाम तरह की अनुकूलताओं एवं गुलाबी अर्थ रंगों के बावजूद हमें आर्थिक गति की बाधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निजी बचत को बढ़ाये बगैर विकास की तेज रफ्तार का टिके रहना मुश्किल होगा। इसलिए इस ओर अभी से ध्यान देना जरूरी है। श्रम-शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी आर्थिक ही नहीं सामाजिक और अन्य दृष्टियों से भी चिंता की बात है। इस मामले में हम पड़ोस के बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे हैं। एक फरवरी को होने वाली आर्थिक घोषणाओं को चाहे जो नाम दिया जाये, उनसे वह दशा एवं दिशा स्पष्ट होनी चाहिए कि भविष्य के लिये हम कौनसी राह पकडने वाले हैं। हम किस तरह से आदिवासी समुदाय के उन्नयन के लिये प्रतिबद्ध होंगे। भारत की अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं उम्मीदों को आकार देने की दृष्टि से हम किस तरह से मील का पत्थर साबित होंगे। किस तरह से समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था का जो नक्शा सामने आयेगा वह इस मायने में उम्मीद की छांव देने वाला साबित होगा, जिससे शहर एवं गांवों के संतुलित विकास पर बल मिल सकेगा। जिससे नया भारत-सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी बलशाली बन सकेगा। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। अक्सर बजट में राजनीति, वोटनीति तथा अपनी व अपनी सरकार की छवि-वृद्धि करने के प्रयास ही अधिक दिखाई देते है लेकिन मोदी सरकार के बजट राजनीति प्रेरित नहीं होकर राष्ट्र प्रेरित रहे है। **–ललित गर्ग**

# दिल्ली विधानसभा चुनावः फ्रीबीज को लेकर महिला मतदाताओं की उदासीनता

**डॉ. रमेश ठाकुर**

अरविंद केजरीवाल ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एक बार फिर फ्रीबीज की झड़ी लगाई है। अपनी मुहिम में वे कितने सफल होंगे यह आने वाला समय तय करेगा। इतना जरूर है कि मतदाता मुफ्त की सौगातों से ऊबने लगा हं। श्रमबल को तरजीह देने वाली आधी आबादी भी मुफ्त की चुनावी रेवड़ियों पर ध्यान देंगी, इसमें काफी संशय है। इसी कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के दौरान महिला वोटरों की उदासीनता दिखने लगी है। 5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में उतरे कुल 699 उम्मीदवारों में 96 महिला उम्मीदवार हैं। पर, वैसा उत्साह नहीं दिखता, जितना पिछले चुनावों में दिखा था। जबकि, प्रमुख दल आम आदमी पार्टी (आआपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)और कांग्रेस तीनों महिला वोटरों को रिझाने में मुफ्त के वादों की झड़ी लगाए हुए हैं। कोई 2100 रुपए देने का वादा कर रहा है तो 2500 और 3000 तक। फ्री बस सेवा सभी के एजेंडे में है। सवाल उठता है कि इतने लुभावने वादों के बाद भी महिला वोटरों में उत्साह क्यों नहीं है? इसे लेकर चुनाव आयोग भी चिंतित है। चुनावी समर में लगातार तेजी से गिरता मतदान प्रतिशत चुनावी प्रक्रिया के अलावा लोकतंत्र के लिए भी घातक है। जबकि, बीते 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं का वोटिंग स्कोर पुरुषों के मुकाबले अधिक था। शायद, महिलाएं भी समझ चुकी हैं कि फ्री के नाम पर राजनीतिक दल उन्हें वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने लगे हैं। महिलाएं बुनियादी मुद्दों की गंभीरता को अच्छी तरह से समझती हैं। राज्य तरक्की करे उसमें उनकी भागीदारी हो, उसे ध्यान में रखकर ज्यादातर महिलाओं ने मुफ्त की रेवड़ियों से किनारा करना शुरू कर दिया है। इस संबंध में ताजा और बेहतरीन उदाहरण सामने है। बिहार में जब नीतीश कुमार ने शराबबंदी का ऐलान करके चुनाव लड़ा तो महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और सत्ता में उनकी शानदार वापसी हुई। देश और सामाजिक उद्धार वाले मुद्दों के प्रति महिलाएं कितनी सजग हैं, इससे बेहतर उदाहरण दूसरा नहीं हो सकता। केंद्रीय स्तर पर जबसे आत्मनिर्भरता की अलख चहुंओर जगी है, महिलाएं भी श्रमबल को ज्यादा तवज्जो देनी लगी हैं। ये अच्छी बात है, इससे राजनीतिक दल अपनी हरकतों से बाज आएंगे। शायद यही कारण है दिल्ली में महिलाओं की चुनाव के प्रति उदासीनता है। क्योंकि, सभी दल मुद्दों-समस्याओं को छोड़ कर फ्री की सेल लगाकर बैठे हैं। महिला मतदाताओं की उदासीनता दिल्ली चुनाव इस बार नई तस्वीर पेश करेगी। मौजूदा सरकार की शराब पॉलिसी को लेकर महिलाएं खासी नाराज हैं। सरकार की नई शराब नीति में 'एक पर एक फ्री बोतल' पॉलिसी ने कइयों के घर बर्बाद कर दिए। मौजूदा सरकार अगर सत्ता से बेदखल होती है तो शराब ऑफर उसका मुख्य कारण होगा। शिक्षित व कामकाजी वर्ग मतदान से लगातार दूरियां बनाने लगा है। मतदान के दिन वह छुट्टियां मनाते हैं, बमुश्किल ही घरों से उस दिन बाहर निकलते हैं। दिल्ली में इस बार जितने नए मतदाता जुड़े हैं उनमें पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाता काफी पीछे हैं। ये स्थिति तब है, जब दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने की कोशिश कर रहे तीनों प्रमुख दलों की घोषणाओं में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की भरमार है। आआपा, भाजपा व कांग्रेस तीनों दल आधी आबादी को अपने पाले में करने की भरसक कोशिश में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची पर अगर गौर करें तो पुरुष मतदाताओं से महिलाओं की संख्या काफी कम है। इस बार दिल्ली में कुल 1,55,24,858 मतदाता अपने मतों का 5 फरवरी को इस्तेमाल करेंगे जिनमें पुरुषों की संख्या 85,49,645 और महिलाओं की संख्या 71,73,952 है। बीच में अंतर अच्छा खासा है। हालांकि, दिल्ली चुनाव आयोग ने मतदान बढ़ाने को लेकर नायाब तरीका अपनाया है। आयोग ने दिल्ली के तकरीबन सभी स्कूलों को आदेशित किया है कि वह छात्रों के जरिए उनके माता-पिता व अन्य परिवारजनों से मतदान को लेकर लिखित में संकल्पित करवाएं। इसके लिए बाकायदा छात्रों से एक संकल्प पत्र दिया गया है जिस पर उनके अभिभावक वोट देने की कसम को लिखित हस्ताक्षर के साथ स्कूलों में जमा करवा रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# शरीर के लिए बेहद जरूरी है कैल्शियम

मानव शरीर को सुचारू रूप से कार्य करने के लिए कई तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है और कैल्शियम इनमें से एक है। मनुष्य को मजबूत हड्डियों को बनाने और बनाए रखने के लिए कैल्शियम की आवश्यकता होती है, और शरीर का 99 प्रतिशत कैल्शियम हड्डियों और दांतों में होता है। मस्तिष्क और शरीर के अन्य हिस्सों के बीच स्वस्थ संचार बनाए रखने के लिए भी यह आवश्यक है। यह मसल्स मूवमेंट और कार्डियोवैस्कुलर फंक्शन में एक भूमिका निभाता है। कैल्शियम के साथ?साथ, लोगों को विटामिन डी की भी आवश्यकता होती है, क्योंकि यह विटामिन शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। विटामिन डी मछली के तेल, फोर्टिफाइड डेयरी उत्पादों, और सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आता है। वहीं, कैल्शियम कई खाद्य पदार्थों में स्वाभाविक रूप से होता है, और खाद्य निर्माता इसे कुछ उत्पादों में जोड़ते हैं। वहीं इसके सप्लीमेंट्स भी मार्केट में उपलब्ध हैं। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि कैल्शियम शरीर के लिए कई मायनों में बेहद जरूरी है। हमारे शरीर की लगभग हर कोशिका किसी न किसी तरह से कैल्शियम का उपयोग करती है। कुछ क्षेत्र जहां हमारे शरीर में कैल्शियम का उपयोग होता है वह हमारे तंत्रिका तंत्र, मांसपेशियों, हृदय और हड्डी है। अगर शरीर में कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा हो तो आप ऑस्टियोपोरोसिस से खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। वैसे मजबूत दांतों व हड्डियों का निर्माण करने के अलावा कैल्शियम ब्लड क्लॉटिंग, तंत्रिका तंत्र को संकेत भेजना व प्राप्त करना, हार्मोन व अन्य केमिकल्स को रिलीज करना व हार्टबीट को सामान्य रखने में भी मदद करता है। वहीं अगर कैल्शियम के स्त्रोत की बात हो तो आप कई तरह के खाद्य पदार्थों को डाइट में शामिल करके इसकी कमी को पूरा कर सकते हैं। वैसे तो डेयरी प्रॉडक्ट्स जैसे चीज़, दही, दूध आदि को कैल्शियम का मुख्य स्त्रोत माना जाता है, लेकिन इसके अलावा चिया सीड्स, सार्डिन व साल्मन, बीन्स, दालें, बादाम, केला, ओकरा और पालक जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां, सोया मिल्क, सूखे अंजीर, सूरजमुखी के बीज, ब्रोकली आदि में कैल्शियम की अच्छी मात्रा पाई जाती है।

## धर्म मंत्र

# गीता में भगवान ने कहा है- जब जब अधर्म बढ़ता है तब तब मैं अवतार लेता हूँ

गीता प्रेमियों! दर्द एक संकेत है कि हम जिंदा हैं। समस्या एक संकेत है कि हम मजबूत हैं और प्रार्थना एक संकेत है कि हम अकेले नहीं हैं, हमारे साथ भगवान हैं। आइए ! गीता प्रसंग में चलते हैं- पिछले अंक में हमने पढ़ा- जो मनुष्य भगवान से विमुख रहता है उसके सामने भगवान अपनी योगमाया में छिपे रहते हैं और एक साधारण मनुष्य की तरह दिखते हैं, लेकिन जो भगवान के सम्मुख होता है, भगवान उसके सामने प्रकट हो जाते हैं। अब भगवान अपने अवतार का कारण बताते हैं-

**श्रीभगवानुवाच**
**यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।**
**अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।**

हे भरत वंशी अर्जुन! जब भी और जहाँ भी धर्म का पतन और अधर्म का उत्थान होता है, तब-तब मैं अपने स्वरूप को प्रकट करता हूँ। कहने का तात्पर्य यह है कि जितनी बार आवश्यकता और अवसर प्राप्त हो जाए, उतनी बार भगवान अवतार लेते हैं। देखिए! समुद्र मंथन के समय भगवान ने अजितरूप से समुद्र मंथन किया, कच्छपरूप से मंदराचल पर्वत को धारण किया तथा सहस्त्रबाहु रूप से मंदराचल को ऊपर से दबाकर रखा, फिर देवताओं को अमृत बाँटने के लिए मोहिनी-रूप धारण किया। इस प्रकार भगवान ने एक साथ कई रूप धारण किए। सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग इन चारों युगों में क्रमशः धर्म का नाश होता रहता है।

## पर्यटन







# ऊर्ज़ा और शक्ति का स्त्रोत सूर्य देश में हैं अनेक सूर्य मंदिर

सूर्य को ऊर्ज़ा एवं शक्ति का स्त्रोत माना गया है। रविवार के दिन सूर्य देव की पूजा-अर्चना का विधान है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य देव प्रत्यक्ष रूप से दर्शन देने वाले देवता हैं। पौराणिक वेदों में सूर्य का उल्लेख विश्व की आत्मा और ईश्वर के नेत्र के तौर पर किया गया है। सूर्य की पूजा से जीवनशक्ति, मानसिक शांति, ऊर्ज़ा और जीवन में सफलता की प्राप्ति होती है। यही वजह है कि लोग उगते हुए सूर्य को देखना शुभ मानते हैं और सूर्य को अर्घ्य देते हैं। मान्यता यह भी है कि रविवार के दिन सूर्य देव का व्रत रखने से सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। वैदिक काल से ही भारत में सूर्योपासना का प्रचलन रहा है। पहले यह सूर्योपासना मंत्रों से होती थी। भविष्य पुराण में ब्रह्मा विष्णु के मध्य एक संवाद में सूर्य पूजा एवं मन्दिर निर्माण का महत्व समझाया गया है। अनेक पुराणों में यह आख्यान भी मिलता है, कि ऋषि दुर्वासा के शाप से कुष्ठ रोग ग्रस्त श्री कृष्ण पुत्र साम्ब ने सूर्य की आराधना कर इस भयंकर रोग से मुक्ति पायी थी। रामायण में भी इस बात का जिक्र है कि भगवान राम ने लंका के लिए सेतु निर्माण से पहले सूर्य देव की आराधना की थी। भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र सांब भी सूर्य की उपासना करके ही कुष्ठ रोग से मुक्ति पाई थी। वैदिक साहित्य के साथ-साथ आयुर्वेद, ज्योतिष, हस्तरेखा शास्त्रों में सूर्य का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आज तो सूर्य बिजली उत्पादन करने के विशाल श्रोत के रूप में देखा जा रहा है। जब मूर्ति पूजा का प्रचलन हुआ तो सूर्य की मूर्ति के रूप में पूजा प्रचलित हुई। इसी कारण भारत में सूर्य देव के कई प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर पाये जाते हैं। भारत के सूर्य मन्दिरों में उलार्क सूर्य मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर, मोढ़ेरा सूर्य मंदिर, कटारमल सूर्य मन्दिर, रणकपुर सूर्य मंदिर, सूर्य पहर मंदिर, सूर्य मंदिर, प्रतापगढ़, दक्षिणार्क सूर्य मंदिर, औंगारी सूर्य मंदिर, बेलार्क सूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, हंडिया, सूर्य मंदिर, गया, सूर्य मंदिर, महोबा, रहली का सूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, झालरापाटन, सूर्य मंदिर, रांची, सूर्य मंदिर, जम्मू, मार्तंड मंदिर, कश्मीर एवं सूर्य मंदिर, कंदाहा आदि शामिल हैं।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला योजना समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। शुक्रवार को राज्य मंत्री कारागार/ प्रभारी मंत्री बाराबंकी सुरेश राही की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला योजना समिति 2024-25 की बैठक आहूत की गई। कलेक्ट्रेट परिसर आगमन पर प्रभारी मंत्री का जिलाधिकारी द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। लोकसभागार में राज्य मंत्री कारागार/ प्रभारी मंत्री मा0 सुरेश राही, एमएलसी मा0 श्री अंगद सिंह, विधायक सदर(बाराबंकी) मा0 श्री धर्मराज सिंह यादव, विधायक जैदपुर मा0 गौरव कुमार रावत, श्रीमती शीला सिंह मा0 अध्यक्षा नगर पालिका परिषद नवाबगंज सहित सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री द्वारा बैठक में उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ की गयी। डीडीओ ने बैठक की कार्यवाही की शुरुआत की। डीडी एग्रीकल्चर द्वारा एग्रीकल्चर से सम्बंधित सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इसके उपरांत जिला गन्ना अधिकारी द्वारा गन्ना विभाग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गयी। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के टीकाकरण सहित निराश्रित पशुओं की गोशाला में की जा रही देखभाल सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही दुग्ध उत्पादन के विषय में और दुग्ध समितियों के विषय में अवगत कराया गया। इसके उपरांत वन विभाग, डीसी एनआरएलएम और परियोजना निदेशक द्वारा अपने विभाग की योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनने वाले शौचालयों व बहुउद्देश्यीय पंचायत भवनों के निर्माण सम्बन्धी जानकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई। नल कूप विभाग, सिंचाई विभाग, सहित लोकनिर्माण विभाग की योजनाओं की प्रगति सम्बंधी जानकारी दी गई। इसके बाद महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना(मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, मल्टी सेक्टोरियल डेवलपमेन्ट प्लान के अन्तर्गत नगरीय पेयजल योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का कार्यान्वयन सहित अन्य बिन्दुओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा यह भी कहा कि उनके द्वारा सम्बन्धित विभाग को भेजे जा रहे पत्रों के सम्बंध में विभाग द्वारा कृत कार्यवाही से जरूर अवगत कराया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर गति लाने की आवश्यकता है। प्रभारी मंत्री मा0 श्री सुरेश राही ने बैठक के अंत में सम्बोधित करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजना की जानकारी माननीय सदस्यगणों दी जाए। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों की जनहित से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाए। जनता ने जनप्रतिनिधियों को चुना है और जनता के प्रति सबकी जवाबदेही है। कोई भी योजना सरकार की आती है तो बराबर की सबकी भागीदारी होनी चाहिए। जनता की समस्याओं का अधिकारी त्वरित समाधान करें। जनहित के कार्यों के लिये दिए जा रहे पत्रों पर कार्य हुआ है या नहीं हुआ इसका जवाब जनप्रतिनिधियों को जरूर दिया जाए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी मंत्री को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी सहित जनपद स्तरीय समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

# हंगामे की भेंट चढ़ी बोर्ड की बैठक, लटकी विकास कार्यों की संस्तुति

❑ सभासदों ने बाबू , ईओ पर लगाए आरोप,खर्च का मांगा ब्यौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दरियाबाद बाराबंकी । नगर पंचायत में गुरुवार को आयोजित बोर्ड बैठक हंगामेदार रही । भ्रष्टाचार , सभासदों की उपेक्षा संबंधित विभिन्न आरोप लगाकर सभासदों ने हंगामा किया यही नहीं सभासदों द्वारा बैठक का भी बहिष्कार कर दिया गया । जानकारी के अनुसार प्रस्तावित बोर्ड की बैठक अध्यक्ष रुकसाना बानो की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे शुरू हुई । बैठक में सभासदों ने पिछले सात माह के लंबित प्रस्तावों को लेकर चर्चा की एवं विरोध जताया । बैठक में सर्व प्रथम सभासदों द्वारा प्रमुख मांगों में नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग से नियुक्त कर्मियों का विवरण , आय-व्यय का पूरा ब्यौरा , आदि शामिल था। सभासद धर्मेंद्र, गौस मोहम्मद और पिंकी सोनकर ने नगर पंचायत के लिपिक मनीष श्रीवास्तव पर मनमानी का आरोप लगाया । उन्होंने ईओ शीलू अवस्थी पर भी लिपिक के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। विरोध का एक बड़ा कारण नगर पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी था। सभासदों का आरोप था कि सारे काम मनमाने तरीके से करवाए जा रहे हैं। बैठक में मौजूद 12 सभासदों ने अपनी मांगों की पूर्ति न होने तक बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। इस कारण कोई भी विकास कार्य स्वीकृत नहीं हो सका और बैठक स्थगित करनी पड़ी। बैठक में निसार खान बबलू, वीरेंद्र नाथ शर्मा, आमिर अंसारी, गौस मोहम्मद, पिंकी सोनकर, सूफिया, दिलदार सहित अन्य सभासद मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वे, बीडीओ का रुख कड़ा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी । विकासखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे की प्रगति को रफ्तार देने के उद्देश्य से खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए शुक्रवार को ग्राम पंचायत मल्लावां में प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे कार्य की जांच की। इस दौरान उन्होंने मल्लावां गांव में आवास सर्वे का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आवास योजना से वंचित लोग अपना आवेदन सर्वे कार्य में लगी सर्वेयर पूजा सिंह जोकि आपकी पंचायत सचिव भी है को ही दे। किसी बिचौलिए के चक्कर में न पड़े। साथ ही सचिव को निर्देशित किया कि कार्य को बहुत ही सावधानी से करे और ध्यान रहे कि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास योजना से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने पात्र लाभार्थियों से मुलाकात कर उन्हें सर्वे में सहयोग के लिए जागरूक भी किया।बीडीओ ने बताया कि सभी सचिवों को निर्देश दिया गया है कि कम से कम प्रतिदिन दस सर्वे अवश्य करे और सुबह दस बजे अतः सायं पांच बजे पंचायत भवन से अपनी सेल्फी भी भेजे।

# मित्रता को लाभ हानि के तराजू में नहीं तौले: आचार्य अरुण शास्त्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। श्री हनुमंत धाम कमरिया बाग में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को समापन हुआ। कथा के समापन मौके पर भी बड़ी संख्या में धर्मालुजनों ने पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लिया। कथा के अंतिम दिन सात दिनों तक भागवत कथा के जरिए से ज्ञान गंगा प्रवाहित करने वाले आचार्य अरुण शास्त्री का सम्मान किया गया। पूर्णाहुति हवन और भंडारा शनिवार को होगा।श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस शुक्रवार को कथा वाचक आचार्य अरुण शास्त्री ने श्रीकृष्ण सुदामा मित्रता एवं राजा परीक्षित मोक्ष की कथा श्रवण कराई।उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित ने सुखदेव के मुखारविंद से जब तक श्रीमद् भागवत नहीं सुनी थी, तब तक वे अपनी मृत्यु के भय से भयभीत थे। हालांकि सात दिवस तक पूरे मनोभाव से भगवान विष्णु के सभी अवतारों व श्रीकृष्णजी की लीलाएं सुनकर वे अपनी मृत्यु के भय से भयमुक्त हो गए।आचार्य अरुण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत मनुष्य को भय से मुक्त करती है। मनुष्य जो कि सांसारिक मोह बंधनों से बंधा है। वह यदि श्रीमद् भागवत को मनोभाव से सुनता है तो उसको सभी मोह बंधनों से मुक्ति मिलती है तथा वह भगवान हरि के चरणों में स्थान पा लेता है। श्रीमद् भागवत के सभी अक्षर जीवन में नई प्रेरणा देते है। उन्होंने कहा कि मित्रता को लाभ हानि के तराजू में नहीं तोलना चाहिये। श्री कृष्ण ने सुदामा के साथ उज्जैनी में विद्या अध्ययन किया। सुदामा गरीब ब्राह्मण थे जबकि कृष्ण द्वारिका के शासक थे दोनो की मित्रता आज भी हमारे लिये प्रेरणादायी है।कथा वाचन के समापन पर राधा कृष्ण झांकी का कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली खेल कर भक्तों ने पुण्य कमाया।कथा वाचन के दौरान शनिवार को प्रातः दस बजे से पूर्णाहुति हवन तथा अपराह्न 1 बजे से भंडारा का आयोजन होगा।इस अवसर पर विजय आनंद बाजपेई,मनीष गुप्ता,मनोज गुप्ता,शिवकुमार गुप्ता,पंकज मिश्रा,रविन्द्र कुमार उर्फ पेड़ा,रामकिशोर मिश्रा,योगेश वर्मा,नीरज जायसवाल , राजकुमार वर्मा,प्रेम नारायण गुप्ता,आशुतोष तिवारी ,फूल चंद्र श्रीवास्तव,गोविंद दीक्षित सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सरकारी विद्यालय में ताला काट कर चोरी

**बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली रामसनेहीघाट की हथौंधा चौकी अंतर्गत कंपोजिट स्कूल सनाकापुर हथौंधा मे बीती रात अज्ञात चोरों ने रसोई घर का ताला तोड कर दो सिलेंडर,दो भगोना,कुकर,दो भट्ठी,एक बोरी चावल, सोयाबीन तथा एक टीन सहित खानें का सामना चोर उठा ले गए। जिसकी सूचना प्रधानाध्यापक अजय कुमार भारद्वाज के द्वारा चौकी इंचार्ज को प्रार्थना पत्र देकर करवाई की मांग की।

## चौपाल में ग्रामीणों से रूबरू हुए अधिकारी

**सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत जियनपुर व बेड़हरी में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गयी। तथा सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया।जियनपुर में आयोजित चौपाल में लघु सिंचाई अवरअभियंता सोमवीर सिंह यादव, एडीओ कृषि राजेंद्र चौरसिया, ग्राम पंचायत सचिव दीपक वर्मा, ग्राम प्रधान श्रीमती छम्मी,समेत ग्रामीण जन व बेड़हरी ग्राम पंचायत में आयोजित चौपाल में ग्राम पंचायत सचिव संजय चौधरी, ग्राम प्रधान पूनम यादव, ब्लाक के संबंधित अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण जन मौजूद रहे। दोनों जगह आयोजित चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गयी तथा सरकारी योजनाओं के माध्यम से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया।

## नेपाल सीमा के रास्ते भारत में घुसपैठ की फिराक में चीनी नागरिक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के मोहना थाना क्षेत्र स्थित भारत-नेपाल सीमा के ककरहवा बॉर्डर के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश करते समय एक चीनी नागरिक को सीमा सुरक्षा बल और पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने शुक्रवार को बताया कि पकड़े गए अभियुक्त का नाम झी युंग बोधिसत्व है। एसएसबी जवान और मोहना थाना पुलिस ने उसे ककरहवा बॉर्डर के पिलर संख्या 544 के पास से गिरफ्तार किया। चीनी नागरिक की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही सुरक्षा जांच एजेंसी भी अलर्ट हो गई हैं। डॉ. महाजन ने बताया कि जांच एजेंसियों ने उससे पूछताछ की और तलाशी के दौरान उसके पास से मोबाइल सहित नेपाल एवं चीन के कुछ करेंसी मिले हैं। उसके पास से नेपाल का 15 दिन का टूरिस्ट वीजा मिला, जबकि भारत में प्रवेश करने के लिए उसके पास कोई वैध कागजात नहीं है। सुरक्षा एजेंसियां ??इस बात की विस्तार से जांच कर रही हैं कि वह अवैध रूप से पगडंडियों के रास्ते भारत में प्रवेश करने की कोशिश क्यों कर रहा था।

# ग्राम चौपाल में एडीओ पंचायत ने सुनी जन समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। गांव की समस्या गांव में समाधान अंतर्गत शुक्रवार को विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मल्लावां और ग्राम पंचायत ओदार के पंचायत भवन में चौपाल का आयोजन हुआ। ग्राम पंचायत ओदार में एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह और सीएम फ़ेलो डॉ अलकमा ने जन शिकायतें सुनी। यहां पर कुल दो प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें से एक परिवार रजिस्टर नकल की मांग और एक हैंड पंप मरम्मत से संबंधित थी दोनों शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।एडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी ने अपने वोट को देकर राज्य में और देश में जो सरकार चुनी है जिसकी जिम्मेदारी होती है आपकी समस्या को दूर करे। उसी कड़ी में हर शुक्रवार को विकास खंड की दो ग्राम पंचायत में चौपाल लगाई जाती है ताकि आपकी समस्या का गांव में समाधान हो सके।और यहां पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई है जिससे आप ग्राम पंचायत से संबंधित विभिन्न योजनों को ऑनलाइन करवा सकते है।उसके लिए आपको कही दौड़ने की जरूरत नहीं है। वहीं ग्राम पंचायत मल्लावां में बीडीओ आलोक कुमार वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी यहां कुल छः शिकायतें आई।जिसमें से पांच आवास मांग की थी और एक पेंशन से संबंधित थी निस्तारण हेतु सचिव पूजा सिंह को निर्देशित किया गया। ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी दी जानकारी मेडो प्लस सर्विसेज की ओर से क्लस्टर हेड दीपक श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को मेडो प्लस के बारे में विस्तार से बताया कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक मेडो मित्र चयनित किया जा रहा है जिसे 360 घंटे की ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग उपरांत मेडो मित्र गांव में स्वास्थ्य से संबंधित सर्वे करेंगे और लोगों को जागरूक करेंगे।जानकारी के अभाव में भटकने वाले गरीब व्यक्तियों को सही जानकारी देंगे ,इससे इन्हें आर्थिक लाभ भी होगा। कस्बा टिकैतगंज में हमारा अस्पताल बन रहा है आने वाले फरवरी माह में खुलेगा जहां विभिन्न रोगों से संबंधित चिकित्सक उपलब्ध होंगे और मेडो मित्र की सहायता से निशुल्क इलाज उपलब्ध कराने की कोशिश की जाएगी। इस मौके जेई आरएस सचिन यादव,ग्राम पंचायत सचिव महमूद अंसारी,ग्राम प्रधान ओदार फूलमती,पंचायत सहायक साधना वर्मा ,ग्राम प्रधान मल्लावां अनवर जहां उपस्थित रहे।

## प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं का पलटा चार गंभीर

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को प्रयागराज से लौट रहे सीतापुर जनपद के श्रद्धालुओं से भरा मैजिक लोडर थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम मौलाबाद में बदोसराय मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में 10 श्रद्धालु घायल हुए। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष बदोसराय संतोष कुमार मौके पर पहुंचे। घायलों को संयुक्त चकित्सालय सिरौलीगौसपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद चार गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इनमें बहलोल नगर थाना रामपुर मथुरा, सीतापुर निवासी 40 वर्षीय सर्बजीत, 64 वर्षीय प्रेमा देवी, 52 वर्षीय राकेश कुमार, 60 वर्षीय छोटकी और 7 वर्षीय प्रियांशु शामिल हैं। वहीं छह अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा गया। इनमें 40 वर्षीय रामचंद्र, 32 वर्षीय दीपू, 8 वर्षीय मुकेश, 24 वर्षीय सोनू मिश्रा और 6 वर्षीय रागिनी शामिल हैं। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी काव्या सी ने संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पहुंचकर घायलों का हाल जाना और उनके लिए जल पान की व्यवस्था करवाई। स्थानीय प्रशासन घायलों की देखभाल में जुटा रहा।

## मालगाड़ी से कटकर मायके में रह रही महिला की मौत

**औरैया।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर पाता ओवरब्रिज के नीचे एक महिला मालगाड़ी से कट गई, स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फफूंद थाना क्षेत्र के गांव देवी का पुरवा निवासी राम बदन सिह राजपूत की 25 वर्षीय पुत्री प्रेम लता की शादी विगत तीन वर्ष पूर्व सहार थाना क्षेत्र के गांव ल्लऊपुरवा निवासी बड़े लाल के पुत्र सुनील कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद प्रेम लता ससुराल नहीं गई, अपने बाबा असर्फी लाल के साथ गांव में रहती थी। गुरुवार की शाम को बाबा को खाना खिलाकर सोने कमरे में चली गई। जब बाबा सो गये तो वह घर से रात्रि लगभग 11 बजे निकल गई और दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित डीएफसी डाउन लाइन पर ओवरब्रिज के नीचे माल गाड़ी से वह कट गई। रात्रि लगभग 2:30 बजे चौकी इंचार्ज पाता मुकेश कुमार को ट्रैक मैन अमर जीत यादव ने सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की शिनाख्त करवाई तो महिला के पिता राम बदन ने पुत्री के रूप में शिनाख्त की। पुलिस ने पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रेन से कटने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतक दो बहनों व एक भाई में सबसे बड़ी थी। इस सम्बंध में शुक्रवार को थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि कारण पता नहीं चला है। पोस्टमार्टम के लिए शव भेज दिया गया है।

## छात्रा का शव मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने निकाला कैंडल मार्च

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी। बीते बुधवार से लापता 19 वर्षीय छात्रा का शव कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमीटा में मिला। छात्रा का शव गांव के बाहर संदिग्ध अवस्था में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं, मिली जानकारी के अनुसार, छात्रा पिछले दो साल से अपने फूफा के घर रहकर बीए की पढ़ाई कर रही थी। बुधवार को वह नसीरपुर में बने परीक्षा केंद्र पर पेपर देने गई थी, लेकिन इसके बाद वह लापता हो गई। बीते दिन छात्रा के शव के मिलने के बाद, स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। उरई के टाऊन हॉल में सैकड़ों लोगों ने छात्रा के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कैंडिल मार्च निकाला। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पांच लाख श्रद्धालुओं ने किया मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन

**मीरजापुर।** गुप्त नवरात्र के दूसरे दिन मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। महाकुम्भ और गुप्त नवरात्र के संयोग से मंदिर परिसर में शुक्रवार को पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। सुबह से ही भक्तजन मां के चरणों में शीश नवाने के लिए उमड़ पड़े और यह सिलसिला देर शाम तक अनवरत जारी रहा। मंदिर प्रांगण में गूंजते घंटे-घड़ियाल, शंखनाद और जय माता दी के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने मां विंध्यवासिनी के चरणों में माला-फूल, चुनरी और प्रसाद अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। गुप्त नवरात्र के अवसर पर साधक विशेष रूप से मां की उपासना में लीन रहे। मंदिर परिसर में यज्ञ और अनुष्ठान चल रहे हैं, जिससे भक्तों की आस्था और भी प्रगाढ़ हो रही है। मां विंध्यवासिनी के दरबार में उमड़ी इस आस्था की बयार से पूरा विंध्याचल भक्तिमय हो उठा। गुप्त नवरात्र का विशेष महत्व वेदांताचार्य पं. देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त नवरात्र का महत्व साधकों और तांत्रिक उपासकों के लिए अत्यधिक होता है। गुप्त नवरात्र को देवता, गंधर्व, यक्ष और किन्नर भी देवी की आराधना के लिए श्रेष्ठ मानते हैं। माघ मास के शुक्ल पक्ष

## पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किए गए राजा राजीव



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दरियाबाद विधानसभा से छह बार विधायक रहे पूर्व राज्यमंत्री स्व. राजा राजीव कुमार सिंह (राजू भैय्या) की तीसरी पुण्यतिथि शुक्रवार को उनके निज निवास हड़ाहा में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में न केवल दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र से बल्कि अन्य क्षेत्रों से भी हजारों लोगों ने उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।कार्यक्रम में राजा रितेश कुमार सिंह (रिंकू भैय्या) ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस दौरान वे कई बार भावुक भी हुए। पुण्यतिथि पर पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं। रिंकू भैय्या की ओर से गरीब महिलाओं और वृद्धजनों को कंबल वितरण के साथ-साथ निःशुल्क नेत्र शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अनुसूचित जनजाति आयोग चेयरमैन बैजनाथ रावत, पूर्व रामसागर रावत, रामनगर के पूर्व विधायक शरद अवस्थी,ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडेय, रामनगर के विधायक पूर्व मंत्री फरीद किदवई, पूरेडलाई ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह, सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद और हनुमानगढी महंत बाबा बलराम दास जी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। देर शाम तक श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा।

# सात दिवसीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। विकासखंड के अटौटा ग्राम में बसंत पंचमी पर्व के उपलक्ष्य में 31जनवरी से सात दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं सरस्वती पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा संग हुआ। प्रथम दिन गाजे बाजे सहित भव्य विशाल कलश यात्रा निकली। जिसमें ग्रामीण महिलाएं पुरुष और बच्चे भी शामिल हुए।ये शोभायात्रा अटौटा ग्राम से कस्बा रामनगर बुढ़वल चौराहा व बड़ी बाजार होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंच कर पूर्ण हुई। कलशयात्रा में गायत्री माता,सरस्वती माता,शिव-पार्वती और रामलला की दिव्य प्रतिमाएं शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं।आयोजन समिति के सदस्य बबलू वर्मा ने बताया कि प्रत्येक दिन गायत्री महायज्ञ और शाम को शांतिकुंज हरिद्वार की कथावाचिका सुशीला सिंह द्वारा श्रीराम कथा का आयोजन होगा। 7 फरवरी को भंडारे और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन होगा।इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के सभी पदाधिकारी स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल मौजूद रहा।

# पद्मश्री के जन्मदिन पर हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। इंडियन स्टूडेंट पावर द्वारा पदमश्री के.डी सिंह बाबू के जन्म दिवस पर आयोजित फाइव ए साइड हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन के सचिव मजहर अज़ीज़ खान ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि बाबू साहब बाराबंकी की शान है इस वर्ष उनका जन्म दिवस समारोह तीन दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट करके बाराबंकी के हॉकी खिलाड़ी कर रहे हैं जिसका पहला मैच गांधी क्लब ए ने बाबू सोसाइटी को 8गोल के मुकाबले 4 से जीत कर अगले राउंड में स्थान पक्का कर लिया मैच में गांधी क्लब की तरफ से अखल्द ने शानदार हैट्रिक बनाते हुए तीन गोल दाग कर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली इसके अलावा गांधी क्लब के इब्राहीम ने दो और आदी ने भी दो गोल किए बाबू सोसाइटी की ओर से शुभम कश्यप ने एक ,आशुतोष ने एक और सौरभ कश्यप ने एक गोल करके लीड को घटा दिया,दूसरा मैच क्लब 25 अवेंजर्स क्लब के बीच खेला गया जिसमें क्लब 25 ने शानदार प्रदर्शन किया और पहले हॉफ में उनकी टीम से कपिल यादव, ने एक और अनुराग गौतम ने दो गोल किए और अपनी टीम को बढ़त दिला दी जवाब में एवेंजर्स के खिलाड़ियों ने गोल उतरने का बहुत प्रयास किया पर कामयाब नही हो पाए,दूसरे हॉफ की शुरुआत से ही एवेंजर्स के मोहम्मद माज ने अपनी टीम की ओर से गोल दाग दिया पर जवाब में क्लब 25के खिलाड़ी अनुराग गौतम ने दो गोल करके क्लब 25 ने एवेंजर्स को 5ऽ1हराकर अपनी टीम को जीत दिला दी इस अवसर पर हॉकी सचिव मजहर अज़ीज़ खान, हॉकी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम,संयुक्त सचिव चंदा रानी, विवेक प्रकाश सिंह,अभिषेक सिंह विक्की, मोहम्मद आदिल,शाकिब अशरफ़ और अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे ।

# भारत महिला अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में

## खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से होगा सामना

एजेंसी

कुआलालंपुर। भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 9 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। अब खिताबी भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका से होगी, जिसने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय स्पिनरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लिश बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। इंग्लैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर सिर्फ 113 रन ही बना सकी। दाविना पेरिन (45) और कप्तान अबी नोरग्रोव (30) ने संघर्षपूर्ण पारियां खेलीं, लेकिन अन्य बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सके। भारत की ओर से वैष्णवी शर्मा और पारूनिका



सिसोदिया ने 3-3 विकेट झटके, जबकि आयुषी शुक्ला ने 2 विकेट लेकर इंग्लिश टीम की कमर तोड़ दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने दमदार शुरुआत की। जी कमालिनी (56*) और गोंगाडी त्रिशा (35) ने पहले विकेट के लिए 8.5 ओवर में 60 रन जोड़े। इसी स्कोर पर फोबे ब्रेट ने त्रिशा को बोल्ड कर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद कमालिनी और सानिका चल्के (11*) ने संयम से खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। कमालिनी ने 15वें ओवर में लगातार दो चौकों के साथ अर्धशतक पूरा किया और फिर आखिरी गेंद पर चौका जड़कर भारत को 9 विकेट से जीत दिला दी। भारतीय टीम ने 15 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाकर फाइनल में प्रवेश किया। अब खिताबी मुकाबले में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

# सचिन तेंदुलकर को मिलेगा बीसीसीआई 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार

एजेंसी

मुंबई। पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के वार्षिक समारोह में बोर्ड के 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। भारत के लिए 664 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 51 वर्षीय तेंदुलकर के नाम क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक टेस्ट और वनडे रन बनाने का रिकॉर्ड है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया, हां, उन्हें वर्ष 2024 के लिए सी के नायडू 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। तेंदुलकर के 200 टेस्ट और 463 एकदिवसीय मैच क्रिकेट इतिहास में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक हैं। उन्होंने वनडे में 18,426 रनों के अलावा 15,921 टेस्ट रन बनाए। उन्होंने अपने शानदार करियर में केवल एक टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला है। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री और पूर्व दिग्गज विकेटकीपर फारुख इंजीनियर को यह पुरस्कार मिल चुका है। आपको बता दें कि



सचिन इससे पहले भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न पा चुके हैं। इसके अलावा अर्जुन अवॉर्ड, खेल रत्न, पद्म श्री, पद्म विभुषण और महाराष्ट्र भुषण अवॉर्ड से भी सम्मानित हो चुके हैं। वहीं साल 2012 में उन्हें ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया से भी सम्मानित किया गया था। आईसीसी और बीसीसीआई भी सचिन को खेल के कई अवॉर्ड दे चुकी है।

# संक्षिप्त समाचार

### रणजी ट्रॉफी में 13 साल बाद वापसी पर केवल 15 गेंद तक चली कोहली की पारी

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की रणजी ट्रॉफी में 13 साल बाद वापसी पर खेली गई पारी केवल 15 गेंद तक चली जिससे रन बनाने के लिए उनका संघर्ष भी जारी रहा और उनकी फॉर्म को लेकर बहस फिर से शुरू हो गई। कोहली को खेलते हुए देखने के लिए यहां अरुण जेटली स्टेडियम में लगभग 5000 दर्शक पहुंचे हुए थे लेकिन रेलवे के तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने दिल्ली की पहली पारी के 28वें ओवर में जैसे ही इस स्टार बल्लेबाज का ऑफ स्टंप उखाड़ा, अधिकतर दर्शक स्टेडियम छोड़कर चले गए। कोहली जब बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे तो दर्शक 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के नारे लगाने लगे लेकिन उनके आउट होते ही स्टेडियम में सन्नाटा पसर गया। कोहली केवल छह रन ही बना पाए। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। उन्होंने नवंबर 2012 के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करने से पहले भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ की निगरानी में अभ्यास किया था। इस भारतीय बल्लेबाज को ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंदों को खेलने में परेशानी हो रही थी। उन्होंने लगातार इस तरह की गेंदों पर अपना विकेट गंवाया था। कोहली ने यश ढुल के आउट होने के बाद लगभग 10 बजाकर 30 मिनट पर क्रीज पर कदम रखा और दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। रेलवे के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज राहुल शर्मा ने उनके लिए पहली गेंद की जो नोबॉल निकली। कोहली ने एक रन बनाकर अपना खाता खोला और इसके बाद विशेषकर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सांगवान को निशाना बनाया। उन्होंने सांगवान पर स्ट्रेट ड्राइव से चौका लगाया। यह दूसरे दिन के खेल का पहला सत्र था और गेंदबाजों को भी पिच से मदद मिल रही थी। कोहली ने ऐसे में सांगवान की गुड लेंथ पर की गई अगली गेंद को ड्राइव करना चाहा लेकिन वह चूक गए और गेंद ने उनका ऑफ स्टंप उखाड़ दिया। कोहली ने जमीन की तरफ देखा और इसके बाद चुपचाप पवेलियन लौट गए। इसके साथ ही दर्शक भी वापस लौटने लगे। दर्शकों को अभी दिल्ली की दूसरी पारी में कोहली को बल्लेबाजी करते हुए देखने का मौका मिलेगा। सांगवान के करियर का यह सबसे कीमती विकेट था जिसका उन्होंने जमकर जश्न मनाया।

### भारतीय खिलाड़ियों से मैदान पर दोस्ताना व्यवहार नहीं करें पाकिस्तानी खिलाड़ी: मोईन खान

**कराची।** पूर्व कप्तान और मुख्य कोच मोईन खान ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी को दुबई में होने वाले मैच में वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार नहीं करें। मोईन ने अभिनेता उशना शाह से एक पॉडकास्ट में कहा, ''जब मैं इन दिनों पाकिस्तान और भारत के मैच देखता हूं तो मुझे यह समझ नहीं आता है कि जैसे ही भारतीय खिलाड़ी क्रीज पर आते हैं, हमारे खिलाड़ी उनके बल्ले की जांच करते हैं, उन्हें थपथपाते हैं और दोस्ताना बातचीत करते हैं। भारत के खिलाफ कई मैच खेलने वाले मोईन ने कहा कि वह विपक्षी खिलाड़ियों के प्रति सम्मान रखने के खिलाफ नहीं हैं लेकिन उनके साथ जरूरत से ज्यादा मित्रता रखना सही नहीं है। उन्होंने कहा, ''हमारे सीनियर खिलाड़ी हमें बताया करते थे कि भारत के खिलाफ खेलते समय कोई शिकायत न करें और मैदान पर उनसे बात करने की भी जरूरत नहीं है। जब आप उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करते हैं तो वे इसे आपकी कमजोरी मान लेते हैं। मोईन ने कहा, ''आजकल भारत के खिलाफ खेलते समय हमारे खिलाड़ियों का व्यवहार मेरे लिए समझ से परे है। यहां तक कि मैदान के बाहर भी पेशेवर खिलाड़ी होने के कारण आपकी कुछ सीमाएं होनी चाहिए।'

### श्रीकांत और सुब्रमण्यम थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन से बाहर

**बैंकॉक।** विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम शुक्रवार को यहां पुरुष एकल के अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मैच हारकर थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए। श्रीकांत को चीन के छठी वरीयता प्राप्त झेंग जिंग वांग के खिलाफ 17-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सुब्रमण्यम ने चीन के एक अन्य खिलाड़ी जुआन चेन झू के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें एक घंटे 10 मिनट तक चले मैच में 21-19, 18-21, 13-21 से हार झेलनी पड़ी।

### याकुबोएव ने फूल और चॉकलेट देकर वैशाली से माफी मांगी

**विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड)।** ग्रैंडमास्टर आर वैशाली से यहां टाटा स्टील मास्टर से शतरंज टूर्नामेंट के दौरान 'धार्मिक कारणों' से हाथ नहीं मिलाने के बाद विवादों से घिरे उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी नोदिरबेक याकुबोएव ने फूल और चॉकलेट देकर भारतीय खिलाड़ी से माफी मांगी। याकुबोएव ने यहां चल रही प्रतियोगिता से इतर वैशाली से मुलाकात की और उनसे माफी मांगी। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गए मैच के बाद उनके वैशाली के साथ हाथ नहीं मिलाने के कारण पैदा हुए विवाद पर उन्हें पछतावा है। इस अवसर पर वैशाली के छोटे भाई और प्रतियोगिता में भाग ले रहे ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा और उनकी मां नागलक्ष्मी भी उपस्थित थी। याकुबोएव ने 'चेसबेस इंडिया' द्वारा ऑनलाइन साझा किए गए एक वीडियो में वैशाली से कहा, ''जो कुछ हुआ, उसके लिए मुझे खेद है। वैशाली ने उनकी माफी स्वीकार कर ली और आश्वासन दिया कि वह नहीं चाहती कि जो कुछ हुआ उसके बारे में उन्हें बुरा लगे। भारतीय खिलाड़ी ने कहा, ''मैं चीजों को अच्छी तरह से समझती हूं। मुझे किसी बात का भी बुरा नहीं लगा और आपको भी बुरा महसूस करने की जरूरत नहीं है। याकुबोएव ने स्पष्ट किया कि उनका भारतीय खिलाड़ी का अनादर करने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने कहा, ''हम दोनों के लिए यह अजीब स्थिति थी। मैं उस दिन जल्दी में था और सचमुच भूल गया। मैं आप दोनों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

### ब्राज़ील लौटेंगे नेमार, अपने बचपन के क्लब सैंटोस से खेलेंगे

**साओ पाउलो।** ब्राजील के स्टार स्ट्राइकर नेमार ने पुष्टि की है कि वह अपने बचपन के क्लब सैंटोस के साथ एक अल्पकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर करेंगे, क्योंकि उनका लक्ष्य 2026 विश्व कप से पहले अपने करियर को फिर से नई दिशा देना है। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरुवार को खुलासा किया कि वह साओ पाउलो स्थित क्लब में वापसी कर रहे हैं लेकिन स्थानीय मीडिया के अनुसार उनका यह अनुबंध केवट 30 जून तक होगा। नेमार ने सोशल मीडिया पर जारी किए गए वीडियो में कहा, ''केवल सैंटोस ही मुझे वह प्यार दे सकता है जो मुझे अगले कुछ वर्षों में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार होने के लिए चाहिए। आप सभी, चाहे आप किसी का भी समर्थन करते हों, अच्छी तरह से जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। सैंटोस ने भी नेमार के वीडियो पर प्रतिक्रिया देने के लिए अपने सोशल मीडिया चैनलों का उपयोग किया। क्लब ने कहा,''आपका घर आपका इंतजार कर रहा है।

# पार्थ माने ने राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा जीती, महाराष्ट्र का दबदबा कायम

एजेंसी

देहरादून। 17 वर्षीय विश्व जूनियर चैंपियन पार्थ माने ने 38वें राष्ट्रीय खेलों उत्तराखंड में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। त्रिशूल शूटिंग रेंज में हुए इस मुकाबले में महाराष्ट्र के रुद्राक्ष पाटिल को हराकर उन्होंने पहला स्थान हासिल किया, जबकि किरण जाधव ने कांस्य पदक जीतकर महाराष्ट्र के लिए पोडियम फिनिश को पूरा किया। पार्थ माने ने पूरे फाइनल के दौरान शानदार लय बनाए रखी। अनुभवी निशानेबाजों के बीच भी वह शांत बने रहे और एक सीरीज को छोड़कर बाकी सभी में बढ़त बनाए रखी। फाइनल के दौरान उनके कई शॉट्स ने 10.7 या उससे अधिक स्कोर किया, जिससे उनका आत्मविश्वास और मजबूत



हुआ। जब रुद्राक्ष पाटिल ने 20 शॉट्स के बाद मात्र 0.6 अंकों का अंतर रखते हुए चुनौती पेश की, तब पार्थ ने दबाव में भी अपने प्रदर्शन को बरकरार रखा। अंतिम चार शॉट्स में रुद्राक्ष ने 42.2 अंक बनाए, लेकिन पार्थ ने 42.4 अंक के साथ जवाब दिया, जिसमें 10.8 और 10.7 के बेहतरीन निशाने शामिल थे। पार्थ ने कुल 252.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो पेरिस 2024 ओलंपिक स्वर्ण पदक स्कोर से 0.4 अंक अधिक था। उनके निरंतर प्रदर्शन ने उन्हें पूरे फाइनल में बढ़त बनाए रखने में मदद की, हालांकि एलिमिनेशन राउंड में रुद्राक्ष पाटिल की शानदार शूटिंग ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। रुद्राक्ष पाटिल ने रजत पदक जीता और माना कि उन्होंने चौथे स्थान पर जाने के डर को दूर रखते हुए हर शॉट पर ध्यान केंद्रित किया। अर्जुन बाबूता (पंजाब), जो शुरू में शीर्ष पर बने हुए थे, 16वें शॉट के बाद 10.4 स्कोर कर चौथे स्थान पर खिसक गए। किरण जाधव, जो 20वें शॉट तक चौथे स्थान पर थे, ने 10.8 अंक का दबाव झेलते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। पार्थ मखीजा (दिल्ली) ने पांचवां स्थान और संदीप सिंह (सर्विसेज) छठा स्थान हासिल किया। असम के हृदय हजारिका, 2018 के विश्व जूनियर चैंपियन, इस अवसर का फायदा नहीं उठा सके और पदक की दौड़ से बाहर हो गए।

## मिशेल मार्श चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, आईपीएल में खेलना भी संदिग्ध

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श पीठ में तकलीफ के कारण अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं और उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना भी संदिग्ध है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में मार्श की चोट के बारे में जानकारी दी और कहा कि उन्हें 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया गया है। कुछ अन्य रिपोर्टों के अनुसार मार्श का आईपीएल में भी खेलना संदिग्ध है। उन्हें आईपीएल में लखनऊ सुपर जॉइंट्स ने अपनी टीम में लिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, ''मिशेल मार्श को पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण आगामी आईसीसी पुरुष चैंपियन ट्रॉफी से बाहर कर दिया गया है। पिछले कुछ सप्ताह में उनकी पीठ के निचले हिस्से में दर्द बढ़ गया था और उन्हें पूरी तरह फिट होने में अभी समय लगेगा।

# राष्ट्रीय राजमार्गों की निर्माण गुणवत्ता बढ़ाने व ठेकेदारों की जिम्मेदारी तय करने का काम किया: गडकरी

## एनएचएआई के एक हितधारक परामर्श कार्यशाला को केंद्रीय मंत्री ने किया संबोधित

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग हमारी राष्ट्रीय संपत्ति हैं। हमने उनकी गुणवत्ता और सुरक्षा बढ़ाने पर बहुत जोर दिया है। हमने निर्माण की गुणवत्ता बढ़ाने और कार्य प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ठेकेदारों की ज़िम्मेदारी तय करने के उपाय किए हैं। यह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के नई दिल्ली में आयोजित एक हितधारक परामर्श कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। यह



कार्यशाला गुरुवार को हुई थी। केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, प्रौद्योगिकी एक महान सक्षमकर्ता है और स्वचालित और बुद्धिमान मशीन-सहायता प्राप्त निर्माण को अपनाना सही दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि हमने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पायलट परियोजना में सफलता हासिल की है और जल्द ही हम इस तकनीक को अन्य परियोजनाओं में भी लागू करेंगे। इस अवसर पर सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने कहा कि भारत ने विश्व स्तरीय सड़कों और राजमार्गों के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे हमारे बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस परिवर्तन में प्रत्येक हितधारक की अहम भूमिका है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, सेंसर, उपग्रह और वास्तविक समय की निगरानी जैसी उन्नत तकनीक का लाभ उठाना प्रगति को गति देने के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि निरंतर तकनीकी प्रगति के साथ हम भारत के सड़क बुनियादी ढांचे को विजन 2047 के साथ संरेखित करने और हमारे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को विश्व स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आयात से बचने को भारत को 2030 तक 10 करोड़ टन इस्पात उत्पादन क्षमता जोड़ने की जरूरत: सचिव

एजेंसी

नयी दिल्ली। इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने शुक्रवार को कहा कि भारत को आयात पर निर्भरता से बचने के लिए 2030 तक इस्पात निर्माण क्षमता में 10 करोड़ टन की वृद्धि का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर इस्पात की मांग में गिरावट और क्षमता से अधिक उत्पादन ने घरेलू उद्योग को प्रभावित किया है। अधिकारी ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय राजधानी में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में की। उन्होंने कहा कि एक प्राथमिकता अधिक क्षमता सृजित करना है। भारत में वर्तमान में करीब 20 करोड़ टन इस्पात उत्पादन क्षमता है। चालू वित्त वर्ष में इसमें लगभग दो करोड़ टन की वृद्धि की गई है। पौंड्रिक ने 'इस्पात क्षेत्र के नजरिये से 2047 में भारत के विकसित बनने' के विषय पर आयोजित सत्र में कहा, इसलिए हमें अगले छह वर्षों में 10 करोड़ टन क्षमता और जोड़नी होगी। अगर हम ऐसा नहीं करते हैं, तो हम मूल रूप से आयात पर निर्भर हो जाएंगे। राष्ट्रीय इस्पात नीति (एनएसपी) 2017 के अंतर्गत सरकार ने 2030 तक भारत की समग्र इस्पात विनिर्माण क्षमता को 30 करोड़ टन तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। सचिव ने कहा कि एक अन्य प्राथमिकता घरेलू इस्पात उद्योग को प्रतिस्पर्धी बनाए रखना है, क्योंकि चीन, अमेरिका और यहां तक कि यूरोप सहित अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में खपत स्थिर है तथा विश्व में उत्पादन क्षमता अत्यधिक है। उन्होंने कहा, '' ३यदि हम अपने घरेलू उद्योग को सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो घरेलू इस्पात की कीमतें प्रतिस्पर्धी होनी चाहिए, ताकि इस्पात उद्योग में पर्याप्त मुनाफा हो, ताकि वे क्षमता विस्तार में निवेश कर सकें। यदि उनके पास मुनाफा नहीं होगा, तो निवेश कौन करेगा। पौंड्रिक ने कहा कि जैसे-जैसे विश्व कम कार्बन उत्सर्जन की ओर बढ़ रहा है, घरेलू उद्योग को भी हरित इस्पात विनिर्माण प्रक्रिया की ओर बढ़ना होगा।

## पराग मिल्क फूड्स का तीसरी तिमाही का मुनाफा छह प्रतिशत बढ़कर 36 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 5.59 प्रतिशत बढ़कर 36.07 करोड़ रुपये रहा है। बिक्री बढ़ने से कंपनी का मुनाफा भी बढ़ा है। कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 34.16 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय एक साल पहले की समान अवधि के 806.69 करोड़ रुपये से बढ़कर 890.75 करोड़ रुपये हो गई। खर्च पहले के 773.93 करोड़ रुपये के मुकाबले बढ़कर 853.09 करोड़ रुपये हो गया। पराग मिल्क फूड्स के चेयरमैन देवेंद्र शाह ने कहा, ''मजबूत त्योहारी मांग के कारण तीसरी तिमाही में हमारी अब तक की सबसे ऊंची डिलिवरी प्रीमियम डेयरी उत्पादों के लिए बढ़ती प्राथमिकता और उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने की हमारी क्षमता का प्रमाण है।

# सर्राफा बाजार में तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। बजट के एक दिन पहले आज सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। आज सोना 150 से 170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। चांदी ने भी आज 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 83,180 रुपये से लेकर 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 76,260 रुपये से लेकर 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 98,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 83,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 76,260 रुपये प्रति 10



ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 83,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 76,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 83,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 76,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 83,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 76,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 83,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 76,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में उछाल दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# यमुना की सफाई पर 8500 करोड़ खर्च करने के बाद भी साफ पानी मयस्सर नहीं : हरीश रावत

एजेंसी

नई दिल्ली। कंाग्रेस नेता एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने गुरुवार को कहा कि यमुना की सफाई पर करीब 8500 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी दिल्ली के लोगों को स्वच्छ पेयजल मयस्सर नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज यमुना का पानी नहाने लायक भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली और यमुना के प्रदूषण के दो अपराधी है, एक केंद्र सरकार और दूसरी दिल्ली सरकार।



दिल्ली प्रदेश कंाग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए रावत ने कहा कि जब वह जल संसाधन मंत्री थे, तब यह तय हुआ था कि दिल्ली के अंदर यमुना के दोनों किनारों के साथ चलती एक मास्टर ड्रेन निकाली जाएगी। दिल्ली के करीब 27 नालों को मास्टर ड्रेन में डाला जाएगा, जिसे वृंदावन के पास मुख्य धारा में मिलाया जाएगा। ताकि मिट्टी के संपर्क में आने और रास्ते में लगाए जाने वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए पानी को साफ किया जा सके। कंाग्रेस ने इसे नजफगढ़ से शुरू भी किया था लेकिन कंाग्रेस के बाद इसे आम आदमी पार्टी की सरकार में आगे नहीं बढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की इन अनदेखी से आज दिल्ली में करीब 22 किलोमीटर बहने वाली यमुना सबसे ज्यादा प्रदूषित है। यमुना को साफ करने के लिए एक भागीरथ प्रयास की जरूरत है।

हरीश रावत ने दिल्ली में जल और वायु प्रदूषण के लिए दिल्ली सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली सरकार की गलत नीतियों की वजह से दिल्लीवालों को न तो साफ पानी और न ही स्वच्छ हवा मिल रही है। दिल्ली में लगातार हरित क्षेत्र में कमी आई है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि शीला सरकार ने दिल्ली में हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के साथ-साथ वायु को प्रदूषण को कम करने के लिए कई काम किए थे।

# कांग्रेस ने की सांसद मनोज राम के हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग

एजेंसी

नई दिल्ली,। कंाग्रेस ने बिहार के सासाराम से पार्टी के दलित सांसद मनोज राम पर हुए जानलेवा हमले की निंदा की है। पार्टी ने सभी हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी सजा दिए जाने की मांग की।

यहां दिल्ली प्रदेश कंाग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बिहार कंाग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, बिहार कंाग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद और पूर्व सांसद उदित राज ने बताया कि सासाराम के सांसद मनोज राम के भाई एक स्कूल चलाते हैं, वहां पैक्स यानी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का चुनाव हुआ। चुनाव में भाजपा और जेडीयू समर्थित उम्मीदवार की जीत के बाद दोनों पार्टियों के समर्थक जुलूस निकालते हुए उनके स्कूल पहुंचे। पहले अनुसूचित जाति से आने वाले उनके स्कूल के दो वाहन चालकों को पीटा गया। उनके भाइयों को जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल कर अपमानित किया गया। जब सांसद को घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस को इसकी खबर की और खुद जब वह घटना स्थल पर पहुंचे, तो वहां उनके साथ भी गाली-गलौज की गई और साथ ही पथराव किया गया, जिससे उनका माथा फूट गया। मनोज राम के साथ न केवल मारपीट की गई बल्कि उन्हें जातिसूचक गालियां भी दी गईं।

उदित राज ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस मामले में अपना रुख सामने रखने और अपनी पार्टी की भूमिका स्पष्ट करने को कहा।

अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि इस घटना में सांसद मनोज राम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले पटना के एम्स में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें दिल्ली के एम्स रेफर कर दिया गया। हमले में उनका एक निजी सुरक्षा अधिकारी भी घायल हो गया। कंाग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने जानलेवा हमला किया, वे सब भाजपा-जेडीयू समर्थक हैं। उनमें से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई और कोई कार्रवाई भी नहीं हुई। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में पूरी तरह से जंगल राज है और कोई भी व्यक्ति सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। कंाग्रेस नेताओं ने सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। शकील अहमद खान ने कहा कि बिहार में जब-जब भाजपा-जेडीयू गठबंधन की सरकार बनती है, दलितों पर अत्याचार की ऐसी घटनाएं लगातार होती हैं। उन्होंने पूछा कि अगर बिहार में सांसद भी सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों की क्या सुरक्षा होगी।

# आर्थिक सर्वेक्षण भारत की एक मजबूत समग्र आर्थिक स्थिति की तस्वीर पेश करता है: सीईईडब्ल्यू

एजेंसी

नई दिल्ली। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के ग्रोथ एंड इंस्टीट्यूशनल एडवांसमेंट के निदेशक डॉ. ध्रुबा पुरकायस्थ ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण भारत की एक मजबूत समग्र आर्थिक स्थिति की तस्वीर पेश करता है। निरंतर वृद्धि, कम चालू खाता घाटा, सुव्यस्थित पूंजीकृत बैंकिंग सिस्टम और स्थिर ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल निर्माण सहित प्रमुख संकेतक इस मजबूती की तरफ इशारा करते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था में जारी संरचनात्मक बदलाव देश को एक विकसित देश 'विकसित भारत' बनने की दिशा में आगे बढ़ने में अतिरिक्त रूप से मददगार हैं। इस सकारात्मक आर्थिक पृष्ठभूमि को देखते हुए, भारत 2030 से पहले अपने एनडीसी (एनडीसी) लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक अच्छी स्थिति में है। आर्थिक सर्वेक्षण की समीक्षा करते हुए डॉ ध्रुवा ने कहा कि सर्वेक्षण में जलवायु अनुकूलन की तरफ सार्वजनिक नीति का ध्यान स्थानांतरित करने पर जोर दिया।

# मोटापा और तेल की खपत को कम करने संबंधी प्रधानमंत्री के आह्वान को मिला रहा व्यापक समर्थन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में मोटापे से लड़ने और तेल की खपत कम करने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री के इस अभियान को फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार सहित देशभर के डॉक्टरों, खिलाड़ियों और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का व्यापक समर्थन मिला है। दरअसल, देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने चर्चा की कि कैसे देश में मोटापे की समस्या पर चिंता जताई थी। उन्होंने फिट इंडिया मूवमेंट की प्रशंसा करते हुए व्यायाम और संतुलित आहार का संदेश दिया था। प्रधानमंत्री के इस संदेश की प्रशंसा करते हुए अभिनेता अक्षय कुमार ने भी अच्छे स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कितना सच है। मैं यह सालों से कह रहा हूं। मुझे अच्छा लगा कि प्रधानमंत्री ने खुद इसे इतने सटीक ढंग से कहा है। स्वास्थ्य है तो सब कुछ है। उन्होंने मोटापे से लड़ने के लिए पर्याप्त नींद, ताज़ी हवा और सूरज की रोशनी, प्रोसेस्ड फ़ूड को न, कम तेल, अच्छे पुराने देसी घी पर भरोसा करने को सबसे बड़े हथियार बताया है। अक्षय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबसे महत्वपूर्ण बात पैदल चलने को बताया है। कुछ भी टाइप का वर्कआउट करो पर करो तो सही। नियमित व्यायाम आपकी ज़िंदगी बदल देगा। इस पर मेरा भरोसा करें और आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री के समर्थन में विश्व स्वास्थ्य संगठन दक्षिण-पूर्व एशिया ने भी नियमित शारीरिक गतिविधि और संतुलित पौष्टिक आहार के लिए का आह्वान किया।

# पेज एक का शेष

## गरीबों ....

हो। उन्होंने कहा हमें मिलकर दिल्ली को लूट और झूठ की आप.दा से मुक्त कराना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली को जितना आधुनिक बनाना चाहती है उसकी एक झलक यहां द्वारका में दिखती है।

उन्होंने कहा केंद्र सरकार ने यहां भव्य यशोभूमि का निर्माण करवाया यशोभूमि की वजह से यहां द्वारका दिल्ली के हजारों नौजवानों को रोजगार मिला है यहां लोगों का व्यापार बढ़ा है। आने वाले समय में ये पूरा क्षेत्र एक प्रकार से स्मार्ट शहर होगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में मतदान होने में अब बस पांच दिन बचे हैं और दिल्ली ने ठान लिया है कि आपदा वालों को भगाना है इस बार भारी बहुमत से भाजपा सरकार बनाना है।

श्री मोदी ने कहा आपने मुझे देश की सेवा करने का बार-बार अवसर दिया है अब आप मुझे डबल इंजन सरकार बनाकर दिल्ली की भी सेवा करने का मौका दें। दिल्ली में विधान सभा चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री की यह दूसरी रैली है। भाजपा सूत्रों ने बताया कि श्री मोदी दो फरवरी को राजधानी में एक और चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। श्री मोदी ने पहली रैली बुधवार 29 जनवरी बुधवार को उत्तरी रैली में की थी। दिल्ली में मतदान पांच फरवरी को होगा और मतों की गिनती आठ फरवरी को की जायेगी।

## राष्ट्रपति....

मिलेंगे। इस संबोधन में एकता और दृढ़ संकल्प की भावना के साथ हमारे द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरक रोडमैप भी शामिल थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के भाषण ने पिछले दशक में हमारे राष्ट्र की सामूहिक उपलब्धियों का भी खूबसूरती से सारांश प्रस्तुत किया और हमारी भविष्य की आकांक्षाओं को भी शामिल किया। इस संबोधन में आर्थिक सुधार, बुनियादी ढांचे का विकास, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रामीण विकास, उद्यमिता, अंतरिक्ष और बहुत कुछ शामिल था।

## उप्र...

गांव के पास यह हादसा हुआ। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराते हुए शवों की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। इधर, दुर्घटना की खबर मिलते ही भाजपा जिलाध्?यक्ष सुनील सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ गाजीपुर मेडिकल कालेज में पहुंच कर राहत कार्यों का जायजा लिया।

## सीतारमण...

वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की है और वित्त मंत्री का पूरा जोर इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह ही बुनियादी क्षेत्र इन्फ्रास्ट्रक्चर पर व्यय सामाजिक कल्याण ग्रामीण भारत के साथ ही अर्थव्यवस्था में हाल में आई नरमी को गति देने के उपायों पर हो सकती है। इसमें आम लोगों विशेषकर नौकरीपेशा लोगों को भी राहत मिल सकती है ताकि उनकी व्यय योग्य आय में वृद्धि हो सके और उनके व्यय से अर्थव्यवस्था को गति देने में मदद मिल सके।

आमतौर पर शनिवार को शेयर बाजार में अवकाश होता है लेकिन बजट पेश किये जाने के मद्देनजर कल शेयर बाजार खुले रहेंगे। शेयर बाजार द्वारा जारी एक सर्कुलर में इसकी पुष्टि की गई है। शनिवार को बाजार अपने नियमित समय के साथ सामान्य रूप से संचालित होंगे। इसके साथ ही श्रीमती सीतारमण 10 बार बजट पेश करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड के और करीब पहुंचेंगी। पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के नाम 10 बार बजट पेश करने का कीर्तिमान है। श्री देसाई ने 1959.1964 के बीच वित्त मंत्री के रूप में लगातार छह बार बजट पेश किए थे और 1967.1969 के बीच चार बार बजट पेश किए थे।

## राज्यसभा...

नीति के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित विद्वान के रूप में दुनिया भर में जाना जाता है। एक आर्थिक विचारक और दार्शनिक के रूप में उनके योगदान के अलावा उन्हें उनकी कर्तव्यनिष्ठा, सादगी और विनम्र व्यवहार के लिए हमेशा याद किया जाएगा। इसके साथ जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्रीओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संदेश में सभापति ने कहा कि ओम प्रकाश चौटाला एक प्रतिष्ठित नेता और भारतीय राजनीति के दिग्गज नेता थे। उन्होंने हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्यसभा के सदस्य के रूप में कार्य किया। राज्य के विकास और सामाजिक कल्याण के लिए उन्होंने जो योगदान दिया, वह उन लोगों के दिलों में हमेशा अंकित रहेगा, जिनकी उन्होंने सेवा की। उनके निधन से, राष्ट्र किसानों के अधिकारों के एक प्रबल समर्थक और एक प्रतिष्ठित नेता के निधन पर शोक मना रहा है, जिनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों तक गूंजती रहेगी।

सदन में पूर्व सदस्य हरवेंद्र सिंह हंसपाल, प्रीतीश नंदी और श्याम बेनेगल को भी श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जेम्स अर्ल कार्टर जूनियर के पिछले दिनों हुए निधन की जानकारी देते हुए उन्हें भी श्रद्धांजलि दी गई। सभी के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही शनिवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई। शनिवार को सदन की कार्यवाही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट भाषण के बाद शुरू होगी।

## मतदान...

चुनावों के दौरान मतदाताओं पर असर पड़ेगा। श्री सिंह ने कहा कि आम तौर पर चुनाव 11 घंटे तक चलते हैं और वोट डालने में लगभग 60 से 90 सेकंड का समय लगता है। इसलिए एक ईवीएम के साथ एक मतदान केंद्र पर एक दिन में 660 से 490 लोग अपना वोट डाल सकते हैं।

## छत्तीसगढ़...

कर आईसीयू में ले जाया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि बच्चे के सर्दी खांसी बुखार के लक्षण के बाद सांस लेने में तकलीफ हुई, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी स्थिति सामान्य है। वहीं उसके परिवार में तीन अन्य भाई-बहनों को भी निगरानी में रखा गया है, हालांकि उनमें संक्रमण के कोई लक्षण नहीं पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि एचएमपीवी का पहला मामला सामने आने के बाद एहतियातन बिलासपुर जिले में अलर्ट जारी किया गया है।

## भारत...

बाद के हालात तथा युद्ध जैसी वैश्विक चिंताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जो स्थायित्व एवं लचीलापन दिखाया है, वो उसके सशक्त होने का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है और उनके लिए रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है। एक करोड़ युवाओं को शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर भी दिये जाएंगे। पेपर लीक की घटनाओं को रोकने और भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नया कानून लागू किया गया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास का एक नया वातावरण बना है। वहां लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव अत्यंत शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूर्वोत्तर के लोगों में अलगाव की भावना को समाप्त करने के लिए प्रयास किए हैं। दस से अधिक शांति समझौते कर सरकार ने अनेक गुटों को शांति के मार्ग से जोड़ने का काम किया है। राष्ट्रपति ने डिजिटल फ्रॉड, साइबर-क्राइम और डीपफ़ेक को सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन साइबर-क्राइम को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए गए है। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए रोज़गार की संभावनाएं हैं। सरकार साइबर सिक्योरिटी में दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। इसके फलस्वरूप भारत ने ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स में टियर-1 स्टेटस प्राप्त कर लिया है। शहरी यातायात को सुगम बनाने के लिए सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कुछ सप्ताह पूर्व ही दिल्ली में रिठालाऽनरेलाऽकुंडली मेट्रो कॉरिडोर का काम शुरू हुआ है, जो दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के बड़े सेक्शन में से एक होगा। उन्होंने कहा कि 2014 में दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो का कुल नेटवर्क 200 किलोमीटर से भी कम था। अब ये बढ़कर दोगुने से भी ज्यादा हो गया है। उन्होंने कहा, ‌भारत का मेट्रो नेटवर्क अब एक हज़ार किलोमीटर के माइलस्टोन को पार कर चुका है। भारत अब मेट्रो नेटवर्क के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।‌

राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत डिजिटल टेक्नॉलाजी की फ़ील्ड में एक प्रमुख ग्लोबल प्लेयर के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है। दुनिया के बड़े देशों के साथ ही भारत में 5-जी सर्विसेस की शुरुआत इसका एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत की यूपीआई टेक्नॉलाजी की सफलता से दुनिया के कई विकसित देश भी प्रभावित हैं। आज 50 प्रतिशत से ज्यादा रियल टाइम डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में हो रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना पूरी हो चुकी है और अब देश कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेलवे लाइन से जुड़ जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत चेनाब ब्रिज का निर्माण हुआ है जो विश्व का सबसे ऊंचा रेल ब्रिज है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार ने मध्यम वर्ग के योगदान को न केवल पहचाना है, बल्कि हर अवसर पर उसकी सराहना भी की है। सरकार कृषि उपज का उचित मूल्य दिलाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए भी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सत्तर वर्ष और उससे अधिक उम्र के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का फैसला हुआ है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमियों के लिए मुद्रा ऋण की सीमा दस लाख रुपये से बढ़ाकर बीस लाख रुपये कर दिया गया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के कल्याण के लिए केन्द्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत पचास प्रतिशत सुनिश्चित पेंशन देने का निर्णय भी लिया गया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दो वर्षों में सरकार ने, रिकॉर्ड संख्या में दस लाख स्थायी सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।

राष्ट्रपति ने रक्षा क्षेत्र की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले देश में बने दो युद्धपोतों और एक पनडुब्बी को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया है। देश में डिफ़ेन्स इंडस्ट्रिअल कॉरीडोर की स्थापना और डिफ़ेन्स स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देकर हम आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार को मजबूती दे रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद को समाप्त करने के अंतिम चरण की भी शुरुआत हो चुकी है। सरकार के प्रयासों से वामपंथी-उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या 126 घटकर अब 38 हो गई है।

## सीसीटीवी...

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अफसर डी. के. सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी वी. के. गुप्ता भी शामिल हैं। आयोग को अपने गठन के एक महीने के अंदर मामले की जांच रिपोर्ट देनी होगी। इस सिलसिले में जारी अधिसूचना के मुताबिक आयोग भगदड़ के कारणों और परिस्थितियों की जांच करेगा। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के सिलसिले में सुझाव भी देगा।

आयोग ने अधिकारियों से हादसे की परिस्थितियों और इलाके की भौगोलिक स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली। न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने बताया कि यह आकस्मिक दुर्घटना थी लेकिन इसके पीछे के कारणों को सिलसिलेवार तरीके से समझने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर निरीक्षण पूरा कर लिया गया है, लेकिन अगर दोबारा जांच की जरूरत पड़ी तो टीम फिर आएगी। आयोग के सदस्य, सेवानिवृत्त आईएएस डीके सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस वीके गुप्ता ने भी जांच में तेजी लाने की बात कही है। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि हमारे पास केवल एक महीने का समय है, लेकिन जांच को प्राथमिकता के साथ तेजी से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया से महाकुम्भ में कोई व्यवधान न हो, इसका ध्यान रखा जाएगा। आयोग सभी तथ्यों का गहन विश्लेषण कर किसी ठोस निष्कर्ष पर पहुंचेगा।

घायलों से जानकारी जुटाई जाएगी

आयोग ने अस्पताल जाकर घायलों से भी बातचीत करने की योजना बनाई है। न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने कहा कि घायलों से मिली जानकारी जांच को सही दिशा देने में मदद करेगी। किसी एक पहलू पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय सभी संभावित कारणों पर विचार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, आयोग के तीनों सदस्यों ने गुरुवार को लखनऊ के जनपथ स्थित अपने कार्यालय में पहुंचकर कामकाज की शुरुआत की थी। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हर्ष कुमार ने बताया था कि जांच को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना है इसलिए हमने घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर कार्यभार संभाल लिया है।

## अस्पताल...

से मरीज और उनके तीमारदार काफी प्रसन्न हैं और वो इसके लिए उन्हें धन्यवाद के साथ ही आशीर्वाद भी दे रहे हैं।

जौनपुर की 32 वर्षीय संयोगिता यादव भी हादसे का शिकार हो गई थीं। उनकी स्थिति अब ठीक है और डॉक्टर ने उन्हें रिलीव कर दिया है। संयोगिता के भाई विवेक यादव ने बताया कि डॉक्टर से यहां पर उनकी बहन का सीटी स्कैन, एक्सरे व अन्य जरूरी टेस्ट निःशुल्क कराए। अस्पताल के स्टाफ ने हमारे पेशेंट की अच्छे से देख भाल की। मरीज के साथ ही तीमारदार को भी खाना उपलब्ध कराया गया और अब हमारे मरीज को घर तक भेजने के लिए एम्बुलेंस भी दी जा रही है। हम योगी सरकार का इस सुविधा के लिए आभार जताते हैं।

झारखंड रांची से आई 50 वर्षीय मनोरमा देवी भी हादसे में इंजर्ड हो गई थीं। उनके पति ईश्वरीय दयाल ने बताया कि योगी सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है लेकिन किसी वजह से यह हादसा हो गया। सरकार के निर्देश पर एसआरएन अस्पताल में बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। मरीज को अच्छी से अच्छी चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। हमारा मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हो रहा है। इसके लिए हम अस्पताल और डॉक्टर का शुक्रिया अदा करते हैं। फतेहपुर निवासी 65 वर्षीय सिंह नारायण को हादसे में पैर में चोट लगी थी। तेजी से रिकवरी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में उन्हें बेहतर इलाज मिल रहा है, डॉक्टर और पूरा स्टाफ पूरी तत्परता से सेवा में लगे हुए हैं। उन्होंने सभी का धन्यवाद दिया और खासकर योगी सरकार को मरीजों की देखभाल के लिए चिंता करने पर आशीर्वाद दिया। इसी तरह, लखनऊ की 34 वर्षीय गौरी शर्मा ने भी सीएम योगी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है। दुर्भाग्य से यह हादसा हो गया, लेकिन इसके बावजूद सीएम योगी के निर्देश पर उन्हें हरसंभव मदद तत्काल मिली। डॉक्टर ने दिन रात मेहनत करके मरीज का ध्यान रखा और उन्हें समुचित इलाज दिलाया।

साजिश से भी इनकार नहीं

अस्पताल में भर्ती मरीज हादसे के लिए साजिश से भी इनकार नहीं करते। लखनऊ निवासी गौरी शर्मा ने कहा कि जिस तरह की व्यवस्था की गई थी, कोई हादसा होना सम्भव नहीं था। यह जानबूझकर कराया गया। इसमें जरूर किसी न किसी की साजिश है, जो जांच का विषय है। इसी तरह, रांची की मनोरमा देवी ने भी बताया कि स्नान के वक्त करीब 20 युवक दौड़ते हुए आए और श्रद्धालुओं को धक्का देने लगे। इसके बाद भगदड़ जैसी स्थिति हो गई। सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए।

घरों तक छोड़ने के लिए उपलब्ध कराए जा रहे साधन

एसोसिएट प्रोफ़ेसर सर्जरी डिपार्टमेंट एवं मीडिया प्रभारी मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज डॉ संतोष सिंह ने बताया कि अस्पताल ने कुल 41 घायलों को भर्ती किया गया था जिसमें से 10 को डिस्चार्ज कर दिया गया है। कुछ घायल मरीज शाम तक और डिस्चार्ज हो जाएंगे। सभी मरीजों को समुचित चिकित्सा उपलब्ध कराई गई है और सभी का स्वास्थ्य बेहतर है। एक भी मरीज अब क्रिटिकल नहीं है। मरीज के साथ ही उनके अटेंडेंट को भी निःशुल्क खाना दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मरीजों के इलाज में कहीं कोई कोर कसर नहीं रखी गई है। यहां तक की मरीज के डिस्चार्ज होने पर उन्हें उनके घरों तक छोड़ने के लिए एम्बुलेंस या अन्य साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## महिला ...

का इनाम था। आत्मसमर्पण के बाद पुनर्वास नीति के तहत उन्हें प्रोत्साहन राशि के रूप में 25-25 हजार रुपये प्रदान किए गए हैं।पुलिस के अनुसार कांकेर जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' और सुकमा पुलिस के चलाये जा रहे ''नियद नेल्ला नार'' और अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते दबाव के फलस्वरूप नक्सली लगातार आत्मसमर्पण कर रहे हैं। आज आत्मसमर्पित करने वाली नक्सली 60 वर्षीय ममता उर्फ शांता तेलंगाना की निवासी है। यह वर्ष 2011 में ग्राम सुलंगी पुलिस-नक्सली मुठभेड़ शामिल थी, जिसमें बीएसएफ के 2 जवान बलिदान हुए और 2 नक्सली मारे गए थे। वर्ष 2015 में ग्राम मेटाबोदेली (चारगांव) में माईंस और आगजनी की वारदात, ग्राम गुदुंल में पंचायत चुनाव के दौरान आईईडी विस्फोट, जिसमें पुलिस के 2 जवान बलिदान में भी वह शामिल रही है। वर्ष 2018 में ग्राम महला कैम्प पर हमला, वर्ष 2019 में ग्राम कागबरस और चिलपरस में वाहनों में आगजनी की वारदात में शामिल थी। आत्मसमर्पित 20 वर्षीय नक्सली दिनेश मट्टामी नारायणपुर निवासी है। वह वर्ष 2024 में ग्राम हिदूर में सड़क निर्माण में लगे वाहनों में आगजनी की वारदात में शामिल रहा है जबकि 27 वर्षीय नक्सली आयतु राम पोटाई निवासी कांकेर, वर्ष 2020 में ग्राम महला मंदिर टेकरी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ और वर्ष 2023 में ग्राम आलदण्ड और बिनागुण्डा के बीच जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल रहा है। 25 वर्षीय नक्सली इतवारीन पद्दा कांकेर का निवासी है। वह वर्ष 2018 में महला कैम्प पर हमला शामिल था। इसमें बीएसएफ के 2 जवान घायल हुए थे। वर्ष 2020 में ग्राम पतकालबेड़ा में मुठभेड़ की वारदात जिसमें 03 नक्सली मारे गए थे, में शामिल था। 23 वर्षीय नक्सली संजय नरेटी कांकेर का निवासी है। वह वर्ष 2023 में ग्राम आलपरस में गाड़ियों में आगजनी, वर्ष 2023 में ग्राम गोमें में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल रहा है। इसके अतिरिक्त वह वर्ष 2024 में ग्राम काकनार में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल रहा है, जिसमें रावघाट एसी सदस्य राजू उर्फ सुनील कलमू मारा गया और कमांडर जग्गू गोटा घायल हो गया था। 24 वर्षीय नक्सली सगनु राम आंचला कांकेर का निवासी है। वह वर्ष 2020 में ग्राम पतकालबेड़ा में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल, वर्ष 2023 में ग्राम गोमें में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ और वर्ष 2023 में ग्राम आलपरस में 12 गाड़ियों में आगजनी वारदात में शामिल रहा है। 50 वर्षीय नक्सली जमुना नेताम उर्फ नीरा भी कांकेर का निवासी है। वह वर्ष 2007 में ग्राम भुस्की और मिचगांव मोड़ पर एम्बुश की घटना, जिसमें पुलिस के 5 जवानों का बलिदान हुआ और 18 जवान घायल हुए, में शामिल रहा है। वह वर्ष 2020 में ग्राम महला मंदिर टेकरी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ तथा वर्ष 2023 में ग्राम आलदण्ड और बिनागुण्डा के बीच जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल रहा है। इस मुठभेड़ में नक्सली सदस्य सुनीता मारी गई थी।

# सत्य की खोज ही सनातन है : ऋतेश्वर जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। ऋतेश्वर जी महाराज संत परंपरा में रहने के बावजूद प्रेरक वक्ता, लेखक, आध्यात्मिक गुरू और मार्गदर्शक भी हैं। भारत के साथ-साथ देश-विदेश में 'राधा-माधव महोत्सव' के जरिए लोगों को मार्गदर्शन करने का काम भी करते हैं। इनका धर्म और विज्ञान के समन्वय पर काफी जोर होता है। पेश हैं उसके प्रमुख अंश...

**महाकुम्भ क्या है? प्रयागराज महाकुंभ किस तरह लोगों को आध्यात्मिक संदेश दे रही है?**

उत्तर- प्रयागराज में लगने वाला महाकुम्भ बृहस्पति ग्रह से जुड़ा है। ज्योतिष के मुताबिक जब बृहस्पति ग्रह वृषभ राशि में प्रवेश करता है और सूर्य मकर राशि में होता है,तब प्रयागराज में महाकुम्भ का आयोजन होता है। सूर्य की स्थिति दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर हो तभी यह स्थिति बनती है। इसका आध्यात्मिक संदेश है कि मूल में हम सब एक हैं। जीवन संगम का नाम है। दुख-संताप से पीड़ित मानव आनंद की ओर जाए। क्योंकि हम जड़ में आनंद स्वरूप ही हैं। मेल-मिलाप,उत्सव,आध्यात्मिक उन्नति,सत्य,ज्ञान,दान का मिश्रण ही महाकुम्भ है। इन्हें हम जीवन में आत्मसात करें यही महाकुम्भ का संदेश रहता है।

**जो व्यक्ति धर्म-ज्योतिष को नहीं मानते, उसे कैसे समझा पाएंगे कि महाकुम्भ के क्या निहितार्थ हैं?**

उत्तर- आप अगर इसे जानने-समझने में सक्षम नहीं हैं तो इतना जान लीजिए कि एक व्यक्ति के शरीर में 70 प्रतिशत जल तत्व है। मस्तिष्क में तो 90 प्रतिशत तक है। ज्योतिष में चंद्रमा को मन का देवता माना गया है। पूर्णिमा के दिन समुद्र में उठ रहे ज्वार भाटा की वजह-चंद्रमा है। तो क्या शरीर के दो तिहाई भाग (जल तत्व) पर चंद्रमा का कोई प्रभाव नहीं पड़ता होगा। अवश्य पड़ता है। इसीलिए मैं शुरू से कहता रहा हूं कि धर्म को आस्था से ज्यादा तर्क और विज्ञान की कसौटी पर कसा कीजिए। बात प्रमाणित लगे तो मानिए अन्यथा की स्थिति में आप स्वतंत्र हैं।

**कई लोग इसे बस यूं ही मानते हैं?**

उत्तर- मानते होंगे। विधर्मी किस काल, युग में नहीं रहे हैं। जिन्हें इसकी समझ नहीं होगी वे घृणा के पात्र नहीं है। बल्कि वह तो बेचारा है। इसे सही ढंग से समझना होगा। उन्हें सही ढंग से समझाना होगा। समझ बनेगी तब ही स्वीकार्यता होगी। जानोगे तभी मानोगे। सोना को आप पीतल कह दो। फिर बेच दो। अगला खरीद भी लेगा। लेकिन इससे सोना क्या पीतल हो जाएगा? नहीं ना। तो फिर नासमझों को जो समझना है समझने दीजिए। हमारा काम है सोना को सोना बतलाते रहना।

**महाकुम्भ में आने वाली भीड़भाड़ कैसे संतुलित रहती है?**

उत्तर- यह तो शोध का विषय है। एक होता है अनुशासन। एक होता है आत्मानुशासन। अनुशासन सरकार नियंत्रित होती है। आत्मानुशासन समाज नियंत्रित होता है। व्यक्ति स्वयं में अनुशासित होते हैं। इसीलिए सब कुछ संतुलित दिखता रहता है। यह भीड़ तो है पर भाड़ नहीं है। सभी का एक उद्देश्य होता है-आध्यात्मिक उन्नति। जहां धर्म, अध्यात्म होगा वहां प्रकृति वश सब कुछ नियंत्रित रहेगा। मानव का यह स्वभाव है, परम के आगे नतमस्तक रहना। यही विनम्रता सब कुछ संतुलित रखती है।



**भारत में वर्णाश्रम की बात की गई है। आधुनिक समय में इसे खारिज किया जाता है। इसे सभी समस्याओं का जड़ भी बताया जाता है। सच्चाई क्या है?**

उत्तर- सच्चाई यह है कि ऐसा बोलने-समझने वाले लोग नासमझ हैं। धूर्त भी हो सकते हैं। इस संसार में सभी की जाति है। यथा- पशुजाति, पक्षीजाति, केंचुए की जाति, सरीसृप की जाति, इसी तरह मानव भी एक जाति है। इससे ज्यादा कुछ भी नहीं पर इससे कुछ कम भी नहीं। मानव जीवन यापन हेतु अलग-अलग काम करता है। यही काम मानव की पहचान बन जाती है। जैसे चिकित्सक को डॉक्टर साहब बोलते हैं, फिर नाम कुछ भी हो। विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले को प्रोफ़ेसर साहब। तो क्या डॉक्टर प्रोफ़ेसर से कम या ज्यादा मान्य हैं। अरे मूर्ख तो वे लोग हैं जो तुलना करके एक को बड़ा और दूसरे को छोटा सिद्ध करने में लगे रहते हैं। यह धूर्त राजनीतिज्ञों की वजह से हुआ है। समाज और व्यक्ति को आज भी इन चीजों से कोई परेशानी नहीं है। बस समझ ठीक होनी चाहिए।

**वर्तमान समय में लोग इतना हताश-निराश क्यों हो गए हैं?**

उत्तर- सही सवाल पूछा आपने। आप अपना मूल स्वभाव छोड़ देंगे। जड़ से कट जाएंगे तो क्या आप बचे और बने रहेंगे। नहीं ना। बस यही हुआ है। व्यक्ति ने भौतिक विकास तो बहुत किया है पर नैतिक विकास का क्या। सुविधा के नाम पर समय बचा रहे हैं पर लोगों से पूछिए तो कहेंगे मरने की भी फुर्सत नहीं है। यह नया दौर मानव को लील लिया है। आपको आश्चर्य होगा कि विश्व में 88 प्रतिशत, भारत में 74 प्रतिशत और विश्व के सबसे ज्यादा विकसित देश अमेरिका में तो 90 प्रतिशत लोग मानसिक रूप से बीमार हो चले हैं। शांति गंवा दी है। जे. कृष्णमूर्ति से किसी ने पूछा- विकास क्या है? उन्होंने पलट कर पूछा किसका विकास! बाहर का या अंदर का? हमने वाह्य उन्नति खूब की है। पर अंदर से खोखले हो गए हैं। इसीलिए तो महाकुम्भ आयोजित हो रहा है। खाली आए हो अंदर से भरकर जाओ। समस्या खत्म हो जाएगी।

**सनातन क्या है?**

उत्तर- सत्य की खोज ही सनातन है। मैं कौन हूं? जानने की यात्रा सनातन है। जिसका न तो शुरुआत पता है ना अंत पता है, वह सनातन है। लेकिन यह तो हुआ आध्यात्मिक व्याख्या। दुनियावी शब्दावली में सत्य ही सनातन है और सनातन ही सत्य है।

**आधुनिक शिक्षा पर क्या कहेंगे?**

उत्तर- क्या कहना। परिणाम और रुझान आना शुरू हो गया है। मैं विज्ञान विरोधी नहीं हूं। धर्म और विज्ञान का तालमेल ही संसार को बचाएगा। इसके असंतुलन का ही परिणाम है अशांति। फिर वह दैहिक, भौतिक या आध्यात्मिक हो। सभी को अपने गिरफ्त में ले लेता है। भारत को पीलिया का बीमारी हो गया है। प्रेमवश हम शुद्ध घी पिलाने लगे। मरना तो तय है। पहले रोग का इलाज होना चाहिए। जो यह समझेगा, वही बच पाएगा या बचा पाएगा। मैकाले शिक्षा ने पूरा बर्बाद कर दिया। आज नासा बताता है, सूर्यग्रहण, चंद्रग्रहण कब लगेगा। सुदूर गांव में बैठा व्यक्ति पंचांग देखकर हजारों सालों से बताता आ रहा है कि यह कब लगेगा। आप कहें तो ठीक मैं कहा तो गलत। पर सत्य का क्या? इसकी परवाह किसे है। जो संस्कृत जर्मनी के चौदह विश्वविद्यालय में पढ़ाया जा रहा है, उसकी डिकोडिंग की जा रही है। उसके साथ भारत में क्या हो रहा है। जिसकी संस्कृति में संस्कृत घुला-मिला पड़ा है। वह वहीं तिरस्कृत भाव से कहीं एक कोने में पड़ा हुआ है। हमें विश्व गुरु बना है तो वापस मुड़ना होगा। वरना हम सिर्फ अनुयायी बनकर रह जाएंगे। अगुआ की भूमिका खत्म हो जाएगी।

**धर्मांतरण क्या है?**

उत्तर- इसके मुख्य कारण भ्रष्टाचार है। यह धर्मांतरण नहीं लोभांतरण है। किसी के मजबूरी का फायदा उठाकर धर्म परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए। धर्मांतरण कुछ भी नहीं है, यह झंडा और डंडा का मामला है। संख्या बढ़ा लेने से कोई भी व्यक्ति धार्मिक नहीं हो सकता। कोई भी संगठन धार्मिक नहीं घोषित हो जाता। इससे बचा जाना चाहिए।

## दिल्ली/बिहार/पंजाब

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में 13,766 मतदान केंद्रों पर वोट डालेंगे 1.56 करोड़ मतदाता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान होना है। इसके लिए चुनाव आयोग और प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। दिल्ली में एक करोड़ 56 लाख 14 हजार मतदाता हैं। इनके लिए आयोग ने 13,766 मतदान केंद्र बनाए हैं। इसके अलावा 8 फरवरी को होने वाली मतगणना 11 जिलों में 19 गणना केंद्र बनाए गए हैं। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर एलिस वाज़ ने शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़ी तैयारी के बारे में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 5 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए कुल 13,766 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा 733 सहायक मतदान केंद्र भी तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में मतदाताओं की कुल संख्या एक करोड़ 56 लाख 14 हजार है। इनमें से 83 लाख 76 हजार 173 पुरुष और 72 लाख 36 हजार 560 महिला मतदाता हैं। इसके अतिरिक्त 1,267 ट्रांस्जेंडर मतदाता, 12,736 सेवा मतदाता और 79,885 दिव्यांग मतदाता हैं। वहीं पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं की संख्या 2,39,905 है। उन्होंने बताया कि ईपीआईसी (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड) वितरण के लिए एक निर्धारित एसओपी बनाया गया है।

## रक्सौल हवाई अड्डा निर्माण के लिए बाधा सीमा सतह सर्वेक्षण हुआ शुरू

**■ तीन सदस्यीय समिति करेगी सर्वेक्षण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने रक्सौल हवाई अड्डे के निर्माण को लेकर कवायद शुरू कर दिया है।

निर्माण को लेकर प्राधिकरण ने त्रि-स्तरीय समिति का गठन करते हुए बाधा सीमा सतह सर्वेक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। बताया गया है कि किसी भी हवाई अड्डे के निर्माण से पहले एक यह सर्वेक्षण एक आवश्यक प्रक्रिया होती है, जिसके तहत आसपास के क्षेत्रों में भौगोलिक परिस्थितियों, संभावित अवरोधों और सुरक्षा मानकों की जांच की जाती है। इस सर्वेक्षण से ही यह सुनिश्चित होगा कि हवाई अड्डे के रनवे और अन्य सुविधाओं



के निर्माण में किसी प्रकार की रुकावट तो पैदा नही होगी,ताकि विमानों की आवाजाही सुरक्षित सुनिश्चित किया जा सके। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकर ने इस सर्वेक्षण के सुचारू संचालन और निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए त्रि-स्तरीय समिति का गठन किया है।जो हवाई अड्डे के संभावित स्थान का विस्तृत अध्ययन करने के साथ ही आसपास के निर्माणों और संरचनाओं का विश्लेषण और पर्यावरणीय और सुरक्षा मापदंडों का भी विस्तृत अध्ययन करेगी।उल्लेखनीय है,कि भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित पूर्वी चंपारण जिले का रक्सौल शहर एक महत्वपूर्ण व्यवसायिक केंद्र है।जहां इंटीग्रेडेट चेक पोस्ट के साथ इससे सटे वीरगंज शहर के खलवा सिरसिया में ड्राई पोर्ट भी बनाया गया है। ऐसे में रक्सौल में हवाई अड्डे के निर्माण से न केवल बिहार और नेपाल के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। यहां के स्थानीय नागरिकों में भी हवाई अड्डा निर्माण को लेकर खासा उत्साह है।लोगो ने बताया कि हवाई अड्डा बनते ही इस क्षेत्र के आर्थिक विकास को पंख लग जायेगे।भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियो ने बताया कि ओएलएस सर्वेक्षण की रिपोर्ट मिलते ही रक्सौल हवाई अड्डे का विस्तृत डिजाइन और निर्माण योजना पर कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

## कांग्रेस को मिल रहे समर्थन से डरे केजरीवाल : संदीप दीक्षित

नई दिल्ली। नई दिल्ली विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने गुरुवार को एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल चुनाव में कांग्रेस को मिल रहे समर्थन से डरे हुए हैं। दीक्षित ने कहा कि इस बात कि पुष्टि केजरीवाल के गुरुवार को जारी वीडियो से हो रही है। इसमें केजरीवाल कह रहे हैं कि उनके पास कुछ कांग्रेस के मतदाता आए थे, जो भाजपा को जितवाना चाहते हैं। जबकि केजरीवाल अपनी जनसभाओं में कहते रहते हैं कि कांग्रेस का कोई मतदाता नहीं है, अगर ऐसा है तो आपको कांग्रेस के मतदाता कहां से मिलने लगे? ऐसे में अगर कांग्रेस को वोट मिलने लगे हैं, तो आप डरने क्यों लगे ? संदीप दीक्षित ने दावा किया कि आज दिल्ली का मतदाता आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी से टूटकर कांग्रेस की ओर आ रहा है।

## सिलेंडर का पाईप लीक होने से घर में लगी आग

भागलपुर। जिले में नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत मक्कातकिया वार्ड संख्या-19 नगर परिषद नवगछिया स्थित शकुंतला देवी पति मनोहर शाह के मकान में शुक्रवार की सुबह 8:00 बजे सिलेंडर में लगे पाईप के लीक होने से घर में आग लग गई। इस घटना में घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई। तत्काल ग्रामीणों की सूझबूझ से आग पर काबू किया गया। आग को बुझाने के कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की टीम आकर आग पर पूर्णतः काबू पाया। बताया जा रहा है कि शकुंतला देवी अपने घर में रोज की दिनचर्या की तरह खाना बनाने गई थी। जैसे ही गैस चूल्हा को जलाया अचानक गैस सिलेंडर की पाइप में आग लग गई। देखते-देखते आग पूरी तरह से बेकाबू हो गया। जिससे घर में उपस्थित राशन का सामान एवं जरूरत के कपड़े फर्नीचर पूरी तरह से जलकर राख हो गए।

## मेवालाल फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित, विजेता टीम को मिला पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। नवादा जिले के हिसुआ स्थित इंटर विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को स्व.मेवालाल फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया ,जिसमें लड़के एवं लड़कियों की फुटबॉल टीम में रोमांचक मुकाबला हुआ। इसमें मुख्य अथिति के रूप में आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन के बिहार प्रदेश सचिव सुनील कुमार ने उद्घाटन किया।मैदान में उपस्थित खिलाडियों से परिचय लिया और उन्हें शुभकामना दी। खेल समापन के बाद सुनील कुमार के हाथों विजेता एवं उपविजेता टीम को मेडल एवं मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। लड़के एवं लड़कियों के बीच चल रहे फूटबॉल मैच को देखने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे थे।



दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया ,हालांकि इस मैच में लड़कों की टीम ने 04 गोल किया और लड़कियों की टीम ने 01 गोल किया। इस प्रकार लड़कों की टीम ने यह मुकाबला को 04- 01से जीत हासिल किया। मैच रेफरी के रूप में पूर्व फूटबॉल खिलाड़ी आयोजक प्रमेंद्र यादव थे। आयोजक प्रमेन्द्र यादव ने बताया कि सभी बच्चियां सीवान स्थित एकलव्य आवासीय खेल प्रशिक्षण संस्था से खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। यह सभी बच्चियां हिसुआ एवं आसपास की है। बच्चियां छुट्टी में अपने घर आयी थी ,और आज उन्हें पुनः वापस लौटना था। जिसके उपलक्ष्य में आज लड़कों के साथ लड़कियों का फूटबॉल मैच कराया है। इस मैच में लड़कों की टीम में ऋतुराज कुमार ,वैभव राज ,अमन कुमार ,युवराज कुमार ,पीयूष कुमार ,अंकुश कुमार ,हर्ष कुमार ,कन्हैया कुमार बादल ,आयुष कुमार एवं लड़कियों के तरफ से मुस्कान कुमारी ,निक्की कुमारी ,नाजुक कुमारी ,राजनंदनी कुमारी ,पूजा कुमारी ,पिंकी कुमारी ,ईशा कुमारी ,काजल कुमारी ,नैना कुमारी ,चांदनी कुमारी एवं रिया कुमारी ने मैच खेला।

## पंजाब के फिरोजपुर में पिकअप-कैंटर की टक्कर, नौ की मौत, 11 घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के फिरोजपुर में आज सुबह पिकअप और कैंटर की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 11 लोग घायल हो गए। घायल व्यक्तियों में पांच की हालत गंभीर है। यह हादसा फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर गांव मोहन के उताड़ के पास हुआ। पिकअप में 25 से ज्यादा मजदूर सवार थे। इंस्पेक्टर जसविंदर सिंह बराड़ ने कहा कि यह हादसा संभवतः धुंध के कारण हुआ। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। मजदूर फिरोजपुर से देहात एरिया की ओर जा रहे थे। जिला उपायुक्त दीप शिखा शर्मा ने नौ लोगों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही तुरंत पांच एंबुलेंस भेजी गईं। घायलों में से 10 को मेडिकल कॉलेज फरीदकोट और एक को जलालाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी शव जलालाबाद अस्पताल में रखे गए हैं।

## एकचारी और घोघा स्टेशन के बीच आरएच गर्डर लॉन्चिंग का सफल समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। मालदा मंडल पूर्वी रेलवे मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सुरक्षित और निर्बाध परिचालन के लिए रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने का काम जारी रखे हुए है। एक महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धि में, मंडल ने शुक्रवार को एकचारी और घोघा स्टेशन के बीच किमी 280/8-9 पर एक अतिरिक्त उद्घाटन के सिलसिले में आरएच (प्रतिबंधित ऊंचाई) गर्डर को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। मालदा मंडल की व्यापक बाढ़ शमन रणनीति का एक हिस्सा यह महत्वपूर्ण कार्य, 01:00 बजे से 05:00 बजे तक निर्धारित ब्लॉक के दौरान कुशलतापूर्वक निष्पादित किया गया। जिससे यह प्रक्रिया केवल चार घंटे के भीतर पूरी हो गई। मंडल ने कहलगांव और जमालपुर के बीच सात अतिरिक्त आरसीसी बॉक्स ब्रिज बनाने की योजना बनाई है। जहां गंगा नदी रेलवे ट्रैक के सबसे करीब बहती है। जिससे मानसून के दौरान यह टूट सकता है। इनमें से पांच पहले ही पूरे हो चुके हैं। दो लैलाख और सबौर के बीच और तीन सुल्तानगंज-जमालपुर सेक्शन में। आज लॉन्च किया गया आरएच गर्डर इस तरह का छठा उद्घाटन है। जिसमें सटीकता सुनिश्चित करने के लिए एयर-पुशिंग विधि का उपयोग किया गया है। पूरा पुल निर्माण एक सप्ताह के भीतर पूरा हो जाएगा। जिसमें 3 से 4 घंटे के छोटे-छोटे ब्लॉकों की सावधानीपूर्वक योजना बनाई जाएगी। जिससे ट्रेन संचालन में व्यवधान कम होगा और ट्रैक सुरक्षा में काफी सुधार होगा। खासकर मानसून के दौरान। मालदा मंडल सक्रिय बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे यात्रियों और माल ढुलाई के लिए सुरक्षित और अधिक लचीला रेलवे संचालन सुनिश्चित होता है।

## पंजाब के शंभू बॉर्डर पर किसान की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान शुक्रवार तड़के एक और किसान की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। इस घटना के बाद किसान भड़क गए और काफी देर तक सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। मृतक किसान की शिनाख्त अमृतसर जिले के गांव कक्कड़ निवासी प्रगट सिंह के रूप में हुई है। यह किसान दो एकड़ जमीन का मालिक था। उसके दो बच्चे हैं। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। इस बीच किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन जारी है।

## सिलेंडर का पाईप लीक होने से घर में लगी आग

**भागलपुर।** जिले में नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत मक्कातकिया वार्ड संख्या-19 नगर परिषद नवगछिया स्थित शकुंतला देवी पति मनोहर शाह के मकान में शुक्रवार की सुबह 8:00 बजे सिलेंडर में लगे पाईप के लीक होने से घर में आग लग गई। इस घटना में घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई। तत्काल ग्रामीणों की सूझबूझ से आग पर काबू किया गया। आग को बुझाने के कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की टीम आकर आग पर पूर्णतः काबू पाया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063